सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-02 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 20 जून 2024
13 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# हज यात्रा के दौरान 645 लोगों की मौत

## हीट वेव

- 60 से अधिक भारतीयों की गई जान
- लावारिस शवों की पहचान में जुटे परिजन



**मक्का।** भीषण गर्मी और चिलमिलाती धूप के बीच हज यात्रियों की मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है। हीटस्ट्रोक के कारण अब तक 645 यात्रियों की मौत हो गई है। इसमें 60 से अधिक भारतीय भी शामिल है। हालांकि, सऊदी अरब ने तीर्थयात्रा के दौरान हुई भीषण गर्मी के कारण मरने वालों की संख्या पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं, मक्का के अल-मुआइसम पड़ोस में आपातकालीन परिसर में सैकड़ों लोग अपने लापता परिवार के सदस्यों की जानकारी प्राप्त करने की कोशिश में कतार में खड़े हुए है। सऊदी अरब में एक राजनयिक ने बताया कि हमने करीब 68 लोगों की मौत की पुष्टि की है कुछ की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है और हमारे साथ कई बुजुर्ग तीर्थयात्री भी थे। कुछ की मौत मौसम की वजह से हुई है, ऐसा हमारा अनुमान है। पांच दिवसीय हज के दौरान कम से कम 645 लोगों की जान गई है। पहले से ही, कई देशों ने कहा है कि उनके कुछ तीर्थयात्रियों की मौत मक्का के पवित्र स्थलों पर पड़ने वाली गर्मी के कारण हुई, जिसमें जॉर्डन और ट्यूनीशिया भी शामिल हैं। सऊदी नेशनल सेंटर फॉर मेटेरोलॉजी के अनुसार, मंगलवार को मक्का और शहर के आसपास के पवित्र स्थलों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस (117 डिग्री फ़ारेनहाइट) तक पहुंच गया। शैतान को प्रतीकात्मक रूप से पत्थर मारने की कोशिश करते समय कुछ लोग बेहोश भी हुए।

### कैबिनेट बैठक : किसानों के लिए मोदी सरकार की सौगात

# 14 खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ी

**117** रुपये एमएसपी बढ़ाकर 2300 की

- सरकार प्रतिवर्ष तय करती है एमएसपी
- एमएसपी से सरकार पर दो लाख करोड़ रुपए का बढ़ेगा बोझ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की प्राथमिकता में किसान हैं। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए खरीफ मौसम की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी राजग की तीसरी सरकार ने एक दिन पूर्व अपने पहले फैसले पीएम किसान सम्मान निधि के तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि जारी की थी। इसमें धान, कपास एवं दलहन जैसी फसलें भी शामिल हैं।



किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार प्रतिवर्ष एमएसपी तय करती है। एमएसपी की नई दरें 2024-25 के लिए जारी की गई हैं। कैबिनेट की बैठक के बाद बुधवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान के एमएसपी में प्रति क्विंटल 117 रुपये वृद्धि गई है। अब किसान अपना धान 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बेच सकते हैं। नए एमएसपी पर दो लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। एमएसपी से सरकार पर दो लाख करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। वहीं कपास का नया एमएसपी 7,121 रुपये होगा। इसकी एक अन्य किस्म का एमएसपी 7,521 रुपये होगा। यह पहले से 501 रुपये ज्यादा है। तिल 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर दाल 550 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। एमएसपी वह निर्धारित मूल्य होता है जो किसानों को उनकी उपज की लागत की तुलना में लगभग डेढ़ से गुना ज्यादा होता है।

**550** रुपए तुअर दाल में इजाफा

### दो लाख नए गोदाम बनाने का फैसला

यह पिछले फसल सीजन की तुलना में 35 हजार करोड़ रुपये ज्यादा होगा। 2004-14 की तुलना करें तो मोदी के कार्यकाल में हर फसल पर ज्यादा खरीद की गई। पैदावार की सुरक्षा की चिंता करते हुए सरकार ने पंचायत स्तर पर दो लाख नए गोदाम बनाने का फैसला किया है। वैष्णव ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि की सिफारिश तिलहन एवं दालों के लिए की गई है। धान की फसल का एमएसपी 117 रुपये बढ़ाया गया है।

### एस जयशंकर आज श्रीलंका के दौरे पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर बृहस्पतिवार को श्रीलंका के दौरे पर जायेंगे। लगातार दूसरी बार विदेश मंत्री बनने के बाद यह उनका पहला द्विपक्षीय विदेश दौरा होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत की 'पड़ोसी प्रथम नीति' की पुष्टि करती है तथा श्रीलंका के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, क्योंकि यह देश उसका ''निकटतम'' समुद्री पड़ोसी है और समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला दोस्त है। मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा से दोनों देशों के बीच संपर्क परियोजनाओं एवं अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को गति मिलेगी। जयशंकर पिछले सप्ताह इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। दूसरे कार्यकाल के लिए 11 जून को विदेश मंत्री का पदभार संभालने के बाद जयशंकर की यह श्रीलंका की यात्रा पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी।

# दिल्ली जल संकट : हक का पानी नहीं मिला तो अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठूंगी: आतिशी

## लापरवाही

- आतिशी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र
- कई इलाकों में पानी की किल्लत, अस्पतालों में भी संकट छाया



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी का जबरदस्त संकट पैदा हो गया है। दिल्ली में क्या आम और क्या खास, हर इलाके में पानी की किल्लत बढ़ गई है। इसे लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली को उसके हक का पानी नहीं मिला तो 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठूंगी। आतिशी ने बताया कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी लिखकर विनम्र निवेदन किया है कि वो दिल्ली के लोगों को पानी दिलवाएं, चाहे हरियाणा से पानी दिलवाएं या कहीं और से लेकिन किसी भी तरह से पानी दिलवाएं। अगर 21 जून तक दिल्ली को अपने हक का 100 एमजीडी पानी नहीं मिला तो मुझे पानी के लिए सत्याग्रह शुरू करना पड़ेगा। मैं 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठूंगी जबतक दिल्ली वालों को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता। पूर्वी दिल्ली की कई कॉलोनियों में दो-तीन दिन से पानी नहीं आ रहा। विनोद नगर, मंडावली, गणेश नगर समेत कई इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचा है। इधर, नई दिल्ली में गोल मार्केट, बंगाली मार्केट, तिलक मार्ग, संसद भवन, सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट और न्यायाधीशों के बंगलों में भी पानी की सप्लाई कम हो गई है। आरएमएल, कलावती और लेडी हार्डिंग जैसे अस्पताल भी पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड पिछले कई दिन से एनडीएमसी क्षेत्र में कम पानी दे रहा है। वजीराबाद प्लांट से पानी की सप्लाई बंद कर दी है, जिसके कारण आरएमएल, लेडी हार्डिंग जैसे कई बड़े अस्पतालों को पानी की आपूर्ति करने से परेशानी हो रही है।

### बारामूला में दो आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में बुधवार को मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादी मारे गए और एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। बारामूला के सोपोर इलाके में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोपोर के हादीपोरा में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने रविवार रात जिले के अरागाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी करने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। बांदीपोरा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया।

# अलीगढ़ में मॉब लिंचिंग के बाद बवाल

## साजिश

- पिटाई से युवक की मौत के बाद बढ़ा तनाव, सड़क पर उतरे लोग
- पुलिस के सामने युवकों ने बरसाए पत्थर



**अलीगढ़।** गांधीपार्क क्षेत्र के मोहल्ला रंगरेजान मामू भांजा में कपड़ा व्यापारी के घर में घुसे युवक की पीट-पीटकर हत्या के बाद तनाव पैदा हो गया है। पुलिस द्वारा चार लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में हिंदुओं ने मामू भांजा बाजार बंद कर दिया।

व्यापारियों ने कहा, कि पुलिस ने व्यापारियों की गिरफ्तारी गलत तरीके से की है। दूसरी तरफ मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके स्वजन को सौंप दिया। तनाव को देखते हुए ऊपरकोट, सब्जी मंडी बाजार इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बुधवार सुबह जब मृतक का शव लाया गया तो हंगामा और बवाल की आशंका पर भारी पुलिस तैनात थी। इसी दौरान ऊपर कोट पर पथराव कर दिया। आरोप है कि कुछ युवकों ने पत्थर फेंके हैं। पुलिस ने मौके से उन्हें खदेड़ दिया। वहीं पत्थरों को भी हटाया गया है। मदार गेट की हंडे वाली गली की मस्जिद पर किसी ने पत्थर फेंके हैं। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस द्वारा व्यापारियों को गिरफ्तार करने के बाद मामू भांजा, राधा मोहन मंदिर के पीछे मकन व दुकानों पर व्यापारियों ने पलायन के पोस्टर भी लगा दिए हैं। मंगलवार देर रात मामू भांजा मोहल्ला रंगरेजान निवासी मुकेश चंद्र मित्तल के घर में झीने के रास्ते से एक युवक घुस रहा था। तभी शोर मचाने पर लोगों ने उसे दबोच लिया। इसके बाद चोरी के शक में युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। घटना का एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें कुछ लोग उसे पीटते दिख रहे हैं। पुलिस के आने पर युवक बेहोश हो गया। दारोगा ने उसे कंधे पर कंधे पर उठाया और गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया।

# हिजाब पर प्रतिबंध मुसलमानों के खिलाफ नहीं: बाम्बे हाईकोर्ट

## याचिका

- ड्रेस कोड का हिस्सा है हिजाब
- कालेज की हाईकोर्ट में दलील



**मुंबई।** शहर के एक कॉलेज में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पर प्रतिबंध के मामले में यह दलील दी गई है कि यह मुस्लिम के खिलाफ नहीं बल्कि ड्रेस कोड का हिस्सा है। कालेज की तरफ से बुधवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में यह दलील दी गई कि कालेज परिसर में हिजाब, नकाब और बुर्का पर प्रतिबंध केवल एक समान ड्रेस कोड लागू करने के लिए था। इसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाना नहीं था। वहीं, अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। 26 जून के इस मामले में फैसला सुनाया जाएगा। मुंबई के चेंबूर ट्रांबे एज्युकेशन सोसाइटी के एन.जी. आचार्य और डी के मराठे कालेज की तरफ से छात्रों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया था जिसमें हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी को बैन कर दिया गया है। कॉलेज के ड्रेस कोड लागू करने के बाद नौ छात्राओं ने हाईकोर्ट का रुख किया और कॉलेज के फैसले को चुनौती दी थी। डिग्री कालेज में दूसरे और तीसरे वर्ष के विज्ञान संकाय डिग्री के संकाय के छात्रों ने याचिका दायर कर कहा है कि यह नियम उनके धर्म का पालन करने के मौलिक अधिकार, निजता के अधिकार और पसंद के अधिकार का उल्लंघन करता है।

# आग किताबें जला सकती है, ज्ञान नहीं: मोदी

## विकास

- पीएम मोदी ने नालंदा विवि के नए परिसर का किया उद्घाटन
- बोधि वृक्ष भी लगाया
- भारत शिक्षा अभियान का केंद्र बनेगा



**नालंदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार दौरे पर नालंदा विश्वविद्यालय नवीन परिसर का उद्घाटन किया। बिहार के राजगीर में नए परिसर के उद्घाटन के बाद करीब 800 साल बाद इस विश्वविद्यालय का गौरव लौटा है।

इस शुभ अवसर पर पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और 17 देशों के राजदूत, संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे तीसरे कार्यकाल की शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का अवसर मिला है। ये मेरा सौभाग्य तो है ही, मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संदेश के रूप में देखता हूं। आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा, नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है, एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकती। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रहा है। पीएम ने कहा, अपने प्राचीन अवशेषों के करीब नालंदा का नवजागरण ये नया कैंपस विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा। नालंदा बताएगा जो राष्ट्र मजबूत मानवीय मूल्यों पर खड़े होते हैं वो राष्ट्र इतिहास को पुनर्जीवित करके बेहतर भविष्य की नींव रखना जानते हैं। नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है। इसमें विश्व के एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है। प्राचीन नालंदा में बच्चों का प्रवेश उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देख कर नहीं होता था।

### 17 देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य शामिल

नालंदा विश्वविद्यालय की परिकल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन देशों के बीच संयुक्त सहयोग के रूप में की गई। इस उद्घाटन समारोह में 17 देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य शामिल हुए। राजगीर की पंच पहाड़ियों में शुमार वैभारगिरि की तलहटी में नए नालंदा विश्वविद्यालय का निर्माण हुआ है। नालंदा विश्वविद्यालय के नये परिसर का निर्माण 455 एकड़ के विशाल भूखंड पर किया गया है।

# शिक्षा मंत्रालय का बड़ा एक्शन यूजीसी-नेट परीक्षा रदद

## निर्देश

- केंद्र सरकार ने जांच सीबीआई को सौंपी
- पेन-पेपर मोड में हुआ था एग्जाम



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने की घोषणा की है। प्रथम दृष्टया गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया है।मेडिकल इंट्रेंस परीक्षा रिजल्ट का विवाद अभी ठंडा भी नहीं पड़ा है कि शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को भी रद्द करने का एलान किया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूजीसी-नेट परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। सरकार के मुताबिक परीक्षा में गड़बड़ी के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा रही है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, एनटीए ने यूजीसी-नेट परीक्षा 18 जून, 2024 को देश के भिन्न शहरों में दो चरणों में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में आयोजित की थी। 19 जून यानी आज यूजीसी को परीक्षा के लिए गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्टीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से कुछ इनपुट मिले। इन जानकारियों से प्रथम दृष्टया संकेत मिला कि परीक्षा की सत्यनिष्ठा से समझौता किया गया होगा।

**उफ ये गर्मी** — 23 जून से फिर बढ़ेगा तापमान

# भट्‌ठी बनीं दिल्ली, रात भी लगी तपने

- 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट
- गर्मी-लू से सात की मौत
- पीतमपुरा इलाका 45.1 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा



**नई दिल्ली।** देश में मानसून की एंट्री के बीच 11 राज्यों में हीटवेव का दौर जारी है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश के कुछ इलाके, ओडिशा, झारखंड, बिहार और जम्मू डिवीजन के लिए अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली में अभी अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। पिछले 48 घंटे में हीट स्ट्रोक से 7 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 5 मरीज राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज करा रहे थे, वहीं 2 मरीज सफरदरजंग अस्पताल में भर्ती थे। दिल्ली का पीतमपुरा इलाका 45.1 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि पूसा इलाके की रात सबसे गर्म रही। यहां न्यूनतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रिज को छोड़कर अन्य इलाकों में न्यूनतम तापमान 33 डिग्री से ऊपर ही रहा। पालम और आयानगर में अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने बुधवार को आंधी व बारिश की भविष्यवाणी की थी। लेकिन एक दो इलाकों में ही छिटपुट बूंदाबांदी हुई और दिन भर गर्म हवाएं चलती रहीं। वहीं विभाग ने गुरुवार को भी आंशिक बादल छाए रहने, आंधी व हल्की बारिश का अनुमान जताया है। वहीं 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम तापमान 33 डिग्री रहने का अनुमान है। 23 जून से एक बार फिर से तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू होगी और लू की स्थिति फिर बनेगी। इसके लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 23 से 25 जून तक तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 34 डिग्री रहने का अनुमान है। उधर, दिल्ली के 38 अस्पतालों में हर रोज बेहोशी, उल्टी व चक्कर आने के 100 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में कम से कम 10 जगहों पर मंगलवार को तापमान 45 डिग्री या उससे अधिक दर्ज किया गया। देशभर में उत्तर प्रदेश के उरई में सबसे अधिक 46.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। दिल्ली में अधिकतम तापमान 44 डिग्री रहा।


### कल्लाकुरिची में शराब पीने से 10 की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में शराब पीने से 10 लोगों की मौत होने की सूचना है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस मामले में सीबी-सीआईडी जांच के आदेश दिए हैं। जिला कलेक्टर श्रवणकुमार जाटवथ का तबादला कर दिया गया है। एमएस प्रशांत को कल्लाकुरिची जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया है। कल्लाकुरिची के एसपी समयसिंह मीना को निलंबित कर दिया गया है। रजत चतुर्वेदी को नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। कई पुलिस अधिकारियों को भी निलंबित किया गया है। तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में शराब पीने से 10 लोगों की मौत पर सीएम एमके स्टालिन ने इस मामले में सीबी-सीआईडी जांच के आदेश दिए हैं। मामले में जिला कलेक्टर श्रवणकुमार जाटवथ का तबादला कर दिया गया है। एमएस प्रशांत को कल्लाकुरिची जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया है। कल्लाकुरिची के एसपी समयसिंह मीना को निलंबित कर दिया गया है।

# अरविंद केजरीवाल को झटका न्यायिक हिरासत फिर बढ़ी

## मामला

- अभी जेल में ही रहेंगे सीएम केजरीवाल
- पत्र पर संज्ञान लेने का फैसला 9 जुलाई को



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी गई है। इससे पहले अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। वहीं अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत भी 19 जून तक बढ़ा दी थी। शराब नीति मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया था। राजघाट, हनुमान मंदिर और पार्टी नेताओं से मिलने के बाद सीएम केजरीवाल ने आत्मसमर्पण कर दिया था। वहीं इससे पहले राउज एवन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन से जवाब मांगा था।

> कोर्ट में दाखिल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप पत्र में कहा था कि राजधानी में शराब के व्यापार में निवेश करने की एवज में पंजाब के व्यापारियों से भी रिश्वत ली गई थी। उसने यह भी कहा था कि आम आदमी पार्टी (आप) शासित पंजाब के उन व्यापारियों को पड़ोसी राज्य में शराब कारोबार में निवेश नहीं करने दिया गया, जिन्होंने रिश्वत नहीं दी थी। पहली बार धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत किसी राजनीतिक पार्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई निर्धारित तारीख के अनुसार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने आत्मसमर्पण कर दिया था।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 30 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची, राजमिस्त्री, धोबी ट्रेड के लिए टूलकिट एवं प्रशिक्षण के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों व परम्परागत कारीगरों के विकास के लिए प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना उद्योग एवं उद्यम प्रोत्सादन निदेशालय, उप्र (हस्तकला अनुभाग -13 ) कानपुर द्वारा संचालित की गई है। योजनान्तर्गत पारम्परिक कारीगरों के आजीविका के साधनों को मजबूत करते हुए, उनके जीवन स्तर में सुधार लाये जाने के उद्देश्य से जनपद लखीमपुर खीरी के लिए आवंटित ट्रेडों यथा बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची, राजमिस्त्री, धोबी के कारीगरों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in पर 30 जून तक आमंत्रित किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक पारम्परिक कारीगरी क्षेत्र में कार्य करता हो, के चयनोपरान्त लाभार्थी को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान की जायेगी। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### चीनी मिल परिसर में पकड़ा गया 657 घन मीटर अवैध बालू भंडारण

**लखीमपुर खीरी।** जिले के धौरहरा क्षेत्र में हो रहे अवैध बालू खनन की शिकायतों को संज्ञान लेते हुए एसडीएम राजेश कुमार ने बुधवार को खनन अधिकारी के साथ गोविंद शुगर मिल में छापा मारा। चीनी मिल परिसर में 657 घन मीटर अवैध बालू भंडारण पकड़ा गया। चीनी मिल के अधिकारी बालू भंडारण से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। जिस पर एसडीएम राजेश कुमार ने रिपोर्ट जिलाधिकारी सहित खनन विभाग को सौंप दी। गोविंद शुगर मिल में जुवारी ग्रुप की ओर से डिस्टेलरी बनाने का काम चल रहा है। यहां ठेकेदार बिना रॉयल्टी के अवैध बालू खनन कर चीनी मिल परिसर में ही भंडारण कर रहा था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार से की थी। शिकायत पर एसडीएम ने खनन अधिकारी के साथ छापेमारी की तो अवैध खनन कर भंडारण की गई बालू पकड़ी। एसडीएम ने अवैध खनन कर रहे ऐरा गांव निवासी शिवपाल गौतम के विरुद्ध परिवाद दर्ज कराने के निर्देश जारी किया है। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि गोविंद शुगर मिल परिसर में अवैध खनन कर भंडारण की गई 657 घन मीटर बालू पकड़ी गई है।

# किसान दिवसः डीएम ने नलकूप महकमे को लगाई फटकार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में ÷किसान दिवस÷ आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने नलकूप खराबी होने की बात रखी, जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए नलकूप महकमें के अधिकारियों को फटकार लगाई और प्रत्येक दशा में नलकूपों की क्रियाशीलता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए।डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। डीएम ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है।

इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं।डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किसान दिवस का संचालन किया गया।बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, पीपीओ सत्येन्द्र सिंह, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके डा. आर0के0सिंह, कृषि वैज्ञानिक डा.जियालाल एआरसीएस,अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।



## जल्द सुनिश्चित कराए बंद नलकूपों की क्रियाशीलता

किसान दिवस में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद किसानों से राजकीय नलकूप की क्रियाशीलता जानी। इसपर कई किसानों ने तकनीकी खराबी का जिक्र करते हुए अपने गांव के नलकूप खराब होने की बात कही, जिसपर डीएम ने गहरी नाराजगी जाहिर कर नलकूप महकमें के अफसर को कड़ी फटकार लगाई। निर्देश दिए कि खराब नलकूपों की जानकारी नोट करते हुए उनकी क्रियाशीलता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के प्रति प्रशिक्षुओं को किया जागरूक

**सहारनपुर।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिला पूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन 'हर घर जल' योजना अंतर्गत जल गुणवत्ता योजना विषय पर आयोजित गोष्ठी में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए प्रशिक्षकों को जागरूक किया गया।

स्थानीय मानकमऊ स्थित जिला कार्यालय पर वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन आफग्रामीण नीडी सोसाइटी, लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्य प्रशिक्षक अभिमन्यु कुशवाहा ने प्रशिक्षुओं को क्षेत्र में होने वाली समस्याओं से कैसे निपटे तथा जनता को शुद्ध पेयजल मुहैया और उसके बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक अहमद सलीम खान, सह जिला समन्वयक अनुराग ओझा, सह जिला समन्वयक आजाद खान, कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश मिश्रा एवं अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

## सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**सहारनपुर।** अम्बेहटा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर व जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्तम सिंह पुनिया ने सफाई मित्रों को गीले व सूखे कूड़े के निस्तारण के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कस्बा अम्बेहटापीर स्थित नगर पंचायत के सभागार में सफाई मित्रों की कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर व जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्तम सिंह पुनिया ने सफाई मित्रों को गीले व सूखे कूडे के बारे में बताते हुए उनके निस्तारण करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया व आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस दौरान वेस्ट टू वंडर पार्क में पौधा रोपण किया गया। अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर ने निर्देश दिये कि लगाये गये पौधो की देखरेख कर उनमें समय से पानी दिया जाये और आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण भी कराया जाये।

# एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना के लिए करें आवेदन

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ''एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना'' वर्ष 2024-25 हेतु लागू की गई है, जिसमें एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हित उत्पाद के समग्र विकास हेतु सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चिन्हित ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद की विभिन्न विधाओं में कार्यरत अथवा कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए आवेदन पत्र कार्यालय-जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रायबरेली में प्राप्त किये जायेंगे। इस जनपद हेतु उत्पाद-वुडेन वर्क ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अंतर्गत चिन्हित किया गया है। उपायुक्त उद्योग ने योजना का वित्त पोषण के बारे में बताया है कि रू0 25.00 लाख तक कुल परियोजना लागत की इकाइयों हेतु कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम रु0 6.25 लाख, जो भी कम हो, मार्जिन मनी के रूप में देय होगी। रू0 25.00 लाख से अधिक एवं 50.00 लाख तक की कुल परियोजना लागत की इकाइयों हेतु धनराशि रू0 6.25 लाख अथवा परियोजना लागत का 20 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, मार्जिन मनी के रूप में देय होगी। रू0 50.00 लाख से अधिक एवं 150.00 लाख तक की कुल परियोजना लागत की इकाइयों हेतु धनराशि रु0 10.00 लाख अथवा परियोजना लागत का 10 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, मार्जिन मनी के रूप में देय होगी। रू0 150.00 लाख से अधिक की कुल परियोजना लागत की इकाइयों हेतु परियोजना लागत का 10 प्रतिशत, अधिकतम रू0 20.00 लाख, जो भी कम हो, मार्जिन मनी के रूप में देय होगी। उद्यम के 02 वर्ष तक सफल संचालन के उपरान्त मार्जिन मनी, अनुदान के रूप में समायोजित की जाएगी। सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों द्वारा परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान के रूप में जमा करना होगा। विशेष श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनु0जन जाति, अन्य पिछड़ी जाति वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं दिव्यांगजन) के लाभार्थियों को कुल परियोजना लागत का 5 प्रतिशत स्वयं के अंशदान के रूप में जमा करना होगा। कुल परियोजना लागत में पूँजी व्यय (भूमि क्रय की लागत को छोड़कर) और कार्यशील पूंजी का एक चक्र शामिल होगा। परियोजना लागत में किराए पर वर्कशाप/वर्कशेड लिए जाने को सम्मिलित किया जा सकता है, परन्तु भूमि क्रय की लागत को परियोजना लागत में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

# साफ-सफाई को लेकर चलाया गया स्वच्छता अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** महिला मंगल दल शाहपुर राजा के तत्वाधान में आज साफ-सफाई को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला मंगल दल की अध्यक्ष श्रद्धा दीक्षित के नेतृत्व में महिला मंगल दल की महिलाओ द्वारा सार्वजनिक स्थानो पर साफ-सफाई की गयी ।दल की कोषाध्यक्ष ज्योति शुक्ला ने ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि जीवाणु व विषाणु जनित तमाम बीमारियां गन्दगी की वजह से समाज में फैलती है बदलते मौसम में संचारी रोग फैलने लगते है जिसका मुख्य कारण गन्दगी है हम सबको स्वयं भी स्वच्छ रहना है तथा आस-पास के लोगो को भी स्वच्छ रखना है ताकि सभी स्वस्थ्य रहें। इस अवसर पर सीमा, निधि, अपर्णा, अंशिका, गौरी, दीपा, शबनम, चांदनी सहित दल की अन्य तमाम महिलाएं उपस्थित रही।

## नशीले पदार्थ 900 ग्राम गांजा के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा अभियुक्त सीताराम पुत्र कालिका नि0ग्राम पूरब बेती थाना ईसानगर को नशीले पदार्थ 900 ग्राम गांजा के साथ सन्डौरा कला-डेबर चौराहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सीताराम उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 249/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## अंकपत्र में जन्म तिथि में हेराफेरी कर कर रहा था नौकरी, 38 साल बाद खुला भेद

**लखीमपुर खीरी।** अंकपत्र में जन्म तिथि में हेराफेरी कर 38 वर्ष पहले जालसाज ने पब्लिक इंटर कॉलेज में नौकरी हथिया ली। वह नौकरी करता रहा लेकिन कुछ दिन पहले भाई से हुए विवाद के बाद भेद खुल गया। आरोपी के भाई की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया।ईसानगर थाना क्षेत्र के पब्लिक इंटर कालेज में चपरासी के पद पर कार्यरत अनंतराम बाजपेयी निवासी रायपुर के अंकपत्र में हेराफेरी पर नौकरी हथियाने का राज उसके भाई ने ही खोल दिया। सूत्रों के मुताबिक 1986 में अनंत राम बाजपेयी ने अंकपत्र में हेराफेरी कर नौकरी हथियाई थी। उस समय भाई बैजनाथ बाजपेयी साथ रहता था। इधर घर व जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों सगे भाइयों का आपस में विवाद था। भाई बैजनाथ बाजपेयी फर्जी अंकपत्र का राजदार था। जमीनी रंजिश के चलते अधिकारियों से उसने शिकायत कर दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान विवेचक सुनील तिवारी ने अनंतराम के शैक्षिक प्रमाण पत्र व कई अन्य सबूत एकत्र करने के बाद आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## आध्यात्मिक व शारीरिक उन्नति के लिए योग है अमृततुल्यः आयुर्वेद वाचस्पति डॉ हर्ष

**सहारनपुर।** आयुर्वेद वाचस्पति डॉ.हर्ष ने कहा कि योग भारतीय ज्ञान की हजारों वर्ष पुरानी शैली है। भारतीय धर्म और दर्शन में योग का अत्यधिक महत्त्व है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग की महत्ता को विश्व के सभी दर्शनों एवं धार्मिक संप्रदायों ने स्वीकार किया है। डॉ. हर्ष आज यहां दिल्ली रोड स्थित एक पार्क में योगाभ्यास के दौरान प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयु में ह्रास, भौतिकता की दौड़ और बढ़ती व्यस्तता के कारण जीवन में मानसिक और शारीरिक तनाव बढ़ गया है जो कई तरह के रोगों की उत्पत्ति का कारण बन रहा है ऐसे में योग की आवश्यकता बहुत बढ़ जाती है। उन्होंने योग को भारतवर्ष की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था क्योंकि गर्मियों में सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित होता है एवं उत्तरी गोलार्द्ध में 21 जून वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून, 2015 को किया गया था जिसने विश्व भर में कई कीर्तिमान स्थापित किये। वर्तमान में योग भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिये प्रासांगिक बन गया है।

डॉ.प्रतिभा बहुगुणा ने बताया कि योगाभ्यास से तीन घंटे पहले गरिष्ठ या मसालेदार भोजन न करें। दलिया, खिचड़ी के अलावा पेय पदार्थ ले सकते हैं। सलाद खा सकते हैं।यदि कब्ज हो तो योग नहीं करना चाहिए। प्रातः काल के समय मन शांत व मस्तिष्क एकाग्र रहता है,शरीर चुस्त व फुर्तीला बंता है, मोटापा समाप्त हो जाता है,अतः इस समय योग क्रियाएं लाभदायक होती हैं। योगासन के अंत में 5-10 मिनट का शवासन जरूर करना चाहिए ताकि शरीर और सभी अंगों को आराम मिल सके। पानी योगाभ्यास के 10-15 मिनट बाद या पसीना सूखने के बाद ही पीएं। गर्भवती स्त्री और हृदय के रोगी को योग प्रशिक्षक के निर्देशन मे ही योगासन करने चाहिए। इस दौरान कुमारी नीलम, सुनीता, आकांक्षा, राधा रानी, श्रीमती अनीता, बसंत कुमार, गीता रानी, शीला कुमारी, चर्न्द्भान शर्मा, कमल शर्मा, सुमेधा, हारजीत सिंह, एनके शर्मा, दीपांकर, राजकुमार अरोड़ा, सुशील अरोड़ा, कोमल वर्मा व संगीता वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** देश के जनप्रिय नेता एवं रायबरेली के सांसद राहुल गाँधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर ए आई सी सी सदस्य व जिला पंचायत सदस्य डलमऊ वीरेन्द्र यादव एडवोकेट के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया, शिविर का आयोजन समर्पण चैरिटेबल ब्लड सेन्टर, रायबरेली में सम्पन्न हुआ। रक्त दान शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुशील पासी और पूर्व जिलाध्यक्ष वी के शुक्ला जी उपस्थित रहे, जननायक राहुल गाँधी जी से प्रेरित दर्जनों नव जवानों ने रक्त किया। सुशील पासी जी ने कहा कि आज जननायक राहुल गाँधी जी का जन्मदिन पूरा देश बड़े हर्ष उल्लास के साथ मना रहा है जननायक राहुल गाँधी जी ने गरीबों, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के हक और सम्मान की लड़ाई को लड़ा है ।

वी के शुक्ला ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव से राहुल गाँधी जी की लोकप्रियता पूरे विश्व पटल पर स्थापित हुई है, राहुल गाँधी जी ने पूरे देश को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ी है।

रक्त दान शिविर के आयोजन वीरेन्द्र यादव ने कहा कि राहुल गाँधी जी युवाओं की प्रेरणा व देश के मसीहा हैं, राहुल गाँधी जी पूरे देश में गरीबों पिछड़ो दलितों शोषितों के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ रहे हैं मुझे पूरा विश्वास है की राहुल गाँधी जी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और देश उनके नेत्रत्व को स्वीकार कर रहा है देश के पढ़े लिखे युवाओं को राजनीति और सेवा के क्षेत्र में आगे आकर नेतृत्व करने से देश में विकास होगा और खुशहाली आयेगी। रक्त दान से किसी को भी नया जीवन मिल सकता है।

ब्लड सेन्टर में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जननायक राहुल गाँधी जी का जन्मदिन बनाया गया इस अवसर पर शीतांशु मौर्य, लाल गोपाल यादव, अखिलेश कुमार, पुष्पेन्द्र यादव, प्रदीप कुमार, जमुना प्रसाद, अनूप कुमार सिंह रमेश कुमार, शिव मोहन पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व राय बरेली के सांसद राहुल गांधी के जन्म दिन पर जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान किया। स्थानीय हसनपुर चुंगी स्थित एक ब्लड बैंक में आयोजित शिविर का उद्घाटन का कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वरूण शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी एवं पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू ने संयुक्त रूप से किया। शिविर को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश में पैदल मार्च करते हुए जिस तरह 10 हजार किमी. की यात्रा की और देश की जनता के दुखो को जाना, वही एक जनप्रिय नेता की पहचान है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान की रक्षा व जनहित में कार्य करते हुए किसानों, महिलाओं एवं युवाओं की आवाज को बुलंद करने का काम किया। इसी देश में प्रत्येक वर्ग का नागरिक राहुल गांधी का प्रशंसक बन गया है। पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा व जिला उपाध्यक्ष सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू ने कहा कि आज संपूर्ण राष्ट्र राहुल की नीतियों एवं विचारों से प्रभावित होकर उनके जन्मदिन पर उनके दीर्घायु होने की कामना कर रहा है, ताकि राहुल गांधी लंबे समय तक हम सभी का नेतृत्व कर सकें। शिविर में जिला युवा अध्यक्ष गौरव वर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, राजन, रवि, आयुष, मनीष, गौतम, सचिन, राहुल, आमिर, सलमान, संदीप, श्रेय, जॉनी, विशाल, विनय आदि ने रक्तदान किया।

## चोरी के सामान समेत एक शातिर चोर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना जनकपुरी प्रभारी अमरपाल शर्मा ने बताया कि आज वादिया प्रियंका पत्नी विरेन्द्र सैन निवासी पुष्पांजलि विहार थाना जनकपुरी की तहरीर पर अज्ञात चोर द्वारा बीती रात्रि वादिया के घर से एक मोटर, दो मोबाइल व पीली धातु के दो सिक्के व 5500 रूपये नगदी चोरी करने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उपनिरीक्षक पीयूष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घोसियों वाली मस्जिद के पीछे खाली पड़े प्लाट से मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर नजर पुत्र इरशाद निवासी आकाश विहार जनता रोड चकहरेटी थाना जनकपुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से वादिया प्रियंका के घर से चोरी किया गया।

## ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर लगाया ग्राम समाज की जमीन कब्जाने का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नानौता देहात के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान श्रीमती नीरज सिंह व उनके प्रतिनिधि अनुराग पुण्डीर पर ग्राम समाज की जमीन कब्जा कर अपना व्यक्तिगत मकान बनाने के मामले में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई कराये जाने की गुहार लगायी है। नानौता देहात निवासी सोमपाल पुत्र गेंदा, जीवन लाल पंडित पुत्र स्वर्गीय मामचंद, ईश्वर पुत्र बाबू, गांव खुडाना निवासी मोहन पुत्र बदन सिंह तथा ग्राम फतेहपुर निवासी नरेंद्र पुत्र धर्मपाल आदि ने जिलाधिकारी को नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्रों के साथ प्रार्थना पत्र सौंपकर बताया कि नानौता देहात की वर्तमान प्रधान श्रीमती नीरज सिंह तथा उनके पति अनुराग पुंडीर ने ग्राम समाज के खसरे में अंकित जोत चकबंदी आकार पत्र-21 में खसरा नंबर-1483 रकबा 0-10-0 तथा जोत चकबंदी आकार पत्र 2क में खसरा नंबर- 1483/2 में स्कूल इमामपुर के नाम अंकित जमीन पर अवैध रूप से अपना व्यक्तिगत पक्का मकान निर्मित कर लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी से सरकारी जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण को तुरंत बंद कराने तथा पूर्व में निर्मित किए गए मकान को तुड़वाने की मांग की। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर ग्राम प्रधान तथा उसके पति द्वारा ग्राम सभा में कोई प्रस्ताव पास कराए बगैर ग्राम सभा सचिवालय के नाम पर अवैध इमारत का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों ने दस्तावेज सौंपते हुए आरोप लगाया कि पूर्व में शिकायत होने पर जिलाधिकारी के आदेश पर चकबंदी कर्ता तथा सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा जांच कर विस्तृत रिपोर्ट विगत् 20 मई को जिला प्रशासन को सौंप दी है, जिसमें चकबंदी अधिकारियों ने ग्राम प्रधान तथा उसके पति द्वारा विवादित जमीन के संबंध में मांगने पर भी स्वामित्व संबंधी कोई दस्तावेज न लगाने के आरोप लगाये है।

# महापौर ने जल निगम व सीवर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को लताड़ा

## महापौर को औचक निरीक्षण में एसटीपी में मिली अव्यवस्थाएं

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** डा. अजय कुमार ने आज मल्हीपुर रोड स्थित 38 एमएलडी के यमुना एक्शन प्लांट (एसटीपी) का औचक निरीक्षण किया। जलनिगम द्वारा संचालित प्लांट न केवल आधा चलता मिला बल्कि चारों ओर अव्यवस्था एवं साफ-सफाई का अभाव दिखायी दिया। महापौर यह देखकर हैरान रह गए कि कुछ कर्मचारी वहां पशुपालन कर रहे हैं। महापौर ने एसटीपी से डिस्चार्ज पानी का नमूना लेकर भी जांच के लिए भिजवाया। उन्होंने अव्यवस्थाओं पर आक्रोश व्यक्त करते हुए जलनिगम व सीवर का कार्य देखरही कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को लताड़ा और पूरा ब्यौरा बनाकर देने के निर्देश दिए।

महापौर आज सुबह महाप्रबंधक जलकल बी के सिंह, अधिशासी



अभियंता वी बी सिंह व सहायक अभियंता राजेंद्र प्रसाद को साथ लेकर औचक निरीक्षण के लिए मल्हीपुर रोड स्थित एसटीपी प्लांट पहुंचे। प्लांट का संचालन उप्र जलनिगम की नगरीय ईकाई द्वारा व सीवर कार्य जल निगम की देखरेख में कार्यदायी संस्था 'वीएटेक ववाग' करती है। निरीक्षण के दौरान महापौर अजय कुमार ने पाया कि प्लांट में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। बिल्डिंग मैटेरियल इधर उधर बिखरा पड़ा है, पशु विचरण कर रहे है। इतना ही नहीं कुछ कर्मचारी पशु पालन कर, व्यवसायिक लाभ उठा रहे हैं। ढमोला साइड की कुछ दीवार भी टूटी हुई है। महापौर ने बताया कि आधा प्लांट बंद पड़ा है। क्लोरिनेशन के सम्बंध में भी वहां तैनात जल निगम के कर्मचारी कोई जानकारी नहीं दे पाये। उन्होंने बताया कि एसटीपी से ट्रीटमेंट के बाद जो पानी डिस्चार्ज हो रहा है, फौरी तौर पर वह भी जिस गुणवत्ता का होना चाहिए, उस गुणवत्ता का प्रतीत नहीं हुआ। महापौर ने बताया कि उन्होंने डिस्चार्ज पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भिजवाये हैं ताकि उसमें बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) की मात्रा का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि एनजीटी ने निर्माण, सिंचाई आदि कार्यो के लिए ट्रीटमेंट प्लांट से डिस्चार्ज पानी की बीओडी 0-30 निर्धारित की है, लेकिन एसटीपी से डिस्चार्ज पानी प्रथम दृष्टया देखने में इससे अधिक बीओडी का दिखाई दे रहा है। निरीक्षण के दौरान जल निगम व 'वीएटेक ववाग' के अधिकारी भी मौजूद रहे। ववाग के अधिकारियों ने महापौर से ढमोले की दीवार ऊंची कराने की मांग की।

## समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी पद एवं गोपनीयता की शपथ

**सहारनपुर।** साहब जी नगर कॉलोनी कल्याण समिति के शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एव गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।

स्थानीय सर्किट हाउस रोड साहबजी नगर स्थित श्री शिव मंदिर परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में चुनाव अधिकारी व क्षेत्रीय पार्षद इसम सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव चौधरी, उपाध्यक्ष अमित त्यागी, महामंत्री अमितेश्वर, उपसचिव राकेश मिड्डा, कोषाध्यक्ष राजीव कश्यप, समिति के सदस्यों नरेंद्र शर्मा, गौरव अनेजा, दीपक बहल, रविंद्र डोगरा, हरिमोहन सागर, अरुण सैनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय पार्षद इसम सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी कॉलोनी के विकास और सुरक्षा के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम से संबंधित समस्याओं का निस्तारण कराने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव चौधरी एवं महामंत्री अमितेश्वर ने कहा कि कॉलोनी का विकास और सुरक्षा पूर्ण रूप से करायी जायेगी। यदि कोई समस्या आती है तो उसे शीघ्र समाधान कराये जाने का प्रयास किया जायेगा। समिति के उपाध्यक्ष अमित त्यागी, कोषाध्यक्ष राजीव कश्यप, उप सचिव राकेश मिड्डा ने कहा कि समिति का गठन कॉलोनी के विकास के लिए किया गया है और कॉलोनी में साफ सफाई रहे और सुरक्षा के लिए व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा। इनके अलावा कल्याण समिति के सदस्य नरेंद्र शर्मा, गौरव अनेजा, दीपक बहल, रविंद्र डोगरा, हरिमोहन सागर, अरुण सैनी, भाजपा के सेक्टर महामंत्री अरुण त्यागी ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन हरिमोहन सागर ने और अध्यक्षता दीनानाथ मेहता ने की।

## परिवहन मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की विभागीय समीक्षा बैठक

# सभी अधिकारी कार्यालयों में रहे उपस्थित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने आज विधान भवन स्थित सभागार कक्ष संख्या-44 ख में परिवहन विभाग की मण्डल स्तरीय एवं मुख्यालय स्तरीय अधिकारियों के साथ राजस्व प्राप्ति, प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन अधिकारी जीरो प्वाइंट पर भी ओवरलोडिंग को रोकने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रवर्तन अधिकारी दो घंटा कम से कम प्रवर्तन के लिए निकाले और फील्ड में जाकर इन्टरसेप्टर वाहनों का इस्तेमाल करते हुए वाहनों की चेकिंग करें।

उन्होंने अप्रैल-मई माह में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले प्रवर्तन अधिकारियों को बधाई दी एवं लक्ष्य प्राप्ति से कम रहने वाले जनपदों के प्रवर्तन अधिकारियों को और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिये। परिवहन मंत्री ने सभी डीटीसी, आरटीओ/एआरटीओ (प्रशा0) को निर्देश दिये कि सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में अवश्य बैठें। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण किये जाने पर यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिकारी अब सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग और ड्राइविंग लाइसेंस पर मुख्यतःअधिकारियों का फोकस होना चाहिए,ओवरलोडिंग और ड्राइविंग लाइसेंस की शिकायतों पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्होंने राजस्व प्राप्ति में रजिस्ट्रेशन से प्राप्त होने वाले आय को प्रवर्तन की कार्यवाही से प्राप्त होने वाले आय को अलग करते हुए डेटा तैयार करने के निर्देश दिये और प्रति सप्ताह रिपोर्ट मुख्यालय भेजने को कहा। परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है सड़क सुरक्षा पर विभाग द्वारा किये गये कार्यो की मॉनीटरिंग की जाए।

उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर-ट्राली के प्रयोग से अधिक मौत होने की रिपोर्ट मिलती है। अभियान चलाकर ट्रैक्टर-ट्राली के ड्राइवर को जागरूक किया जाए,प्रवर्तन टीम जॉच कर सुनिश्चित करे कि बिना डीएल कोई भी ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर न चलाये। उन्होंने इसके अलावा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर खासकर ब्लैक स्पाट, अवैध कट्स, सवारी वाहनों में अनुमन्य संख्या से ज्यादा सवारियों को बैठाया जाना, ढ़ाबों/सड़क किनारे वाहनों का अवैध रूप से खड़ा किया जाना, को ठीक कराते हुए सड़क दुर्घटना में होने वाले मौतों पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिकारी वाहन डीलरों को अपनी एजेंसी पर सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के पालन संबंधी होर्डिंग/बैनर अवश्य लगवायें,अन्यथा की स्थिति में डीलरशिप निरस्त करने की कार्यवाही मुख्यालय द्वारा की जायेगी। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एनसीसी/एनएसएस/स्काउट गाइड/ बच्चों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए कार्यक्रम कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक न कराने वाले जनपदों के अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। परिवहन मंत्री ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश प्राप्त हैं कि विभागीय प्रमोशन समय से कराये जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सितम्बर तक विभागीय प्रमोशन की कार्यवाही करा लें, जिससे कि विभागीय कार्यो को कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने में असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने आयोग को भेजे गये रिक्त पदों के अधियाचन के बारे में जानकारी ली और भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

# कोर्ट में एसडीएम और वकील भिड़े, बार ने किया वर्क सस्पेंड

अवधनामा संवाददाता



**महमूदाबाद (सीतापुर)।** एसडीएम कोर्ट में अधिवक्ताओं के बिना ही वादकारो की सुनवाई कर रहीं एसडीएम की वकीलों से तीखी नोक-झोंक हो गई। इस दौरान काफी शोरशराबा देख एसडीएम ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह हंगामे को शांत कराया। जिसके बाद नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन सभागार में बार के अध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक की। बैठक में वकीलों द्वारा एसडीएम न्यायालय के कार्य का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान किया, जिसमे सीआरपीसी 107 और 151 की कार्यवाही भी शामिल है। मालूम हो कि बीती 4 मई को महमूदाबाद तहसील स्थित बार एसोसिएशन में एक बैठक वकीलों द्वारा की गई थी। जिसके बाद अधिवक्तों ने एसडीएम न्यायालय का कार्य बहिष्कार करने का प्रस्ताव पारित करते हुए एसडीएम शिखा शुक्ला पर भ्रष्टाचार करने व तानाशाही रवैये जैसे गंभीर आरोप मढ़े थे। उस दौरान वकीलों का आरोप था कि एसडीएम शिखा शुक्ला द्वारा न्यायालय में भ्रष्टाचार करते हुए तानाशाही रवैया अपनाते हुए वादों के विधि विरुद्ध निर्णय पारित किए जाते हैं। बस इन्हीं वजहों से क्षुब्ध होकर लायर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा एसडीएम न्यायालय के कार्यो का अनिश्चितकाल तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया था। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बुधवार दोपहर एसडीएम बिना वकीलों के वादकारों और अपत्तिकर्ताओं की सुनवाई कर रहीं थी। बस इसी बात को लेकर जब वकीलों द्वारा कोर्ट में पहुंचकर इस बात का विरोध किया गया तो, एसडीएम ने अधिवक्ताओं से बदसलूकी की और दुर्यव्यवहार किया। जिसके बाद एसडीएम और वकीलों में तीखी नोक-झोंक शुरू हो गई। बढ़ते हंगामे के बीच एसडीएम ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोर्ट और तहसील परिसर को छावनी में तब्दील करते हुए वकीलों को समझाया और किसी तरह मामला शांत कराया। जिसके बाद नाराज वकीलों ने बार एसोसिएशन सभागार में बैठक कर सीआरपीसी 107, 151 की कार्यवाही के बहिष्कार का ऐलान एसडीएम के स्थानांतरण होने तक किया। एसडीएम ने बताया कि कोर्ट न चलने के कारण आम जनमानस की परेशानी देखकर जब हमने कोर्ट में वादकारियों को बिना वकीलों के सुन रहीं थीं कि, तभी अधिवक्ताओं का समूह एकत्रित होकर विरोध करने आ गया, इस दौरान न्यायलय का कार्य बाधित हो गया, जिसके बाद सभी अधिवक्ता तो नही लेकिन कुछ अधिवक्ताओं ने अमर्यादित भाषा का भी प्रयोग किया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने जालौन में बैठक कर कार्यकर्ताओं का आभार जताया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में मिली असफलता के बाद कार्यकर्ताओं का आभार ज्ञापित करने के उद्देश्य से पूरे लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने जालौन नगर में भी कार्यकर्ताओं के मध्य बैठकर उनका आभार ज्ञापित किया ।इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र व अभिमन्यु सिंह डिंपल भी साथ में थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि उनके चुनाव में पूरे लोकसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की। यद्यपि हम चुनाव में सफलता प्राप्त नहीं कर सके लेकिन कार्यकर्ताओं की मेहनत में कोई कमी नहीं रही।उन्होंने कहा कि विपक्ष ने दलित वर्ग में व पिछड़े वर्ग में आरक्षण समाप्त होने का एक झूठा नेगेटिव अभियान चलाया जिससे कि भ्रमित होकर आरक्षण का लाभ लेने वाला वर्ग सशंकित हो गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने इस बात से इनकार किया जनपद में भाजपा में किसी भी तरीके की गुटबाजी किसी भी स्तर पर है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी के आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय तौर पर भाग लेने की अपील की।इस दौरान उपस्थित जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित में भी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। आभार बैठक के दौरान कुछ सीनियर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं से नेताओं को अवगत कराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय राजावत ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# योग शिविर धूमधाम से संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड के प्रमुख तीर्थ पंचनद संगम में यमुना के तट पर विशाल योग शिविर का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के संदर्भ में जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे के निर्देशन में आयुष विभाग जनपद जालौन द्वारा संपूर्ण जनपद में योग सप्ताह मनाते हुए प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें 19 जून बुधवार को उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह के नेतृत्व में जनपद जालौन के प्रमुख तीर्थ स्थल पंचनद संगम कंजौसा भिटौरा (जगम्मनपुर) यमुना नदी के तट पर बृहद योग शिविर धूमधाम से संपन्न हुआ। बुधवार की ऊषा काल के 5 बजे ही योग शिविर में शामिल होने के लिए माधौगढ़ तहसील के विभिन्न विभागों के अधिकारी , कर्मचारी जनपद के अनेक आयुष चिकित्सालयों के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं पंचनद क्षेत्र के आसपास के गांव के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ लोगों तथा ग्रामीण का एकत्रित होना प्रारम्भ हो गया था।

नदियों के जल से गुंजित कलकल की मधुर ध्वनि , आसपास के मंदिरों से गूंजता घंटनाद, संगम तट पर बह रही शीतल वायु एवं पंचनद के जल में अरुणोदय (उगते हुए सूर्य) की सुनहरी रश्मियां प्रातः कालीन बेला को सुरम्य बनाते हुए इस योग शिविर व सम्पूर्ण वातावरण को आकर्षक बना रही थी। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक राजेंद्र राठौर ने गायत्री व महामृत्युंजय मंत्रोच्चारण के उपरांत विभिन्न रोगों में लाभकारी अनेक प्रकार की योग क्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए शिविर में शामिल लोगों को भी प्रतिरूप क्रिया करने को कहा, लगभग 40 मिनट तक चले इस योग शिविर में डॉ. रश्मि वशिष्ठ (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी) हदरुख द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से योग के प्रादुर्भाव एवं उसकी उपयोगिता तथा योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया जाता रहा। कार्यक्रम के अंत में उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह ने योग शिविर में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रीय ग्रामीणों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह योग क्रिया मात्र एक दिन का कार्यक्रम नहीं अपितु निरोग रहने के लिए जीवन भर अपनाई जाने वाली सतत क्रिया है।


## सूचना

मैं सय्यद आसिफ हुसैन रिज़्वी पुत्र सय्यद नक़ी हुसैन रिज़्वी निवासी खुदा गंज महमूदाबाद जनपद सीतापुर सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा नाम सय्यद आसिफ हुसैन रिज़्वी है जो कहीं कहीं पर आसिफ हुसैन लिखा हुआ है जबकि पूरा नाम सय्यद आसिफ हुसैन रिज़्वी है जो समस्त दस्तावेज़ में है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सय्यद आसिफ हुसैन रिज़्वी पुत्र सय्यद नक़ी हुसैन रिज़्वी निवासी खुदा गंज महमूदाबाद जनपद सीतापुर**



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### लखनऊ मंडल में अनुबंध के आधार पर मेडिकल प्रैक्टिसनर की नियुक्ति हेतु सीधे साक्षात्कार (वॉक इन इंटरव्यू)

अनुबंध के आधार पर लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे में कार्य करने हेतु **01** मेडिकल प्रैक्टिसनरों पुरूष/महिला की रिक्तियों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी और अनुबंध की अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अनुबंध को आगे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है और अधिकतम अनुबंध की अवधि 12 वर्ष की हो सकती है। सेवानिवृत्त सरकारी डॉक्टर को 65 वर्ष की आयु तक (एक वर्ष हेतु) अधिकतम पाँच अनुबंध अवधि के लिए नियुक्त किया जा सकता है। योग्य उम्मीदवारों को नीचे दिये गये तिथि एवं समय एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है।

**– इस अधिसूचना को उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in में अपलोड कर दिया गया है। विस्तृत विवरण नियम शर्तें, फॉर्म इत्यादि उपरोक्त वेबसाइट के अन्तर्गत लखनऊ मंडल के कार्मिक शाखा (Personnel Dept.) पर उपलब्ध है।**

| साक्षात्कार का स्थान | तिथि | समय |
|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कार्यालय, उ0रे0/चारबाग, लखनऊ। | 15.07.2024 | 11:00 बजे |

| स्टेशन/स्वास्थ्य इकाई | पदों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| मंडल चिकित्सालय, चारबाग, उ0रे0, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ0रे0 के अधीन स्वास्थ्य इकाई हेतु (CMP- GDMO) | 01 GDMO (EWS- हेतु आरक्षित) | - MBBS |

**शैक्षिक योग्यता :-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से MBBS और एक वर्ष की इंटरशिप अवश्य पूरी होनी चाहिए और किसी भी भारतीय राज्य चिकित्सा परिषद का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**पारिश्रमिक** - CMP हेतु पारिश्रमिक भत्ते (मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ते सहित) निम्न हैं –

| सीएमपी की श्रेणी | मासिक पारिश्रमिक रूपये में |
|---|---|
| GDMO | 75000/- |

**आयु – क.**–दि० 01.06.2024 को 53 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

**ख.** सेवानिवृत्त आई0आर0एम0एस0 अधिकारी/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयु दि०– 01.06.2024 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए जो न्यूनतम एक वर्ष एवं अधिकतम पाँच वर्ष के लिए होगा।

**पदों की संख्या–01**

| स्टेशन/स्वास्थ्य ईकाई | EWS |
|---|---|
| मण्डल चिकित्सालय, चारबाग, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ0रे0 की स्वास्थ्य इकाइयों हेतु | 01 GDMO |

.चयनित CMP/GDMO को Private practice करने की अनुमति नियमानुसार नहीं होगी।

रिक्तियाँ केवल सांकेतिक हैं, आवश्यकता के अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। प्रशासन चयनित उम्मीदवारों को लखनऊ मण्डल उत्तर रेलवे में कहीं पर भी नियुक्त कर सकता है। **सं0 – NR-LKO0PERS(GAZZ)/3/2024-O/o SR DPO/LKO/NR दि०–19.06.2024** **1841/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# कोई भी ग्राम पंचायत मनरेगा कार्यों से वंचित न रहेः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वह स्वयं व अपने अधीनस्थों की समय से कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करायें, प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आमजन की शिकायतें सुन उनका प्रभावी निराकरण करें, कार्यालय में उपस्थिति के फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध कराये जायें।

उन्होने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कोई भी ग्राम पंचायत मनरेगा कार्यो से वंचित न रहे, जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक मनरेगा के अन्तर्गत कार्य प्रारंभ नहीं कराये गये हैं, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ करायें जायें, मनरेगा कार्यों में ग्राम प्रधानों द्वारा रूचि न लेने या सहायोग न करने की स्थिति में उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये, विकासखंडों में मनरेगा मद से व्यय की गई धनराशि का 10 प्रतिशत से कम कार्य जिन ग्राम पंचायतों में हुआ है, उन्हें चिन्हित कर स्वयं समीक्षा करें, मनरेगा से कराये जाने वाले कार्यों में कोताही बरतने वालों की जिम्मेदारी तयकर उनके विरुद्ध कार्यवाही हो साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में मनरेगा से काफी कम कार्य हुए हैं, वहां कार्य योजना बनाकर कार्य कराए जाएं ताकि क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके। श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर स्थापित कराये जाने की स्थिति काफी खराब है, अभी तक 549 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र 180 ग्राम पंचायतों में ही अमृत सरोवर स्थापित किये जा सके है, उन्होने कहा कि तत्काल अवशेष ग्राम पचांयतों में आईडी जनरेट कर कार्य पूर्ण करायें जायें, साथ ही कार्यो के फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध करायें जायें। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गर्मी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्साधिकारियों, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित करते हुए कहा कि कोई भी निराश्रित गोवंश सड़कों पर दिखाई न दें, जिन स्थानों पर अधिकाधिक संख्या में गौवंश विचरण करते हैं, उन स्थानों को चिन्हित कर निराश्रित गौवंशों को गोशालाओं में संरक्षित कराया जाये, सभी खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखें, केयर टेकर रात्रि विश्राम करें, चिकित्सक नियमित रूप से गौशालाओं का भ्रमण कर संरक्षित गौवंशों के स्वास्थ्य की देखभाल करें। जिलाधिकारी ने एंबुलेंस के संचालन, बेहतर रख-रखाव हेतु कहा कि ए.आर.टी.ओ. के माध्यम से एम्बुलेंसों के फिटनेस की जांच करायी जाये।

## तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से 11 हजार विद्युत लाइन का पोल टूटा

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** तेज रफ्तार वाहनों की स्थिति सड़क बनने के बाद कुछ ज्यादा ही खराब हो गई है। वाहन चलाने वाले ड्राइवर या तो नशे की हालत में रहते हैं या फिर अनाड़ी होते हैं। सड़क के किनारे खड़े बिजली के खंबे उन्हें दिखाई नहीं देते। कभी पुलिया से कभी बिजली के पोलो से टकराकर यह खुद का भी नुकसान करते हैं और प्रशासनिक नुकसान भी कर देते हैं। बीते दिवस मंगलवार देर रात्रि शरिफपुर छिछली जिला फर्रुखाबाद की बोलेरो ड्राइवर की लापरवाही के चलते 11 हजार लाइन के खंभे से टकरा गई। जिससे खंबा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया और विद्युत सप्लाई बंद हो गई। सारी रात क्षेत्र में बिजली नहीं आ सकती। सुबह अवर अभियंता और विद्युत कर्मचारियों ने मिलकर टूटे खंबे को हटाया और उसके स्थान पर नया खंबा लगाकर बिजली सप्लाई शुरू की। आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और बिजली विभाग दुर्घटना करने वाले वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं करता। इसलिए आए दिन इस विभाग को नुकसान उठाना पड़ता है और उपभोक्ताओं को बिजली से महरूम होना पड़ता है।




## कार्यालयः अधिशासी अभियंता
## जोन-7 जल कल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्र सं0 : 66/E.E-7/L.J.S/2024-25 — दिनाँक : 19.06.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जल कल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरुप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनाँक 26.06.2024 को 3:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 26.06.2024 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सांय काल खोली जायेगी।

| क्र.स. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | जलकल विभाग जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत बी0 ब्लाक बस्तौली में इमली के पेड के नीचे, सी-217 लवकुश नगर, बी0-2399 के सामने पार्क में और मौस ट्रेडर्स भूसा वाली गली लवकुश नगर व वाल्मीकि समाज के मर्घट के पास स्थापित समरसेबिल पम्प के मरम्मत का कार्य। | 200.00 | 3500.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-7 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनाकं को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्य दिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-7**
**जल कल विभाग, लखनऊ**



## कार्यालय ग्राम पंचायत शंकरपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 20-06-2024 से 25-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 26-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**रेखा सिंह**
**ग्राम प्रधान- शंकरपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**राम कृष्ण पाल**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- शंकरपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# सरकार अयोध्या के विकास की गति को करेगी और तेजः महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सर्किट हाउस में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सोशल मीडिया पर अयोध्या को लेकर फैलायी जा रही अफवाह पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या नगर निगम के क्षेत्र के 275 बूथ में भाजपा के प्रत्याशी को लगभग 72 हजार मत व सपा के प्रत्याशी को 52 हजार मत प्राप्त हुए है। जिससे अयोध्या के जनमानस में भाजपा के प्रति जबरदस्त उत्साह व सोशल मीडिया पर फैलायी जा रही अफवाह गलत स्पष्ट होती है। अयोध्या लोग साधु संत व्यापारी आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दे अयोध्या आए, उनका स्वागत अयोध्या के लोग पूरे श्रद्धा के साथ करेंगे और हमारी सरकार अयोध्या के विकास की गति को और तेज करेगी। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने कहा कि केंद्र की एनडीए एवं उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के



लिए विकास कार्यों के लिए कृत संकल्पित है। मैं अयोध्या के महापौर के दायित्व के नाते यह समस्त नागरिकों एवं अयोध्यावासियों को आश्वस्त करता हूं कि जन भावनाओं की अपेक्षा अनुसार अयोध्या के विकास कार्य को निरंतर गतिमान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री अयोध्या के विकास के लिए कृत संकल्पित है, शासन प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि आम जनमानस के भावनाओं का ध्यान रखते हुए जनसमस्याओं का चरणबद्ध एवं न्यूनतम समय अंतराल में निराकरण करते हुए शीघ्रातिशीघ्र विकास केन्द्रित समस्त योजनाओं को पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमें अपेक्षित परिणाम नहीं मिला। हो सकता है कि हम ग्रामीण क्षेत्रों में अयोध्या की भावना को न पहुंचा पाये हो। हम अपनी कमियों व गल्तियों का आत्मचिंतन सकारात्मक तरीके से करके आगे बढ़ेंगे। अयोध्या में जिस तरह से लगभग 30 हजार करोड़ का एतिहासिक निवेश हुआ है। यह इस बात का उदाहरण है कि अयोध्या को लेकर हमारा नेतृत्व कितना गम्भीर है। एक नगरी में निवेश का इतना बड़ा उदाहरण शायद ही दूसरा हो। अयोध्या में रोजगार के साधन बढ़े है। यहां के व्यापारियों की आमदनी कई गुना बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल विकास व सड़को के लिए नहीं जानी जाती है। सनातन धर्म में अयोध्या की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक भूमिका रही है। अयोध्या हमारे आराध्य की जन्मस्थली है। ऐसे आराध्य जिन्होंने अपनी जीवन शैली व मर्यादा से पूरे विश्व को संदेश दिया। अयोध्या को हम केवल चुनाव परिणाम व राजनैतिक दृष्टि से नहीं देख सकते। अयोध्या की भूमिका केवल उत्तर प्रदेश व देश तक नहीं सीमित है। अयोध्या ने विश्व की संस्कृति को रास्ता दिखाने का कार्य किया है। हम फिर से अयोध्या का संदेश वैश्विक स्तर पर देने के लिए प्रस्तुत है। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले तीर्थयात्रियों के मन में यहां की कोई नकारात्मक छवि नहीं होनी चाहिए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का जिस प्रकार से स्वागत हुआ, इस स्वागत के बारें मुख्यमंत्री स्वयं अपने सम्बोधन में कह चुके है। उन्होंने कहा कि नगर निगम अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओ व पयर्टको के लिए उच्च श्रेणी की सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए लगातार जनअपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कार्य किया गया है। श्रद्धालुओं को प्राथमिकता के आधार पर बुनियादी सुविधाएं प्रदान की गई है। इसको लेकर सभी स्टैण्डर्ड व मापदंड को पूरा किया गया है।

# कांग्रेसियों ने उत्साह और उल्लास के साथ मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन को कांग्रेसियों ने उत्साह और उल्लास के साथ मनाया।इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर केक काटा गया तथा राहगीरों को लड्डू और जल वितरण किया गया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा नफरत, हिंसा और अहंकार की राजनीति के खिलाफ पूरे देश में विपक्ष की आवाज बनकर उभरे राहुल गांधी।

उनके नेतृत्व में कांग्रेस दिन प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है। उन्होंने पार्टी में युवा और नए चेहरों को तवज्जो देने का प्रयास किया। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने इस देश को मोदी की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने का साहस प्रदान किया।उन्होने देश को अपने कदमों से नाप कर न्याय,एकता और मोहब्बत का संदेश देने का प्रयास किया। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और विपरीत परिस्थितियों में उनका अदम्य साहस सराहनीय है।

जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने राहुल गांधी को दृढ़ इच्छा शक्ति वाला साहसिक व्यक्ति बताते हुए कहा कि राहुल गांधी दया और सद्भाव का संदेश फैलाते हुए राजनीतिक सत्ता के लिए सच बोलना जारी रखें और लाखों भारतीयों की आवाज बनें। उनकी राजनीति सामाजिक समानता पर आधारित है। राहुल गांधी का सचमुच मानना है कि राजनीति का मतलब सत्ता का लाभ उठाना नहीं बल्कि लोगों की सेवा करना और उनकी स्थिति में सुधार करना है। महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय ने कहा राहुल गांधी इस अंधेरे समय में एक प्रकाशस्तंभ हैं, जो एक विकसित, सुरक्षित और शांतिप्रिय भारत का सपना देखते हैं. उनके निस्वार्थ संघर्ष, समावेशिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, उनके प्रगतिशील विचार और गरीबों और दलितों के लिए उनके समर्पण को सलाम है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य अग्रसेन मिश्रा, शिवपूजन पांडे , बृजेश रावत,फ्लावर नकवी, अशोक कुमार राय ,धर्मेंद्र सिंह फास्टर, देव कुमार वर्मा, दयावती, फ्लावर नकवी सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, मोहम्मद जमील, प्रेम प्रकाश पांडे, पूर्व सभासद जनार्दन मिश्रा, रोहित यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय "ब्रज लोकगीत उत्सव का समापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से लखपेड़ाबाग मैरिज लॉन में भारतीय महिला कल्याण समिति, बाराबंकी द्वारा ''ब्रज लोकगीत उत्सव'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 आर0के0 वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोककलाकार अर्चना मिश्रा, पुष्पा त्रिवेदी, आद्या, गुड्डू बनसल, अनीता आदि ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कलाकारों ने ब्रज की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को अपने गीतों के माध्यम से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में प्राची सिंह, सुरेन्द्र वर्मा, अंजली वर्मा, अनीता बाजपेई, मंजू द्विवेदी, उमेष चन्द्र त्रिवेदी, तेजस्वी, श्वेता, सत्यवान, अरूण कुमार वर्मा, जितेन्द्र कुमार वर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और कलाकारों की प्रतिभा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. आर.के. वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को संरक्षित रखने और नई पीढ़ी को उससे जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने भारतीय महिला कल्याण समिति के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के सचिव बीरबल शर्मा के द्वारा आये सभी कलाकरों व अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन किया गया।

## किसानों के लिए वरदान साबित हो रही किसान सम्मान निधि लाभः रामदेव सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** बाबा विश्वनाथ की पावन भूमि काशी से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 17वी किस्त मंगलवार को जारी कर दी इस योजना के माध्यम से लगभग 9.26 करोड़ किसानों के अकाउंट में 20000 करोड रुपए पहुंच गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव युवा स्स्भाजपा नेता गोविंद पाठक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों कर्मचारियों ने वर्चुअल रूप से आनलाइन जुड़कर उनके विचारों को सुना। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि किसानों का विकास यदि किसी सरकार ने किया है तो वह सिर्फ और सिर्फ भाजपा सरकार है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के लिए किसान सम्मान निधि सहित बहुत सी योजनाएं चलाई गई है जो किसानों के विकास में मील का पत्थर साबित हुई है।

# हनुमानगढ़ी तिराहे पर लगे पानी के बूथों का महापौर ने किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रद्धालुओं तथा आम जनमानस को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर नगर निगम द्वारा हनुमान गढ़ी तिराहे पर लगाए गए पानी के बूथों का महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। उन्होनें उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता परखी। महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को पानी के बूथों के अगल-बगल साफ-सफाई नियमित रूप से करवाए जाने के निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने कहा इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके कारण ठंडा जल सभी की मूलभूत आवश्यकता है। नगर निगम क्षेत्र में आम जनमानस व श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के लिए हम कटिबद्ध है। अयोध्या धाम क्षेत्र में पेयजल के लिए 90 वाटर कूलर तथा वाटर क्यूआस नगर निगम द्वारा लगाए गए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने जन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं। नगर निगम क्षेत्र में कई स्थानों पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने



के लिए पानी के बूथ स्थापित किए गए है।उन्होंने बताया कि बरसात से पूर्व जल भराव से निपटने के लिए नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए गए है। नालों से निकलने वाली सिल्ट को तुरन्त हटाने को कहा गया है। टूटी नालियों की मरम्मत करवाई जा रही है। अयोध्यावासियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं देने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है।.इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ला, अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह, जल कल महाप्रबंधक महेश चंद्र आजाद, अधिशासी अभियंता अनूप सिंह व जेई शशि कला सहित नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद का किया भव्य स्वागत

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी अयोध्या द्वारा नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद का पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर भव्य स्वागत हुआ,कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीचंद यादव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया,इस अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद में कहां की यह जीत आम जनता की जीत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की जीत पार्टी नेतृत्व के फैसले की जीत है श्री प्रसाद कहां की समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता बहुत ही मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव जीतने का काम किया उनके मान सम्मान के लिए मैं सदैव उनके साथ खड़ा रहूंगा प्रसाद ने कहा कि मेरी प्राथमिकता होगी अयोध्या का विकास है पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की कार्यकाल में जो विकास का कार्य हुआ है।

# जिलाधिकारी ने महाव नाले का निरीक्षण कर दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा और डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य के साथ महाव नाले का और विभिन्न तटबंधों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने महाव नाले का 08 किमी से 08.700 किमी तक का निरीक्षण किया। उनके द्वारा महाव नाले की सिल्ट सफाई, कटाव निरोधक कार्यों, तटबंधों के सुदृढ़ीकरण और अन्य बाढ़ निरोधक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

नाले की बाढ़ से जंगल क्षेत्र के गांवों को सुरक्षित करने हेतु कंटुअरिंग करने हेतु वन विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने एक्सईएन इंडो-नेपाल को सीमा के निकट निर्माणाधीन पुल के नीचे से मलबा को तत्काल हटाने का निर्देश दिया ताकि पानी के प्रवाह में कोई बाधा न उत्पन्न हो। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने धानी ब्लॉक में बेलसड़ रिगौली तटबंध का निरीक्षण किया। उन्होंने तटबंध पर



चल रहे कटावरोधी कार्यों को बारिश से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने तटबंध के संवेदनशील बिंदुओं की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने हेतु एसडीएम फरेंदा को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ निरोधक समस्त कार्य बाढ़ से पूर्व विभाग पूर्ण कर ले। साथ ही तटबंधों की सुरक्षा और बाढ़ की स्थिति में प्रभावित गांवों में सहायता उपलब्ध कराने हेतु सभी तैयारियां भी समय से सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान नौतनवां एसडीएम नंद प्रकाश मौर्या, एसडीएम फरेंदा नवीन कुमार, तहसीलदार फरेंदा कर्ण सिंह, सहायक अभियंता आमोद कुमार, जेई राधे मोहन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधान पति को गोली मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**बाराबंकी।** इब्राहिमाबाद दलित महिला प्रधान पति को फोन पर धमकाने व गोली मारने वाद विवाद में बुधवार प्रधान संघ अध्यक्ष हरख नेतृत्व में डेढ़ दर्जन प्रधान कोतवाल से मिले। उसी चंद मिनटों बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। हरख ब्लॉक क्षेत्र के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद दलित महिला प्रधान प्रमिला रावत है। वह ऐतिहासिक व पौराणिक नाग देवता स्थल गाटा संख्या 3698 व 3699 पक्का चबूतरा व सौंदरीकरण निर्माण करा रही है।17 जून को गांव निवासी शिधांशू श्रीवास्तव उर्फ हैप्पी श्रीवास्तव पुत्र स्व. ओम प्रकाश श्रीवास्तव इसी विरोध में प्रधान पति जितेंद्र रावत को फोन पर धमकी दी। गोली मारकर हत्या करने वाद विवाद हुआ।

## जलभराव की समस्या से निजात दिलाने हेतु सभासदो ने सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नगर के सब्जी मंडी वार्ड के सभासद ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को मेन मार्केट हैदरगढ़ में बरसात के पानी की निकासी के संबंध में ज्ञापन लेकर कार्यवाही की मांग की है। सभासद विपिन सोनी ने बताया कि मेन मार्केट हैदरगढ़ में बरसात के पानी से जल भराव की समस्या कई वर्षों से लगातार चली आ रही है। बरसात के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था नहीं होने से व्यापारियों की दुकानों में पानी भर जाता है जिससे उन्हें तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए बरसात होने से पूर्व व्यापारी भाइयों के हित के लिए जल निकासी की समुचित व्यवस्था का प्रबंध किया जाए जिससे उन्हें होने वाले आर्थिक नुकसान से बचत हो।

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाईन गोण्डा में योग सप्ताह के अवसर पर किया गया योगाभ्यास



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के नेतृत्व में योग सप्ताह के अवसर पर समस्त थानों से आये हुए जवानों के द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड गोण्डा में योगाभ्यास किया गया। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जवानों द्वारा योग सप्ताह के अवसर पर आयोजित योग शिविर में विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के द्वारा योगाभ्यास के दौरान बताया गया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में 15 से 21 जून तक जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया गया है। योग करना शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है नियमित योग करने से व्यक्ति सेहतमंद रहता है तथा सकारात्मक विचार आते हैं। योगाभ्यास में जनपद के समस्त थानों/कार्यालयों से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों द्वारा उल्लास के साथ प्रतिभाग किया जा रहा है।

## मंडलायुक्त ने किया देर रात्रि जिला अस्पताल का निरीक्षण

**गोण्डा** जिला अस्पताल में मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं को बेहतर तरीके से परखने के लिए देर रात्रि आयुक्त देवीपाटन शशिभूषण लाल सुशील मंडल ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इटियाथोक खरगूपुर मार्ग पर दो वाहनों की हुई दुर्घटना में हुई दो लोगों की हुई दुखद मृत्यु तथा घायलों तथा अन्य मरीजों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सम्बन्धित को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। आयुक्त ने अस्पताल के भ्रमण के दौरान साफ-सफाई



का भी निरीक्षण किया। रात्रि में अस्पताल के अंदर घूम रहे कुत्ते आदि के संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को फटकार लगाई और तत्काल साफ सफाई व्यवस्था सुधारने तथा आवारा पशुओं को अस्पताल परिसर से बाहर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई तीमारदारों से बातचीत भी की। कई तीमारदारों द्वारा चिकित्साक व अन्य स्टाफ के द्वारा उचित रिस्पांस ना देने की शिकायत की गई। मण्डलायुक्त ने मुक्त चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि वह स्टाफ को चेतावनी दें कि सभी मरीजों व तीमारदार को तत्काल रिस्पांस दें उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायें।

# नगर पालिका परिषद परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)** स्थानीय नगर पालिका परिषद



कार्यालय परिसर में योग सप्ताह दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार की सुबह नगर पालिका कार्यालय परिसर में देवेंद्र सिंह देव योग प्रशिक्षक आयुष धर्मदेव तिवारी योग प्रशिक्षक पतंजलि, शुभम सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक के नेतृत्व में अधिकारी और कर्मचारियों ने योग कर निरोग रहने का संकल्प लिया।इस दौरान अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सभासद आशीष कुमार मल्ल, अश्वनी रौनियार व कर्मचारी विनोद कुमार, धर्मेंद्र, गुलाब, कपिलदेव भारती, त्रिलोकी चौरसिया, घुरहू प्रसाद, सत्येंद्र कुमार, विनोद जायसवाल, मेहताब,आनन्द कुमार, मंगलेश विनय एवम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया राहुल जन्मदिन, तनुज ने काटा केक सैकड़ो कार्यकर्ता रहे मौजूद

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गाँधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। बुद्धवार को देवा रोड स्थित यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिज़्वी के नेतृत्व में सांसद राहुल गांधी का 54 साल पूरे होने पर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वहाँ आने जाने वालों को शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का काम किया है। राहुल गाँधी के जन्मदिन को मनाने के लिए कांग्रेसियों ने काफी तैयारियां की इस बार उनका यह बर्थडे बेहद खास है। यूपी में कांग्रेस की वापसी, राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन को मजबूती समेत कई ऐसी उपलब्धियां हैं जिन्होंने राहुल गांधी को जन्मदिन खास अंदाज में



मनाया गया। नवागत काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कई किलो केक काटकर राहुल गाँधी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सांसद तनुज पुनिया ने संविधान की कॉपी भी बाटी और कहा कि राहुल गांधी संविधान बचाने के जिस लक्ष्य को लेकर चले थे उसे हम सब लोगों को साकार करना है और लोगों को उनके अधिकार के बारे में बताना है। सांसद ने लोगो को शर्बत वितरण किया। सिकंदर अब्बास ने कहा कि राहुल गाँधी हिंदुस्तान ही नही विदेशों में भी अपनी पहचान बना रखी है और हिंदुस्तान के करोड़ो नवजवानों के दिलो पर राज करते है। सभासद सादिक हुसैन ने कहा कि वक्त बदल चुका है अब हिन्दू मुस्लिम नही चलेगा। लोकसभा चुनाव में इण्डिया गठबधन ने जोरदार प्रदर्शन कर भाजपा को धूल चटाने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि 2027 को भी बदलाव होगा भाजपा की तानाशाही खत्म होगा। इस मौके पर मोहम्मद फैसल सभासद, शिवा शर्मा सभासद, शब्बर रिज़्वी, अकबर रिज़्वी, अमित अमित कुमार, शुभम बाल्मिकी, सद्दाम रसूल, आदिल हुसैन, राम हरक रावत, केसी श्रीवास्तव, अकबर मेंहदी, मो नफीस, शारिक हुसैन, सिद्धार्थ कनौजिया, शीनू मिर्जा, पप्पू आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में किसान बन्धुओं की बैठक सम्पन्न

**गोंडा।** माह के तीसरे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों द्वारा कई समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण बिना किसी विलंब के किया जाए।

# न्याय और हक की बुलंद आवाज़ का नाम राहुल गांधी है: लालजी वर्मा



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक और पूर्वोत्तर से महाराष्ट्र तक भारत जोड़ो यात्रा कर भाजपा के अन्याय और अत्याचार के खिलाफ पदयात्रा कर निर्णायक संघर्ष किया।

अम्बेडकर नगर के नवनिर्वाचित सांसद पूर्व मंत्री लालजी वर्मा जिला कांग्रेस कार्यालय पर राहुल गाँधी के जन्मदिन और नवनिर्वाचित इंडिया गठबंधन सांसद अभिनंदन समारोह तथा गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी को जन्मदिन पर केक काटकर उनके दीर्घायु की कामना कर बधाई देते हुए कहा कि राहुल गाँधी भाजपा के अन्याय और अत्याचार के खिलाफ न्याय की बुलंद आवाज हैं। जिला कांग्रेस कार्यालय पर अपने भव्य स्वागत और अभिनंदन से अभिभूत नवनिर्वाचित सांसद पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने कांग्रेसजनों का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर आपने जो संघर्ष किया अम्बेडकर नगर की देवतुल्य जनता ने उसे भरपूर आशीर्वाद दिया है और मैंने अम्बेडकर नगर के विकास के लिए अपने जीवन का हर समर्पित कर दिया है सरकार की हर योजना का लाभ अम्बेडकर नगर जनपद तथा लोकसभा की जनता को दिलाना मेरी प्रथम प्राथमिकता है। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी का जन्मदिन तथा अम्बेडकर नगर के नवनिर्वाचित सांसद पूर्व मंत्री लालजी वर्मा का अभिनंदन आज जिला कांग्रेस कार्यालय पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रत्याशी तथा उप्र कांग्रेस के संगठन मंत्री अशोक सिंह, एआईसीसी सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछवी, पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार पाल,वरिष्ठ पीसीसी सदस्य डा नंदलाल चौधरी, उप्र कांग्रेस के सचिव मो अनीश खान, उप्र कांग्रेस के पूर्व सचिव अमित कुमार जायसवाल, उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी,उप्र युवा कांग्रेस महासचिव विशाल वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुखीलाल वर्मा, गुलाम रसूल छोटू, रवीश शुक्ला और समस्त कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया.अम्बेडकर नगर के नवनिर्वाचित सांसद पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने कांग्रेसजनों के साथ केक काटकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के दीर्घायु की कामना और समारोह को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईसीसी सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछवी तथा संचालन मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने किया।

## सहारा के भुगतान के लिए अब वैधानिक प्रक्रिया शुरू की है: सतीश चतुर्वेदी



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय देव शुक्ल ने बृजेश कुमार सिंह को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। वे बभनान में व्यापारियों और निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। पीआईएल प्रभारी सतीश चतुर्वेदी ने कहा सहारा के भुगतान के लिए अब वैधानिक प्रक्रिया शुरू की है, ज्यादा से जयादा लोग पीआईएल से जुड़ेंगे तो इस मामले की सुनवाई अलग बेंच करेगी और विनेशकों को जल्दी न्याय मिलेगा। संयुक्त आल इंडिया जनान्दोलन संघर्ष न्याय मोर्चा को ब्यापारियो के संगठन अखिल व्यापार संगठन ने पूरे देश मे समर्थन दिया है। व्यापार संगठन के नेता राधेश्याम गुप्ता ने कहा सरकार इसे चेतावनी समझे या हमारी विनती, निवेशकों का पाई पाई लेकर ही दम लेंगे। मध्य प्रदेश से आए प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु कुमार झा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी मेहनत से पैसा कमाने के बाद कोई हमारा पैसा लूट ले तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है की कितने पीड़ा में लोग होंगे। सरकार सहित न्यायालय को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। शहनाज जहां महिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश ने कहा गाढ़ी कमाई का एक एक रूपया बड़ी मशक्कत से जमाकर्ताओं ने सहारा पर भरोसा करके जमा किया था, कि बुरे वक्त में काम आयेगा। लेकिन जानबूझकर हालात खराब किये जा रहे हैं।

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की हुई बैठक आगामी अधिवेशन को लेकर बनी रणनीति

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर बुधवार को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ वाई पी यादव ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन संगठन के मंत्री डॉ गोविंद प्रसाद ओझा द्वारा किया गया। प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 28 जून 2 को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का अधिवेशन लखनऊ में होना है। अधिवेशन में उपस्थित सभी साथियों ने अपनी शत प्रतिशत सहभागिता करने का निर्णय लिया, सभी साथियों ने संघ की एकता के लिए शपथ लिया। अन्य निर्णय लेने के लिए अध्यक्ष और मंत्री को अधिकृत किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने साथियों से अनुरोध किया कि संगठन हित में अपनी-अपनी सहभागिता करते हुए संघ को शक्ति प्रदान करें। बैठक में महेंद्र मिश्रा, बृजेश पांडेय, राघवेन्द्र शुक्ला, राकेश कर पाठक, त्रिलोकी त्रिपाठी, नागेश पांडे, सुभाष चंद्र उपाध्याय, राजेश चौधरी, नरेंद्र श्रीवास्तव घनश्याम प्रसाद गुप्ता, बी पी यादव, आलोक गुप्ता, अरविंद कुमार त्रिपाठी, रतन शंकर चौधरी, बी के ओझा, मनोज श्रीवास्तव, हरिशंकर शुक्ला, ओम प्रकाश यादव, वंशीधर, श्रीप्रकाश पांडे, नबी अहमद, रमेश चंद्र चतुर्वेदी, पंकज शुक्ला उपस्थित रहे।

## केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर क्षेत्र के पिट्रोल पंप तिराहे के पास युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बुधवार की शाम राहुल गांधी जन्मदिन केक काटकर मनाया है। इस दौरान राजन श्रीवास्तव ने कहा संविधान के रक्षक जननायक राहुल गांधी का जन्मदिन प्रतिवर्ष के भाति बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अभिनव राय, डा.बीएन त्रिपाठी, पप्पू खान संतोष त्रिपाठी, हरिशंकर चौरसिया, विक्की रिजवी, गुफरान खांन, सौरभ गौड़, कृष्ण बिहारी, वाजिद अली, सतीष त्रिपाठी, अश्विन सिंह सोलंकी, मनोज श्रीवास्तव, इसमाइल सहित तमाम कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अम्बेडकरनगर।** अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर रोक लगाने के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आवश्यक बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र मे भ्रमण कर संचालित अवैध अस्पतालों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि निजी अस्पताल प्रबंधन अभिलेख मानक पर ठीक न होने के उपरांत व निजी अस्पतालों/क्लिनिको एवं पैथ लैब का पंजीकरण नहीं कराने वाले संस्थाओं पर विधिक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। अवैध रूप से संचालित अस्पतालों व क्लिनिको एवं पैथ लैब पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी विभागीय टीम लगाकर कार्रवाई सुनिश्चित करते रहें। यदि इन कार्यों में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया ईद उल अज़हा



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** ईद-उल-अजहा का त्योहार नगर व क्षेत्र में परम्परागत तरीके से मनाया गया। सुबह नगर की सभी मस्जिदों व ईदगाहों में ईद-ए-कुर्बा की नमाज़ अदा की गई, उसके बाद जानवरों की कुर्बानी का सिलसिला चल पड़ा।उर्दू बाजार स्थित जामा मस्जिद में सुबह सबसे पहले 6:30 बजे मौलाना नजीबुल्लाह ने नमाज़ अदा कराई। उन्होंने लोगों से सच्चाई के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके बाद मगुराडिला स्थित नयी ईदगाह में कारी मोहम्मद जकरिया ने नमाज अदा कराई। वाजिदपुर स्थित पुरानी ईदगाह पर कारी मोहम्मद तैयब की कयादत में ईद -ए-कुर्बा का नमाज़ अदा की गई। नमाज़ के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। सराय चौक स्थित वक्फ मस्जिद रौज-ए-हजरत कासिम में ईद की नमाज मौलाना रहबर रज़ा सुल्तानी की कयादत में अदा की गई। जाफराबाद स्थित बड़ी मस्जिद में मौलाना मीसम रज़ा ने नमाज़ पढ़ाई।मालीपुर स्थित आयशा मस्जिद में कारी कलीम अहमद ने ईद-उल-अजहा की नमाज़ अदा कराई। पुरानी ईदगाह के समीप लगे मेले में बच्चों ने मेले का लुत्फ उठाया।मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पूरे दिन दावतों का दौर चलता रहा। ईद के मौके पर मशहूर खास व्यंजन सेवई का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया।

# परिषदीय विद्यालयों के लिए जारी हुआ 3680 सीयूजी सिम



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों को जल्द ही सीयूजी फोन नंबर उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को सिम सौंपे। अब बीआरसी स्तर से सभी विद्यालयों को सिम उपलब्ध कराया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग विद्यालयों में डिजिटल तकनीकी को बढ़ावा दे रहा है।

शासन ने पिछले दिनों एमडीएम पंजिका, छात्र उपस्थिति रजिस्टर और अन्य पंजिकाओं को ऑनलाइन करने के आदेश दिए थे। विभाग ने 1910 परिषदीय प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में शिक्षकों को 3699 टेबलेट वितरित किए थे। इन टेबलेट के संचालन के लिए सिम कार्ड को लेकर काफी समय तक भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। शासन ने सिम कार्ड के लिए कंपोजिट ग्रांट से धनराशि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद शिक्षक अपनी आईडी पर सिम लेना नहीं चाह रहे थे। यह समस्या अधिकारियों के सामने रखी गई थी। इस समस्या के समाधान के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने टेबलेट के संचालन के लिए जनपद स्तर से ही सिम की व्यवस्था कराने के निर्देश जारी हुए। बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि समस्त विकास खंडों को कुल 3680 सीयूजी पोस्टपेड सिम उपलब्ध करा दिए गए हैं। सभी बीइओ को शीघ्र ही विद्यालयों को सिम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सिम में पर्याप्त डेटा के साथ अन्य सुविधाएं भी होंगी। इस दौरान जिला समन्वयक रीतेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव व संदीप सिंह, बीइओ राम कुमार, कमला प्रसाद, अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## पंचायत भवन में ताला लगा ग़ायब रहते है सरकार की मंशा पर फेर रहे पानी

**टांडा अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड टांडा ग्राम पंचायत मीरानपुर सदर अली में लगा रहा ताला बीते कई दिनों से ऐसे में ग्रामीण वासी कहां अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें। जहां श्री योगी आदित्यनाथ जी सख्त निर्देश जारी करते बोला है कि कही भी किसी मामले में कंप्लेंट मिला तो उस अधिकारी की नौकरी चली जायेगी ऐसा निर्देश सभी विभागों को आदेश जारी किया है। वही ग्राम प्रधान, सचिव, सहायक केवल अपनी लगा रहे हाजरी हम आपको बताते चलें कि ग्राम पंचायत मीरानपुर सदर अली में, पिछले कई दिनों से वृद्धा पेंशन स्कीम, आर्थिक गांव की नालियां की हालत से ग्रामीणों का आना जाना दुर्लभ हो गया है तथा सहायता जैसी योजनाओं को लेकर सरकार काफी शख्त नजर आ रही है तो वही योगी सरकार के समाज कल्याण नियमों का नहीं कर रहे पालन, विकास अधिकारी केवल एयर कंडीशन में मस्त हैं हम आपको बता दें लाख ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान को सूचित करने के बावजूद भी ग्रामीणों के लिए ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब तो ऐसा लगता हैं कि ग्राम प्रधान, सचिव,सहायक केवल अपनी हाजरी लगा रहे हैं।



# मोती महल लान में सजी योग की शानदार महफिल



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मोती महल वाटिका लखनऊ में योगासन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल के तत्वाधान में जश्ने आजादी ट्रस्ट व भारतीय आदर्श योग संस्थान द्वारा आमंत्रित 10 प्रतिभागियों ने अपने-अपने आसनों में एकल रूप से 10 विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए।इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा जी ने दीप प्रज्वलन कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य प्रोटोकॉल का अभ्यास कर शुभारंभ किया।

**10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में बनाए योगासन में 10 विश्व रिकॉर्ड**

इस अवसर पर डॉ आनंदेश्वर पांडे,चेयरमैन योगासन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल,यूएई अध्यक्ष सैय्यद रफत जुबेर रिजवी, काउंसिल के सीईओ आचार्यश्री डॉ यश पाराशर, चीफ एडिटर मालविका वाजपेई ने सभी 10 विश्व कीर्तिमान घोषित किए। लखनऊ से आरना खुराना ने सुप्त तितिभासन 33 मिनट 06 सै. पदम चक्रासन में 02 मिनट 31 सै. विश्व रिकॉर्ड बनाया।उन्नाव से भूमि तिवारी ने तीन आसनों में रामदूतासन 35 मिनट 27 सै. कमरमरोड़ आसन मे 12 मिनट 35 सै. व राजकपोतासन 05 मिनट 26 सै. तक रुक कर रिकॉर्ड अपने नाम किया।सौम्या ओझा कानपुर ने परिवर्तित जानू शीर्षासन मे 23 मिनट 34 सै. और तिम्यासन में 07 मिनट 15 सै. रुक कर विश्व कीर्तिमान अपने नाम किए।रायबरेली से सृष्टि सोनकर ने पदपुत्र परिवर्तित जानू शीर्षासन में 33 मिनट 06 सै. कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।कानपुर से डॉ भावना श्रीवास्तव ने वज्रआसन में 45 मिनट 03 सै. करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। गाजियाबाद से अंजलि भारद्वाज ने शशांकासन में 39 मिनट 11 सेकंड तक रुककर विश्व रिकॉर्ड बनाया। लखनऊ की दिया आहूजा ने 9 महीने की गर्भावस्था में चार कठिन आसनों जिसमें वॉरियर पोज, टाइगर पोज, सेतुबंध आसन और वृक्षासन में विश्व रिकॉर्ड बनाएं।मालविका जी के निर्देशन में बने ये चारों आसन के लिए मालविका ने बताया की ऐसी परिस्थिति में ये कारनामा करने वाली दिया पहली योगिनी है और पूरी महिला वर्ग के लिए एक प्रेरणा है। अतिथियों द्वारा सभी चारों रिकॉर्ड से दिया को सम्मानित किया गया।दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण को सार्थक करते हुए सभी विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सभी प्रतिभागी महिलाएं थी।इस कार्यक्रम के आयोजक मुरलीधर आहूजा व कृष्ण दत्त मिश्रा जी ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई प्रेषित की व मीडिया का भी आभार प्रकट किया साथ ही प्रोटोकॉल के लिए शहर से आए सभी योगाभ्यासियों को 21 जून की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर समाजसेवी अब्दुल वहीद, अजीज सिद्दीकी, डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी, डॉक्टर राधेश्याम, मुर्तुजा अली, शहजादे कलीम, कुदरत उल्ला खान,साकेत शर्मा, परवेज अख्तर, आरिफ़ मुकीम, शालू सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## दिवंगत सैनिक को गार्ड ऑफ ऑनर के द्वारा मातमी धुन के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भटिंडा (पंजाब) में तैनात सैनिक की ड्यूटी के दौरान अचानक दर्द होने से मृत्यु हो गई। मृतक की बटालियन द्वारा सेना के जवान का शव भटिंडा (पंजाब) से गांव मदारीपुर लाया गया जहां पर सेना के अधिकारियों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर दिवंगत सैनिक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार विवरण के अनुसार मदारीपुर निवासी हरी सिंह भारतीय थल सेना में नायक के पद पर तैनात थे। बीते दिनों उनके सीने में अचानक दर्द हुआ। सैनिक को सेना के अस्पताल ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया। निधन की सूचना परिवारी जनों को दी गई।सूचना मिलते ही पूरे परिवार में गम का माहौल व्याप्त हो गया। दिवंगत सैनिक हरी सिंह पुत्र छक्की लाल भटिंडा में तैनात थे, उनका वहीं पर निधन हो गया।गम व देशभक्ति के बीच गांव में ही नही पूरे क्षेत्र के लोग कर्तव्य पथ पर अपना बलिदान देने वाले सैनिक हरी सिंह के अंतिम दर्शन करने के लिए उमड़ पड़े। सेवा काल के दौरान भारत माता की रक्षा करते-करते अपनी जान की बाजी लगाने वाले दिवंगत सैनिक हरी सिंह के निधन की सूचना पाकर नवनिर्वाचित सांसद नारायण दास अहिरवार ,उप जिलाधिकारी जालौन उप जिलाधिकारी जालौन अतुल कुमार नायब तहसीलदार जालौन मुकेश कुमार ,पुलिस क्षेत्राधिकारी राम सिंह ,थाना अध्यक्ष कृष्ण पाल सरोज, थाना अध्यक्ष सिरसा कलार ब्रजेश बहादुर सिंह प्रशासनिक अमला तथा पूर्व सैनिक व ग्राम प्रधानगण एवं मीडिया के लोग भी मौके पर मौजूद रहे। मौके पर पहुंचे सभी लोगों के द्वारा दिवंगत सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेना के जवानों द्वारा मातमी धुन के बीच हरी सिंह को अंतिम विदाई दी गई।



## मन की बात से मुद्दों की बात पर ले आये राहुल गांधी



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस नेताओं ने रायबेली के सांसद व पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी दफ्तर पर पहुंचे, पौधरोपण किया, तदुपरान्त बनकटा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर फल व मिष्ठाइयां बाटा। कहा राहुल गांधी से पूरा देश आशान्वित है। 2024 के जनादेश ने स्पष्ट कर दिया है कि राहुल गांधी जननायक के रूप में स्थापित हो चुके हैं और कभी भी भारत के प्रधानमंत्री हो सकते हैं। उन्होने दिशाहीन हो चुकी हुई देश राजनीति को मन की बात से मुद्दों की बात पर लाकर केन्द्रित कर दिया। राहुल गांधी ने अहंकार में डूबी भाजपा सरकार को मुद्दों पर बात करने और सोचने पर विवश कर दिया। पौधरोपण, फल व मिष्ठान वितरण में नर्वदेश्वर शुक्ल, प्रवक्ता मो. रफीक खां, शकुन्तला देवी, अलीम अख्तर, अमरबहादुर शुक्ल उर्फ तप्पे बाबा, लालजीत पहलवान, अशोक श्रीवास्तव, बृजेश कुमार पाण्डेय, विपिन कनौजिया, लक्ष्मी यादव, डीएन शास्त्री, राजबहादुर निषाद, इजहार अहमद, संजीव त्रिपाठी, मो. जमील, घनश्याम आदि का योगदान रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे सुरक्षा कर्मी की हुई मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कजपुरा गांव के मजरा पाल का पूरा निवासी एसएसएफ जवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा की अयोध्या में राम जन्मभूमि की सुरक्षा में तैनाती के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले को आत्महत्या से जोड़कर जांच पड़ताल में जुटी है। बुधवार को देर शाम शव के घर पहुंचते ही परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस दौरान आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा रही। कजपुरा गांव के मजरा पाल का पूरा निवासी शत्रुघ्न विश्वकर्मा (25) वर्ष 2016 में पुलिस में भर्ती हुए थे। करीब तीन वर्ष की नौकरी के बाद एसएसएफ जवान के रूप में इनकी तैनाती गोंडा में हुई थी। वर्तमान में यह अयोध्या राम जन्मभूमि की सुरक्षा में तैनात थे। बुधवार की सुबह अचानक गोली लगने से यह लहूलुहान होकर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज पर उनके साथी मौके पर पहुंचे। साथी जवानों ने अस्पताल पहुंचाया।

# डीएम ने किया मुख्यालय के विभिन्न पटलो का निरीक्षण, दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो तथा कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पंच स्थानीय चुनाव कार्यालय, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, सूचना विभाग, संयुक्त कार्यालय, स्थानीय निकाय अनुभाग कार्यालय नजारत कार्यालय, ट्रेजरी, चकबंदी कार्यालय, खनन विभाग तथा आपदा कार्यालय सहित अन्य पटलो का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह समय से कार्यालय में उपस्थित रहे व 10 बजे से 12 बजे तक आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, अन्यथा की दशा में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय की साफ सफाई, फाइलों की रख रखाव तथा अधिकारी/ कर्मचारी की उपस्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया कि कार्यालय की नियमित साफ सफाई कराए। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि समस्त अधिकारी/ कर्मचारी कार्यालय में समय से उपस्थित रहे तथा अपने पदीय दायित्तों का निर्वहन करे। जिलाधिकारी द्वारा चकबंदी अधिकारी न्यायालय पर उपस्थित वादकारियो से भी वार्ता की गई ।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी दयाशंकर पाठक, वरिष्ठ कोषाधिकारी बृज लाल, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित है।

# अंतर्राष्ट्रीय पित्र दिवस व योग सप्ताह पर लक्ष्य संस्था का सम्मान समारोह सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लक्ष्य साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था लखनऊ के तत्वावधान में पित्र दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अवसर पर स्थानीय अलीनगर सुनहरा स्थित एस एस डी पब्लिक स्कूल के सभागार में एक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्ष श्याम मिश्र श्याम, मुख्य अतिथि डॉ सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक, विशिष्ट अतिथि डॉ सुभाष गुरुदेव, डॉ अरुण कुमार भरारी एवं डॉ के डी मिश्र रहे।

दीप प्रज्वलन, मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन सुकवि शशि नारायण त्रिपाठी की सुमधुर वाणी वंदना व डॉ तमाचा लखनवी के कुशल संचालन से काव्य समारोह का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात गज़लकार सचिन मेहरोत्रा, कवयित्री शीला वर्मा मीरा, युवा कवयित्री वंदिता पाण्डेय को संस्था द्वारा माल्यार्पण, शाल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर साहित्य साधना सम्मान से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के संस्थापक रामानंद सैनी एवं डॉ विनोद कुमार यादव ने अपने विद्यालय की ओर से डॉ अरूण कुमार भरारी, डॉ के डी मिश्र, डॉ राकेश प्रताप सिंह, प्रेम कुमार शर्मा, डॉ पुष्पा यादव, अशोक भारती, संतोष चौबे का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। देर रात तक चले उक्त काव्य समारोह का कुशल संचालन डॉ मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी ने किया। स्वागत उद्बोधन रामानंद सैनी एवं डॉ प्रवीण कुमार शुक्ल गोबर गणेश ने किया। उक्त काव्य समारोह में जिन-जिन अतिथियों विद्वतजनों काव्य मनीषियों ने अपनी गरिमामई उपस्थिति, उद्बोधन एवं काव्यात्मक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को शिखरता प्रदान की उनमें सर्व श्री श्याम मिश्रा श्याम, डॉ सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक, डॉ सुभाष गुरूदेव, डॉ अरूण कुमार भरारी, डॉ केडी मिश्रा, डॉ शरद पाण्डेय शशांक, प्रवीण कुमार शुक्ल गोबर गणेश, सचिन मेहरोत्रा, श्रीमती शीला वर्मा मीरा, कवि एवं शायर पण्डित बेअदब लखनवी, स्वामी रामानंद सैनी, शशि नारायण त्रिपाठी, नीलेश राजहंश ज्वाला, आशुतोष तिवारी आशु, वन्दिता पाण्डेय, सुश्री महिमा तिवारी, नीलेश पाण्डेय, अनुराग सैनी मुकुंद, शायरा उमा लखनवी, अशोक विश्वकर्मा गुंजन, संतोष तिवारी हिंदवी, डॉ प्रेम कुमार शर्मा, डॉ राकेश प्रताप सिंह, डॉ पुष्पा यादव, अशोक भारती, संतोष चौबे, आरबी दुबे, विनोद कुमार यादव तथा मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी आदि के नाम मुख्य हैं। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के साहित्यिक सचिव डॉ शरद पाण्डेय शशांक ने किया।

# कुवैत की आग

कुवैत के ग्राफशहर छह मन्जिला इमारत में लगी आग की वजह से चर्चा में है। इमारत में 195 लोगों का निवास था। सभी एक कम्पनी के वर्कर थे। ज्यादा मौते घूयें में दम घुटने की वजह से हुई। आग से बचाव के लिये जो मानदन्ड निर्धारित है और जो अपरेटस होने चाहिये उसमें यहां की व्यवस्था ना काम है इसलिये लोगो को बचाया नहीं जा सका। इतने लोगो की मौत हो गई। मालिक पैसे बचाने की लालच में मान दन्डों की परवाह नहीं करते है उनकी अनदेखी करते है। उनके लिये पैसा आदमी के जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण है। कुवैल के उपप्रधानमंत्री उपरोक्त दोषों की पुष्टी करते है। इस हादसे में विदेशों में रोजी के लिये जाने वाले भारतीयों को लेकर मानवसेवी संगठन इस मुद्दे को उठाते रहते है। कुवैत की आबादी को दो तिहाई हिस्सा बाहरी देशों से आने वाले मजदूरों की है। यहां की अर्थव्यवस्था इन्हीं प्रवासी मजदूरों पर निर्भर है। यहां की आबादी का 21 प्रतिशत हिस्सा और कुल वर्कफोर्स का 30 प्रतिशत हिस्सा भारतीयों का है। बाहर से इतनी बड़ी मजदूरों की संख्या के आने की वजह कुवैत दीनार है। इसकी विनभय दर बहुत ऊंची है और दिनार अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा में भी काफी कीमती है। वर्तमान में कुवैती दीनार की कीमत भारतीय मुद्रा में 272 रूपये से ज्यादा है। वहां वेतन भुगतान की दर भी बहुत अच्छी है। यहां निम्म्र और मध्यम श्रेणी के कार्यो के लिये यहां की मुद्रा में 1000 से 3000 दीनार है। भारतीय मुद्रा से बदलने पर 75 000 हो जाता है। भारत ने हादसे को लेकर तत्परता दिखाई। प्रधानमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक बुला कर स्थिति की समीक्षा की। दोनो सरकार आपस में अच्छा तालमेल बना रक्खा है। भारत के विदेश राज्यमंत्री किर्तिवधन सिंह तुरन्त रवाना होकर मजदूरों के बीच पहुच चुके है। वहां घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था देख रहे है। सरकारी स्तर पर यह तत्परता सराहनीय तो है ही इससे भारतीयों में भरोसा बना रहा है कि उनके हर अच्छे बुरे में उनकी सरकार उनके साथ खड़ी है। यह भारतीयों के नैतिक साहस के बढ़ाये रखती है और उनके जख्मों को सहलाती रहती है। अपनी सरकार कामगारों बेफिक्र हो कर काम करने के लिये उत्साहित करती रहती है। आगे के लिये भारत सरकार कुवैत सरकार से तालमेल बना कर काम करते रहना चाहिये। जिससे इस तरह की या अन्य कोई दुर्घटना भारतीयों के साथ न घटे। सुरक्षा और आर्थिक जरूरतों को लेकर वर्कर जितना सन्तुष्ट और बेफिक्र रहेगे उतना उनके काम की गुणवत्ता अच्छी होगी और उनके लिये भागीदारी रहेगी उनकी इज्ज़त भी बनी रहेगी।

## संगीत है शांति और सुकून


ललित गर्ग

संगीत मानव जगत को ईश्वर का एक अनुपम दैवीय वरदान है। यह न सरहदों में कैद होता है और न भाषा में बंधता है। माना हर देश की भाषा, पहनावा और खानपान भले ही अलग हों, लेकिन हर देश के संगीत में सभी सात सुर एक जैसे होते हैं और लय-ताल भी एक-सी होती है। संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। विशेषज्ञों की मानें, संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देती है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। रोज की भागदौड़ और व्यस्तता के बीच संगीत आपको सुकून के पल बिताने का मौका देता है। साथ ही संगीत आपके अकेलेपन का एक बढ़िया साथी भी बन सकता है। संगीत की इसी खासियत को सभी तक पहुंचाने के लिये 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम है ÷एक वैश्विक ध्वनि वाली दुनिया का सामना करना। संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है 'संगीत उत्सव'।

विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। विश्व संगीत दिवस कुल 17 देशों में ही मनाया जाता है इसमें भारत, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन, लक्समवर्ग, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, कोस्टारीका, इजाराइल, चीन, लेबनाम, मलेशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, फिलीपींस, रोमानिया और कोलम्बिया शामिल हैं। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे। लांगफेलों के अनुसार संगीत मानव की विश्वव्यापी भाषा है।'

विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसिक शांति के लिए संगीत को अहम माना गया है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है।

भारत में संगीत का हजारों वर्षो का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है।

संगीत आपके मूड, भाव और विचारों पर असर डालने की ताकत रखता है। एक अध्ययन के अनुसार, जोशीला संगीत कुछ समय में ही मूड को तरोताजा कर देता है। संगीत के सात स्वर बीमारियों को छूमंतर कर सकते हैं। संगीत मन के भाव को बयां करने का बेहद सरल तरीका है। संगीत में लय, ताल का समावेश है तो संगीत थिरकने पर मजबूर कर देता है। लेकिन यही संगीत हमारे स्वास्थ्य को भी बेहतर कर सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# योग व संगीत दिवस का अभूतपूर्व संगम


किशन सनमुखदास भावनानी

**वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां को अब विश्वास हो गया है कि भारत जो रणनीति बनाकर पूरी दुनियां में क्रियान्वयन करता है तो उसकी सफलता केदूरगामी परिणामों से सफलता के झंडे गढ़ जाते हैं,जिसकी उम्मीद कोई विकसितदेश भी नहीं कर सकता जिसका सटीक उदाहरण अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव में यान,भारत का मोटा अनाज यानें अन्नश्री व योग के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक परिणाम दिखे हैं।हम अगरपिछले 4 महीनों से देखें तो, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 की युद्ध स्तरपर तैयारीयां चल रही थी बैक टू हंड्रेड डेस, बैकटू 50 डेस की रणनीति से पूरे देश में गतिविधियां हो रही थी।**

अभी पिघले 10 दिनों से माननीय पीएम भी रोज उष्ट्रासन, भद्रासन, अर्ध चक्रासन, पादहस्त आसान, त्रिकोणासन, ताड़ासन, वृक्षासन सहित अनेक योगासन के वीडियो मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रोज़ साझा कर रहे हैं, जो यह साबित करता है कि आम से खास व्यक्तियों में योग दिवस का कितना उत्साह देखा जा सकता है।

वैसे योग दिवस पर सोने पर सुहागा यह भी है कि उस दिन अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस भी मनाया जाता है, यानें योग और संगीत का अनोखा योगदान मानवीय स्वास्थ्य को सकारात्मक लाभ पहुंचता है,क्योंकि आज हम देख रहे हैं कि संगीत पर योग का प्रचलन काफी बढ़ गया है, अलग-अलग म्यूजिक बजाकर योग किया जाता है, यानेंआधुनिक डिजिटल युग का प्राचीन योग प्रणाली को आधुनिक संगीत एक और एक मिलकर ग्यारह बन गए हैं और पूरे विश्व को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं, जो न केवल भारत के हर गांव से लेकर शहर और मेट्रोसिटी तक गूंज रहा है, बल्कि करीब करीब 190 से अधिक देशों में इसकी झंकार सुनाई दे रही है। चूंकि भारत एक बार फिर योगगुरु व विश्वगुरु की भूमिका में दिखाई दे रहा है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, योग दिवस 21 जून 2024 का धरती से लेकर आसमान तक व देश से विदेश तक डंका बज रहा है,योग व संगीत दिवस का अभूतपूर्व संगम, तथा स्वयं व समाज के लिए योग, हर घर योग। साथियों बात अगर हम 21 जून 2024 को भारत में योग दिवस मनाने की करें तो,पीएम 21 जून को श्रीनगर में 10 वें अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस समारोह में रहेंगे। इस वर्ष अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस का विषय है- स्वयं और समाज के लिए योग। केंद्रीय आयुषमंत्री कहा कि इस वर्ष का विषय- व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका के महत्?व को दर्शाता है। हाल के वर्षों में लाखों लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव का पता चलता है।इस अवसर पर, दृष्टिबाधित लोगों की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में एक सामान्य योग प्रोटोकॉल पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने योग पर प्रोफेसर आयुष्मान कॉमिक का लोकार्पण भी किया। यह पुस्तक बच्चों को रुचि और मनोरंजन के साथ योग सीखने और अभ्यास करने में मदद करेगी।एक विशेष पहल के रूप में, इस वर्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस पर एक अनूठी पहल अंतरिक्ष के लिए योग का आयोजन कर रहा है। इसरो के सभी वैज्ञानिक और अधिकारी सामान्य योग प्रोटोकॉल दिशानिर्देशों के अनुसार एक साथ योग करेंगे। गगनयान मिशन के सदस्य भी योगाभ्यास करके अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के वैश्विक अभियान में शामिल होंगे।योग के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय ने माई गॉव पोर्टल और माई भारत पोर्टल पर योगा टेक चैलेंज शुरू किया है। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि इस वर्ष का विषय स्वयं और समाज के लिए योग व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका को परिलक्षित करता है।उन्होंने कहा,योग शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथसाथ सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देता है। साथियों बात अगर हम योग दिवस के उद्देश्यों और महत्व की करें तो, इसका उद्देश्य योग अभ्यास के असंख्य लाभों के बारे में वैश्विक जागरूकता पैदा करना है।प्रस्ताव में व्यक्तियों और समुदायों द्वारा स्वस्थ विकल्प चुनने तथा अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली जीवनशैली अपनाने के महत्व को स्वीकार किया गया है।इसके अनुरूप, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सदस्य देशों से अपने नागरिकों को शारीरिक निष्क्रियता कम करने के लिए प्रोत्साहित करनेका आग्रह कियाहै, जो दुनिया भर में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है और हृदय संबंधी बीमारियों, कैंसर और मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है हालांकि योग में सिर्फ़ शारीरिक गतिविधि ही शामिल नहीं है। जैसा कि प्रसिद्ध योगा भ्यासकर्ता स्वर्गीय बी.के.एस. अयंगर ने कहा था, योग रोज़मर्रा की ज़िंदगी में संतुलित मानसिकता विकसित करता है और काम करने में कुशलता बढ़ाता है। इसके अनेक लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक तरीका है।योग मन और शरीर का एक अभ्यास है जिसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।यह तनाव को कम करने, लचीलेपन में सुधार करने और ताकत बढ़ाने में मदद कर सकता है। यह दुनिया भर में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने का एक तरीका है।योग एक सार्वभौमिक अभ्यास है जिसका आनंद सभी आयु और क्षमताओं के लोग उठा सकते हैं।यह आपके शरीर और मन से जुड़ने तथा आपके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने का एक तरीका है। योग की उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले भारत में हुई थी और यह आज भी भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



# आधुनिक होते आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं की कमी


भारती सुथार

इस माह के पहले सप्ताह में राजस्थान के गृह सचिव ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन या टैबलेट उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया है ताकि केंद्र के कामों की ऑनलाइन मॉनेटरिंग की जा सके। इससे आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों और उनके स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड के साथ साथ महिलाओं और किशोरियों को मिलने वाले लाभों का आंकड़ा भी एकत्र करने में मदद मिलेगी। बैठक में मुख्य सचिव ने प्राथमिकता के आधार पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल और शौचालयों की सुविधा को बेहतर बनाने के साथ साथ बिजली कनेक्शन को ठीक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी केंद्रों पर पोषाहार सप्लाई की मात्रा और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक और डिजिटलाइज करने की राज्य सरकार की यह पहल सराहनीय है. इससे पहले भी इसी वर्ष अप्रैल में राजस्थान सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की थी।

इस वक्त पूरे राजस्थान में करीब 62,020 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किये जा रहे हैं. जिसके माध्यम से लाखों बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण मुक्त बनाया जा रहा है. जिसका सफलतापूर्वक संचालन इन्हीं कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के कारण मुमकिन होता है. लेकिन इसके बावजूद कई बार केंद्र पर सुविधाओं की कमी के कारण इन्हें बहुत कठिनाइयों के बीच काम करना पड़ता है. इसका एक उदाहरण राजस्थान के चूरू जिला स्थित घड़सीसर गांव है. जहां संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं की कमी के बीच कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं को काम करना पड़ रहा है। राजधानी जयपुर से करीब 254 किमी दूर और चुरु जिला के सरदारशहर ब्लॉक से 50 किमी की दूरी पर बसे घड़सीसर गांव की आबादी करीब 3900 है. यहां की पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार गांव में महिला और पुरुष की साक्षरता दर में काफी अंतर है. जहां पुरुषों में साक्षरता की दर 62.73 प्रतिशत के करीब है वहीं महिलाओं में यह मात्र 38.8 प्रतिशत दर्ज की गई है. राजपूत बहुल इस गांव में उच्च और निम्न वर्गो की भी अच्छी आबादी है. पांच वार्डो पर आबाद इस गांव में तीन आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं. जहां सुविधाओं की काफी कमी है. इस संबंध में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 की सहायिका मनोहरी देवी बताती हैं कि आंगनबाड़ी केंद्र का अपना भवन बना हुआ है, लेकिन उसमें बिजली, पानी और शौचालय की कोई सुविधा नहीं है. इसके कारण इस केंद्र को गांव के सामुदायिक केंद्र में संचालित किया जाता है. वह बताती हैं कि इस केंद्र पर 0-6 साल के 57 बच्चों के नाम दर्ज हैं. जिन्हें केंद्र की ओर से पोषाहार के रूप में दलिया और खिचड़ी दिए जाते हैं. साथ ही गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को आयरन की गोलियां भी दी जाती हैं. साथ ही उनमें सेनेटरी पैड भी बांटे जाते हैं, लेकिन पिछले दो महीनों से इसे केंद्र पर उपलब्ध नहीं कराया गया है। मनोहरी देवी के अनुसार अपना भवन होने के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्र को सामुदायिक भवन में संचालित करना बहुत चुनौती भरा काम है क्योंकि कई बार भवन में शादी-ब्याह या अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं तो जगह की कमी के कारण बच्चों को वापस घर भेजनी पड़ती है. वह बताती हैं कि बच्चों को घर से लाना और फिर उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने की ज़िम्मेदारी भी हमारी होती है. इसके अतिरिक्त प्रतिदिन जाने से पहले यहां साफ़-सफाई भी करनी होती है. वह कहती हैं कि राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को बिजली, पानी और शौचालय की सुविधाओं से पूर्ण करने के फैसले से हमें काफी ख़ुशी हो रही है. विभाग द्वारा इस पर जल्द अमल किया जाना चाहिए ताकि न केवल बच्चों बल्कि हमें भी इससे काम करने में आसानी होगी। वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 और 2 को माध्यमिक विद्यालय में निर्मित भवन में संचालित किये जाते हैं. यहां भी केवल भवन का निर्माण किया गया है. इनमें भी आवश्यक सुविधाओं की काफी कमी है. आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 की सहायिका लिदमा देवी का कहना है कि इस केंद्र में 0 से 3 साल की आयु के 26 बच्चे और 3 से 6 साल की उम्र के 30 बच्चों का नामांकन है. जहां सरकार की ओर से बच्चों के बैठने के लिए कुर्सियां, मेज़ और खेलने के लिए कुछ खिलौने उपलब्ध कराये गए हैं. लेकिन भवन में पानी की सुविधा नहीं है. ऐसे में स्कूल में बने नल से पानी भर कर लाया जाता है जबकि स्थानीय स्वयंसेवी संस्था उरमूल सेतु के सहयोग से इसमें शौचालय का निर्माण किया गया है. वह बताती हैं कि यह केंद्र केवल एक कमरों का बनाया गया है, जिसमें बच्चों को बैठाने के साथ साथ रसोई के सामान भी रखे जाते हैं. रसोई के लिए अलग कमरे की व्यवस्था नहीं होने की वजह से उसी कमरे में बच्चों के लिए दलिया और खिचड़ी पकाने की मज़बूरी होती है, जो काफी खतरनाक भी है. हमें बहुत सावधानी से खाना पकाना होता है। वहीं आंगनबाड़ी संख्या 2 की कार्यकर्ता शांति का कहना है कि इस केंद्र में 0-3 साल के 40 बच्चे और 3-6 साल के 25 बच्चे नामांकित हैं. जिन्हें दलिया और खिचड़ी खिलाई जाती है वहीं महिला और किशोरियो को आयरन और कैल्शियम की दवाइयां दी जाती हैं. वह बताती हैं कि आंगनबाड़ी केंद्र के नाम पर केवल भवन का निर्माण किया गया है. न तो इसमें पानी और न ही शौचालय की व्यवस्था है. स्कूल के कुंड से ही केंद्र के लिए पानी की व्यवस्था की जाती है और शौचालय भी वहीं का इस्तेमाल करते हैं. शांति देवी कहती हैं कि सुविधाओं के बिना काम करना बहुत बड़ी चुनौती है. लेकिन बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हम प्रतिदिन इस चुनौती का सामना करने को तैयार रहते हैं. अब सरकार ने जब आंगनबाड़ी केंद्रों की सुध ली है और यहां सुविधाओं को बेहतर बनाने की बात कही है तो यह हमारे काम में नई ऊर्जा का संचार कर देगी। इस संबंध में घड़सीसर गांव के सरपंच मनोज भी इन आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं की कमी को स्वीकार करते हुए कहते हैं कि फिलहाल इन्हें सामुदायिक केंद्र और स्कूल भवन में शिफ्ट किया गया है. लेकिन यह स्थाई समाधान नहीं है. पंचायत की ओर से इस सिलसिले में महिला एवं बाल विकास विभाग को पत्र लिख कर स्थिति से अवगत करा दिया गया है और सुविधाओं को पूरा करने के लिए बजट भी बना कर भेज दिया गया है. जैसे ही बजट स्वीकृत हो जायेंगे तो इन भवनों में बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था भी कर दी जाएगी. बहरहाल, राजस्थान सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन या टैबलेट के साथ साथ भवनों को बुनियादी सुविधाओं से लैस करने की पहल न केवल इसके कामकाज को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा बल्कि राज्य को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा।



# बुलेट ट्रेन- वंदे भारत नहीं ट्रेन्स का सुरक्षित संचालन ज़रूरी


निर्मल रानी

**गत 15 जून को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली में पत्रकारों से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान रेल मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाते हुये कह रहे थे कि भारतीय रेल आगामी 5 वर्षों में 250 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस और 300 से अधिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स चलाने की योजना पर कार्यरत है। इसी वार्ता के दौरान उन्होंने नई रेल पटरियां बिछाने ,गाड़ियों को तीव्र गति देने जैसे कई विषयों पर रौशनी डाली। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए छह हज़ार किलोमीटर के मार्ग पर कवच लगाने का काम तेज़ गति से चल रहा है और अब दस हज़ार किलोमीटर मार्ग को कवच से लैस करने के लिए निविदा लाने की तैयारी की जा रही है। रेल मंत्री ने बताया कि नेटवक की क्षमता का विस्तार होने के बाद नयी गाड़ियों को तेज़ गति से चलाना संभव होगा। जिस दिन रेल मंत्री अपने मंत्रालय की उपरोक्त अनेक उपलब्धियां गिना रहे थे उसके ठीक दो दिन बाद यानी 17 जून (सोमवार) को प्रातःकाल जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन में पीछे से आ रही एक मालगाड़ी ने ज़ोरदार टक्कर मार दी।**

रंगापानी और निजबाड़ी के निकट हुई इस दुर्घटना में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में अब तक 15 लोगों के मरने व 60 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। इस घटना को लेकर रेलवे की ओर से अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयान सुनने को मिले।रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा के अनुसार उक्त ट्रेन्स में टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। जबकि लोको पायलट संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा कि ''रेलवे बोर्ड का यह कहना ग़लत है कि चालक को लाल सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन रोकनी चाहिए और टीए 912 मिलने के बाद सीमित गति से आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''लोको पायलट की मौत हो जाने और सीआरएस जांच लंबित होने के बावजूद लोको पायलट को ही ज़िम्मेदार घोषित करना अत्यंत आपत्तिजनक है।÷ प्रायः रेल दुर्घटना बाद इस तरह के अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयानआना भी एक सामान्य बात है। क्योंकि प्रत्येक अधिकारी यही चाहता है कि वह स्वयं को सुरक्षित रखते हुये दुर्घटना का ज़िम्मेदार किसी और कर्मचारी या अधिकारी को ठहरा दे। ज़ाहिर है यह नैतिकता का वह दौर तो है नहीं जबकि नवंबर 1956 में तमिलनाडु में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना के बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिक आधार पर रेल मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया था। बहरहाल रेल विभाग के विकास व आधुनिकीकरण के तमाम दावों के बावजूद किसी न किसी कारण रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। दो जून 2023 को ओडिशा में बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी से जुड़ी भयानक ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना जिस में कम से कम 50 लोग मारे गए थे और 350 से अधिक घायल हो गए थे वह तो सबसे अधिक चर्चा का केंद्र बनी थी। गत दस वर्षों में हुई प्रमुख रेल दुर्घटनाओं में 26 मई 2014 को उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर में गोरखपुर की ओर जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस दुर्घटना हुई जो ख़लीलाबाद स्टेशन के पास खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज़्यादा लोग घायल हो गए थे। फिर 20 नवंबर 2 016 को कानपुर में पुखरायां के निकट इंदौर-पटना एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी जिसमें कम से कम 150 यात्रियों की मौत हो गई थी और 150 से अधिक यात्री घायल हो गए थे। इसी तरह 18 अगस्त 2017 को पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस मुज़फ़्फ़र नगर में पटरी से उतर गई थी जिसमें 23 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 60 अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद 13 जनवरी 2022 को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार क्षेत्र में पटरी से उतर गए, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। यह घटनायें उल्लेखनीय हैं। प्रत्येक दुर्घटना के बाद रेल विभाग द्वारा अपनी आत्मरक्षा में तथा रेल यात्रियों को संतुष्ट करने की ग़रज़ से रेल सुरक्षा कवच से सम्बंधित कोई न कोई बयान भी दिया जाता है। परन्तु वास्तव में सुरक्षा सुनिश्चित हो नहीं पाती और बदनसीब रेल यात्री अपनी मंज़िल पर पहुँचने के बजाये ऐसी दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप अपनी जानें गँवा बैठते हैं और रेल विभाग को करोड़ों का नुक़्सान भी उठाना पड़ता है। उधर रेल विभाग का फ़ोकस बुलेट ट्रेन,वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स तथा रेल स्टेशंस की चमक दमक पर अधिक रहता है। जगह जगह स्टेशन के बाहर 100 फ़ुट के पोल पर तिरंगा फहराकर लोगों में राष्ट्रवाद जगाया जा रहा है। रेल इंजन्स पर तिरंगा चिपकाना ठीक है परन्तु रेल यात्री की यात्रा सुरक्षित है,इस बात की कोई गारंटी नहीं। ऐसी भीषण गर्मी में तमाम स्टेशन पर शीतल जल तो छोड़िये पीने का सादा पानी तक उपलब्ध नहीं है। बुज़ुर्गों को रेल यात्रा में दी जाने वाली छूट समाप्त कर दी गयी है। तमाम इंटरसिटी ट्रेन की सामान्य बोगी की जगह स्लीपर क्लास कर न केवल यात्रियों को बल्कि टिकट निरीक्षकों को भी परेशानी में डाल दिया गया है। ऐसे में देश के अभिजात वर्ग के लोगों के लिये चलाई जाने वाली बुलेट ट्रेन,वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स आदि से सामान्य रुट पर सामान्य रेल गाड़ियों से यात्रा करने वाले आम रेल यात्रियों को क्या हासिल ? हम जैसे करोड़ों लोगों ने तो इत्तेफ़ाक़ से आजतक शताब्दी जैसी ट्रेन्स पर भी सफ़र इसलिए नहीं किया क्योंकि इसका किराया अन्य ट्रेन से अधिक है। ऐसे में रेल विभाग की प्राथमिकता क्या होनी चाहिये ? सामान्य ट्रेन्स को सामान्य नागरिकों की रेल यात्रा के मद्देनज़र सुगम,सुरक्षित,आरामदेह बनाना तथा प्रत्येक यात्री को बैठने की सीट मुहैय्या कराना या कि बुलेट ट्रेन,वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स की उपलब्धियों का बखान करना।



अवधनामा



# 'मेरी बस, मेरी सड़क' पहल की शुरुआत की



**लखनऊ।** आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्यस्थलों तक आने-जाने के लिए एक सुगम परिवहन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इस दिशा की ओर बढ़ते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार के नगरीय परिवहन निदेशालय ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के साथ मिलकर आज 'मेरी बस, मेरी सड़क' पहल की शुरुआत की है, ताकि राज्य में एक सतत नगरीय परिवहन को प्रोत्साहित किया जा सके।

इस पहल के अंतर्गत, यूएसएआईडी समर्थित क्लीनर एयर एंड बेटर हेल्थ (सीएबीएच) परियोजना के तहत नगरीय परिवहन निदेशालय के मार्गदर्शन में तीन स्वतंत्र शोध अध्ययनों को भी प्रकाशित किया गया है। इस अध्ययनों में, सीईईडब्ल्यू ने उत्तर प्रदेश के 26 प्रमुख शहरों में 2031 तक आवश्यक बसों की संख्या; बस स्टॉप और फुटपाथ जैसे आधारभूत ढांचे और निवेश संबंधी आवश्यकताओं के साथ-साथ एक उन्नत सार्वजनिक परिवहन के लाभों का आकलन किया है। अध्ययनों से सामने आए निष्कर्ष उत्तर प्रदेश के राज्य नगर बस कार्यक्रम को विकसित करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। 'मेरी बस, मेरी सड़क' कार्यक्रम में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2031 तक प्रतिदिन कम से कम 60 लाख यात्रियों को सेवाएं देने के लिए उत्तर प्रदेश में 12,000 से अधिक नगरीय बसों की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त, अध्ययनों ने अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने से होने वाले लाभों को भी रेखांकित किया है। सीएनजी बसों की तुलना में ई-बसें 23-32 प्रतिशत तक सस्ती होंगी और वाहनों से होने वाले प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाएंगी, जिससे समग्र वायु गुणवत्ता (एयर क्वालिटी) में सुधार होगा। रिपोर्ट यह भी संकेत करती है कि उन्नत बस सेवाएं आने पर 40 लाख लोग दोपहिया और तिपहिया वाहनों की जगह पर बसों को अपना सकते हैं, जिससे सड़कों पर भीड़-भाड़ में कमी आएगी। यह परिवर्तन 2031 तक 24 किलोटन पीएम 2.5 (PM2.5), 3.38 मीट्रिक टन कार्बन मोनो-ऑक्साइड (CO) और 0.321 मीट्रिक टन नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOX) जैसे प्रदूषणकारी तत्वों को घटाते हुए वायु गुणवत्ता में सुधार लाएगा। डॉ. राजेंद्र पेंसिया, निदेशक, नगरीय परिवहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार, ने कहा, ÷उत्तर प्रदेश माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आर्थिक विकास की अपनी महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए तीव्र नगरीकरण की दिशा में अग्रसर है। विकसित भारत के उद्देश्यों को पूरा करने हेतु, नगरों को सशक्त सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों से सुसज्जित होना होगा, ताकि यात्री सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके और बढ़ते ट्रैफिक जाम जैसे दुष्प्रभावों को भी रोका जा सके। यह पहल राज्य और इसके आगामी नगरीय बस उपक्रमों के लिए एक व्यापक दृष्टि व रूपरेखा की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। आज नगरीय परिवहन निदेशालय द्वारा काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के साथ जारी किए गए अध्ययन उत्तर प्रदेश में भविष्य के नगर बस परिवहन के लिए एक व्यापक रूपरेखा (रोडमैप) उपलब्ध कराते हैं। हमें विश्वास है कि आगामी वर्षों में मेरी बस मेरी सड़क कार्यक्रम बसों की संख्या में अधिकाधिक वृद्धि, बेहतर सेवाएं और सुव्यवस्थित नगर परिवहन प्रबंधन में एक अहम भूमिका निभाएगा। सौमित्र दास, टीम लीड- एनवायरनमेंट, यूएसएआईडी/भारत ने कहा, ÷यूएसएआईडी को मेरी बस, मेरी सड़क पहल का समर्थन करने पर गर्व है, जो उत्तर प्रदेश में नगरीय आवागमन को उन्नत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विद्यार्थी दे रहे प्रतियोगिताओं द्वारा योग संदेश

**मथुरा।** जनपद के आयुर्वेद मेडिकल शैक्षणिक संस्थान एस.के.एस, संस्कृति, धनवंतरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं बी.एस.ए डिग्री कॉलेज मथुरा में विद्यार्थियों ने योग के महत्व पर आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ÷योग स्वयं एवं समाज के लिए÷ से संबंधित विषयों पर योग प्रशिक्षक ने शिक्षक गण एवं छात्र/छात्राओं के समक्ष सेमीनार के माध्यम से जन जागरूकता के रूप में प्रस्तुत किया गया। आयुष विभाग के चिकित्साधिकारी डा0 अमृत पाल, डा0 पंकज, डा0, अरविंद सरोज, डा0 रचना, डा0 सुमनलता, डा0 मनीषा शर्मा, डा0 अमित गुप्ता, डा0 परितोष झा की सहभागिता रही। इस प्रकार की अन्य प्रतियोगिताएं प्राचीन विधा के प्रचार प्रसार हेतु 20 जून 2024 तक की जाएंगी। इसी सत्र में आयुष योग प्रशिक्षक द्वारा कामन योग प्रोटोकॉल का भी अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों में से विजेताओं को ससम्मान प्रशस्ति पत्र का वितरण 21 जून 2024 को समापन समारोह में किया जाएगा।

# अभी तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुईः व्यास यादव



**लखनऊ।** देवरिया जनपद के बरहज विधानसभा क्षेत्र के सतराव निवासी श्री दद्दन यादव की पिछले महीने 20 मई को पुलिस की पिटाई में हुई मौत में मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी का धरना जारी है। इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी 17 जून से सतराव में धरना-प्रदर्शन कर रही है। इस प्रकरण पर इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अभी तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। धरने के दूसरे दिन समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने दद्दन यादव के हत्यारे दारोगा और अन्य अभियुक्तों को तत्काल गिरफ्तार करने, दद्दन यादव की विधवा को नौकरी देने, पचास लाख रुपए सहयोग राशि देने एवं दद्दन की पत्नी के नाम भूमि का पट्टा आवंटित करने की मांग करते हुए कहा कि मांगे पूरी नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। दूसरे दिन धरने में पूर्व विधायक स्वामी नाथ यादव, चंद्रभूषण सिंह यादव, बेचूलाल चौधरी, श्यामदेव यादव, रामप्रवेश यादव बबलू, इस्माइल अंसारी, पंकज वर्मा, अम्बिका सिंह यादव, रामदुलारे यादव, संतोष यादव पूर्व प्रधान, हरिकिशुन यादव, अभिनव यादव, गोपी यादव, विजय रावत, दिव्यांश श्रीवास्तव, हरिकेश, अमरेंद्र यादव, श्रीकांत यादव, अर्जुन यादव, अवनीश गोलू, जितेंद्र यादव बुलबुल, धर्मवीर गुप्ता, सत्यदेव यादव, सुदर्शन चौरसिया, एनपी यादव, उदय प्रकाश यादव, सिकंदर यादव, धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, हरिकेश यादव, रणवीर यादव, हृदय नारायणं जायसवाल, प्रमोद यादव, संतोष यादव, रामप्रताप चौहान, मनोज यादव, श्रीकिशुन यादव, दुर्गेश यादव, हरिकेश यादव, ओमनारायण यादव, राजेंद्र यादव, शमशुल अंसारी, धीरज, भरत सिंह, शिरोमणि सिंह, जावेद, बृजेश पासवान, गायक रामनरेश, रामयोगेंद्र भारती, घनश्याम यादव, हृदयानंद यादव, मुन्ना यादव, अशोक यादव, इकबाल अहमद, पवन यादव, शमशाद, डॉ0 सतेंद्र यादव, मनोज लारी, गिरीश जायसवाल, पंकज चौरसिया, अजय बहुगुणा आदि शामिल रहे। धरना कार्यक्रम का संचालन बरहज के विधानसभा अध्यक्ष राम बहादुर यादव ने किया।

# आकाश आनंद की वापसी को लेकर संशय बरकरार



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी विधानसभा की रिक्त हुई 10 सीटों पर मजबूत प्रत्याशियों को उतारने की कवायद में जुटी है। पार्टी उपचुनाव के जरिए विधानसभा में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने की तैयारी कर रही है। बता दें कि विधानसभा में बसपा के उमाशंकर सिंह अकेले विधायक हैं।

लोकसभा, राज्यसभा और विधान परिषद में पार्टी का कोई भी सदस्य नहीं है। पार्टी सूत्रों की मानें तो उपचुनाव के लिए मजबूत उम्मीदवारों के नामों की फेहरिस्त तैयार करने का जिम्मा इस बार जिलाध्यक्षों को सौंपा गया है। वह उम्मीदवारों के बारे में सीधे बसपा सुप्रीमो मायावती को अपनी रिपोर्ट देंगे, जिसके बाद हाईकमान अंतिम निर्णय लेगा। लोकसभा चुनाव में हुई करारी शिकस्त के बाद उपचुनाव से पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दूर रखा जा रहा है। जानकारों के मुताबिक बसपा के लिए उपचुनाव में अपने प्रत्याशी उतारना मजबूरी बन चुका है क्योंकि आजाद समाज पार्टी भी उपचुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी है। यदि बसपा उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेती है तो दलित वोट बैंक आजाद समाज पार्टी की ओर रुख कर सकता है। यही वजह है कि अपने वोट बैंक को बचाए रखने और विधानसभा में अपने सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए बसपा उपचुनाव में उतरने की तैयारी में है। बता दें कि बसपा ने लोकसभा चुनाव के साथ हुए चार विधानसभा उपचुनाव में भी अपने प्रत्याशी उतारे थे, हालांकि उसे किसी भी सीट पर सफलता नहीं मिली थी। पार्टी के पूर्व नेशनल कोआर्डिनेटर और राजनीतिक उत्तराधिकारी आकाश आनंद की वापसी को लेकर अभी कौतूहल बरकरार है।

# प्रदेश में ग्वालियर सबसे गर्म, पचमढ़ी सबसे ठंडा, 22 जिलों में बारिश का अलर्ट



**भोपाल (यूएनआई)।** मध्य प्रदेश में प्री-मानसून की जमकर बारिश हो रही है। प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश हो रही है तो कुछ जिलों में तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश के देवास, बड़वानी, छिंदवाड़ा, खरगोन और जबलपुर समेत 22 जिलों में आज भी आंधी और बारिश के आसार है। मौसम विभाग की ओर से यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा दतिया और ग्वालियर में गर्मी का देर असर देखने को मिलगा। यहां, लू का अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले मंगलवार को टीकमगढ़, गुना, राजगढ़ और सिवनी में जोरदार बारिश हुई।

विदिशा, मंडला, सतना, नरसिंहपुर, सिवनी, भोपाल, छिंदवाड़ा और नर्मदापुरम में हल्की बूंदाबांदी और बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। राजधानी भोपाल में सुबह पांच बजे तक रिमझिम बारिश होती रही। मंगलवार को प्रदेश का सबसे गर्म जिला ग्वालियर रहा, यहां दिन का तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद पृथ्वीपुर में अधिक गर्मी रही, यहां का तापमान 43.7 डिग्री रहा है। वहीं, शिवपुरी में 42, बिजावर में 41.2, गुना में 41.5, चित्रकूट में 41.7, सीधी में 42.2, खजुराहो में 41, रीवा में 42.4, और जबलपुर में 40.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मंगलवार को प्रदेश के टॉप पांच सबसे ठंडे जिलों की बात करें तो पचमढ़ी में अधिकतम तापमान सबसे कम 31.8 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी के लिहाज से पचमढ़ी सबसे ठंडा शहर रहा। इसके अलावा रायसेन में 33, छिंदवाड़ा में 34.4, दमोह में 35.5 और बैतूल में 35.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के 22 जिलों में आज आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसमें बड़वानी, खरगोन, देवास, सीहोर, विदिशा, शिवपुरी, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, पन्ना, कटनी, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, रीवा और मऊगंज शामिल हैं।

# सीतामढ़ी नव निर्वाचित सांसद के अमर्यादित बयान से मां सीता की धरती पूरे देश में हुई शर्मसार



**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी के नव निर्वाचित सांसद के विवादित बयान के बाद पूर्व सांसद अर्जुन राय ने नगर के एक होटल सभागार में प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान अर्जुन राय ने कहा कि वर्तमान सांसद देवेश चंद्र ठाकुर द्वारा दिए गए अमर्यादित बयान से सीतामढ़ी ही नहीं पूरे देश में माता सीता की धरती शर्मसार हुई है। ऐसे तुच्छ मनुवादी विचार वाले सांसद को सीतामढ़ी की जनता ने गलती से लोकसभा का प्रतिनिधि चुना है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि लोकसभा का प्रतिनिधि जनता का नौकर होता है और वह नौकर मालिक को आज आंख दिखा रहा है। राजद नेता अर्जुन राय ने कहा कि जिस धरती को सीतामढ़ी के पूर्व के जन प्रतिनिधियों ने देश में नाम रोशन करने का काम किया, उसे आज वर्तमान सांसद द्वारा धूमिल किया जा रहा है। उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि गलती से सीतामढ़ी की जनता ने सांप को दूध पिलाने का काम किया है। वह सांप अब अपना असली रूप दिखाने लगा है। मैं भी पूर्व में पांच वर्षों तक सांसद रहा हूं। लेकिन, ऐसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग कभी नहीं किया। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझे जो जनादेश दिया है, उसका मैं सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि यह धरती सामाजिक न्याय की धरती, कर्पूरी ठाकुर, बाबा साहेब अंबेडकर की धरती है। नीतीश कुमार ने पिछड़े वर्ग के हक को मारकर एक मनुवादी विचारधारा के व्यक्ति को टिकट दे दिया। अब वह व्यक्ति जीतने के बाद मुस्लिम, यादव और कुशवाहा समाज पर गलत भाषा का प्रयोग कर रहा है। गौरतलब है कि इन दिनों देवेश चंद्र ठाकुर के विवादित बयान से पूरे बिहार में सियासी घमासान चल रहा है।




केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री, जुएल ओराम नई दिल्ली में सिकल सेल रोग पर जागरूकता सृजन पर राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में

# रैपिड रेल में 7 दिन बाद कर सकेंगे साहिबाबाद से मेरठ तक का सफर

- सौ रुपये में पहुंच जाएंगे साहिबाबाद
- एप से बुक करें टिकट



**मेरठ।** यात्रीगण कृपया ध्यान दें, नमो भारत ट्रेन मेरठ साउथ (भूड़बराल) से चलकर मोदीनगर नॉर्थ के लिए रवाना हो रही है ...दरवाजों से सटकर न खड़े हों, अगला स्टेशन मोदीनगर साउथ है...परतापुर तिराहे के पास मेरठ साउथ स्टेशन पर ऐसा उद्घोष सुनाई देने लगा है। साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक ट्रेन का रोज सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक संचालन हो रहा है। ट्रेन मोदीनगर में यात्रियों को उतारकर मेरठ साउथ स्टेशन तक दौड़ रही है। हर पंद्रह मिनट में मेरठ साउथ से साहिबाबाद तक ट्रेन चल रही है। लोगों के लिए नमो भारत रैपिड ट्रेन को 24 जून से चलाने की तैयारी है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आ सकते हैं। इसके बाद टिकट लेकर कीजिए अपनी नमो भारत ट्रेन में सफर। मेरठ साउथ स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है। यह स्टेशन मेरठ के बॉर्डर पर है, जिसके चलते मोहिउद्दीनपुर, भूड़बराल, बहादुर, अमीनगर, छज्जुपूर, खरखौदा और कादराबाद समेत आसपास के अन्य इलाकों में रहने वाले लोगों समेत मेरठ से दिल्ली के बीच सफर करने वाले आठ लाख लोगों को इस ट्रेन का फायदा मिलने जा रहा है। रैपिड ट्रेन के चलने से मेरठ-गाजियाबाद और दिल्ली के बीच कारोबार बढ़ने के आसार हैं। ट्रेन के रूटों पर आने वाली प्रॉपर्टी के दामों में भी इजाफा होना तय है। एनसीआरटीसी की ओर से रैपिड कॉरिडोर के दिल्ली रोड और रुड़की रोड का जोनल प्लान का डिमांड सर्वे हो चुका है। अब इसे लागू करने की तैयारी है। मेरठ मेट्रो कॉरिडोर की लंबाई 23 किमी है, जिसमें 18 किमी का हिस्सा एलिवेटेड है और 5 किमी का सेक्शन भूमिगत है। मेरठ में कुल 13 स्टेशन हैं, जिनमें से 9 स्टेशन एलिवेटेड और 3 स्टेशन भूमिगत स्टेशन हैं। एक स्टेशन (डिपो स्टेशन) ग्राउंड लेवल पर होगा। स्टेशन प्रभारी सिद्धार्थ कुमार सिंह व अवर अभियंता रितेश सोलंकी का कहना है कि 'आरआरटीएस कनेक्ट' एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर टिकट बुक कर सकते हैं। इसमें रूट के साथ ही किराए व यात्रा की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा यूपीआई, गूगल पे आदि डिजिटल मोड में भी टिकट की धनराशि का भुगतान किया जा सकता है। अभी मोदीनगर नॉर्थ से साहिबाबाद तक ट्रेन का किराया साधारण 90 रुपये व प्रीमियम श्रेणी में 180 रुपये है।

# बीएसए का लिपिक 25 हजार लेते रंगे हाथ पकड़ा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आगरा मंडल की एंटी करेप्शन टीम ने बुधवार की सुबह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात एक लिपिक को पूर्व संविदा कर्मचारी के पिता से 25 हजार रुपये की राशि लेते हुए स्टेट बैंक चौराहे से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से बीएसए कार्यालय में हड़कंप मच गया। बीएसए सुनील दत्त द्वारा जनपद में स्कूल ना जाने वाले शिक्षकों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिनमें शिक्षक संघ के कई पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही हो चुकी है। इससे क्षुब्ध होकर ऐसे कर्मचारी नेताओं के साथ बीएसए कार्यालय के लिपिक ब्रजराज की आफिस में झगड़ा हो चुका है। जिस पर उक्त लिपिक ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। उसके बाद बीएसए ने दबंग शिक्षकों को निलंबित किया गया था। वहीं संविदा कर्मचारी धर्मेन्द्र की भी उक्त शिक्षकों के सांठगांठ थी। जिस पर बीएसए संविदा कर्मचारी धर्मेन्द्र की संविदा रिन्यूवल नहीं कर रहे थे। सभी ने मिलकर करीब 12 दिन पहले भी एंटी करेप्शन टीम को बीएसए कार्यालय में बुला गया था। उस समय ना तो बीएस सुनील दत्त कार्यालय में नहीं थे और ना ही लिपिक ब्रज राज सिंह नहीं मिले थे। उसके बाद एंटीकरेप्शन टीम ने आज डीएम से अनुमति मांगी। जिस पर डीए ने अपने कार्यालय के दो लिपिक टीम को दिए। जिसमें प्रधान लिपिक तारा चंद और कनिष्ट लिपिक कपिल यदुवंशी को टीम के साथ आज प्रातः कार्यवाही करने के लिए पहुंचे। बीएसए कार्यालय के पूर्व संविदा कर्मचारी धमेन्द्र के पिता से 25000 रुपये लेते हुए एंटी करेप्शन टीम आगरा ने स्टेट बैंक चौराहे से गिरफ्तार किया है। उसके पिता से धर्मेन्द्र की संविदा बाहल करने के लिए 50 हजार रुपये मांगे थे।

# नजदीकी लड़ाई में आतंकियों को मौत की नींद सुलाएगी ये घातक गन, NSG और भारतीय सेना भी हुई कायल

**नई दिल्ली (यूएनआई)।** मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत भारत में डिजाइन और तैयार की गई पहली भारतीय सब मशीन गन अस्मि को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। भारतीय सेना की नॉर्दन कमान के लिए ASMI 9×19mm को चुना है। अस्मि को बनाने वाली कंपनी लोकेश मशींस लिमिटेड को सेना की उत्तरी कमान से 550 सबमशीन गन (एसएमजी) सप्लाई करने का ऑर्डर मिला है, जिसकी कीमत 4.26 करोड़ रुपये है। सेना को 28 सितंबर तक इसकी डिलीवरी करनी है। वहीं, इस ऑर्डर के बाद आधिकारिक तौर पर अब अस्मि की एंट्री भारतीय सेना में हो गई है। वहीं अस्मि को केंद्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस संगठनों के साथ-साथ वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी और पुलिसिंग में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।




## ट्रैक्टरों के इंजन पार्टस बनाने से हुई शुरुआत

9×19 एमएम कैलिबर वाली सबमशीन गन अस्मि की निर्माता कंपनी लोकेश इंजीनियरिंग (हैदराबाद) के डायरेक्टर एम श्रीनिवास से खास बातचीत में बताते हैं कि अस्मि का अर्थ है गर्व, आत्म-सम्मान और कड़ी मेहनत÷। पहले वे महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के ट्रैक्टरों के इंजन पार्टस बनाते थे। वे देश की टॉप 5 सीएनसी (कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल) मशींस बनाने वाली कंपनियों में शामिल थे। 2020 में उन्होंने बिजनेस को डाइवरसिफाई करने के लिए डिफेंस डिविजन की शुरुआत की। इसके लिए उन्होंने डीआरडीओ के पुणे स्थित आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट में संपर्क किया। वह आगे बताते हैं कि वहां उनकी मुलाकात सिख रेजिमेंट के अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद बंसोड़ से हुई, जिन्हें कर्नल कलाश्निकोव के नाम से भी जाना जाता है। वे उस दौरान पुणे स्थित आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान में प्रतिनियुक्ति पर थे। जहां वे सब मशीन गन बनाने के बारे में सोच रहे थे। कंपनी ने उनके साथ मिल कर काम शुरू किया और हमने भारतीय सेनाओं की जरूरतों को जाना और तीन साल के भीतर हथियार को डिजाइन कर दिया। श्रीनिवास आगे बताते हैं कि डिफेंस सेगमेंट में एंट्री करना रणनीतिक फैसला था, जिसने कंपनी के रक्षा क्षेत्र में प्रवेश करने के रास्ते खुले। उन्होंने शुरुआत में छोटे हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया। वे चाहते थे कि वह ऐसा प्रोडक्ट बनाया जाए, जो पूरी तरह से स्वदेशी हो, साथ ही उसकी मैन्यूफैक्चरिंग भी देश में ही हो। वह कहते हैं कि इसी शुरुआत केंद्रीय अर्धसैनिक बलों से हुई। इसके लिए उन्होंने गृह मंत्रालय (एमएचए) से जरूरी लाइसेंस लिया और एक 12000 यूनिट प्रतिवर्ष की सप्लाई के लिए एक स्टेट-ऑफ द आर्ट मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी बनाई और ग्लोबल स्टैंडर्ड्स को पूरा किया। 9×19 एमएम कैलिबर सबमशीन गन (एसएमजी) को चुनने की वजह को लेकर वह आगे बताते हैं कि भारत के पास अभी तक स्वदेशी 9 एमएम सब-मशीन गन नहीं थी। सेना अभी तक ब्रिटिश स्टेन कार्बाइन और स्टर्लिंग कार्बाइन से लेकर जर्मन हेकलर एंड कोच की एमपी5 और इस्राइली ‍ढ्ढ एसएमजी पर निर्भर थी। देश में अभी तक पुरानी किस्म की एसएमजी ही इस्तेमाल हो रही हैं। वह फख्र से बताते हैं कि लोकेश इंजीनियरिंग पहली निजी कंपनी है, जिसने पूरी तरह से स्वदेशी सब-मशीन गन बनाई है। अस्मि की खूबी है कि इसमें लोकल बुलेट्स के साथ-साथ नाटो मानक वाली आयातित गोलियां भी इस्तेमाल की जा सकती हैं। श्रीनिवास के मुताबिक अभी तक एनएसजी और मार्कोस कंमाडो एमपी5 गनों पर निर्भर थे। लेकिन उन्होंने अस्मि का गहन ट्रायल किया है, और पॉजिटिव रिजल्ट रहे हैं। वह आगे बताते हैं कि एनएसजी ने अस्मि पर हर तरह के परीक्षण किए हैं, जिनमें साल्ट वाटर टेस्ट भी है, जिसमें हथियार को नमक के पानी में रखा जाता है, लेकिन अस्मि में जंग तक नहीं लगा। वहीं इसकी क्षमता को जांचने के लिए बिना रुके लगातार (सिंगल क्लास-1 स्टॉपेज) 2400 राउंड फायरिंग भी की, इस टेस्ट में भी अस्मि कामयाब रही। एनएसजी को उन्होंने हाल ही में 10 एसएमजी का पायलट लॉट डिलीवर भी किया है। अभी भी एनएसजी

# अधिवक्ताओं के साथ जिलाधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का मामला अब तूल पकड़ा, सौंपा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** दीवानी बार के अध्यक्ष दीवानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा हमारे साथ कृपा शंकर सिंह एडवोकेट के प्रकरण में मुलाकात करने गए अधिवक्ताओं के साथ जिलाधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का मामला अब तूल पकड़ रहा है।इस संबंध में बुधवार को जनपद के सभी अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों की एक बैठक दीवानी बार एसोसिएशन के सभागार में हुई।बैठक के बाद जिलाधिकारी के कृत्य की निंदा करते हुए अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकरियों ने आयुक्त आजमगढ़ को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। दीवानी बार एसोसिएशन के मंत्री आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को बैठक में जनपद के सभी अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में सर्वसम्मत से जिलाधिकारी के तानाशाही रवैया की कड़ी निंदा की गई। जिलाधिकारी द्वारा इस दुर्व्यवहार के खिलाफ 20 जून को सभी अधिवक्ता संगठन अपने बार मे बैठक करके माननीय प्रधानमंत्री,माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। वही कृपा शंकर सिंह एडवोकेट के मामले में मांग की गई की 10 सदस्य उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए जिसमें पांच वरिष्ठ उच्च अधिकारी हो और पांच सदस्य के तौर पर जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शामिल किया जाए। इस मामले में सगड़ी तहसील के राजस्व निरीक्षक सुरेश चंद्र त्रिपाठी ,विजय कुमार वर्मा तथा रामसुंदर यादव को गलत ढंग से काम करने के लिए निलंबित किया जाए। आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्यायिक श्रेष्ठता और सम्मान से कभी भी समझौता नहीं करता। ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल तथा बार काउंसिल इंडिया से भी मांग की जाती है कि इस प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए एक दिन हड़ताल की घोषणा करें।दुर्व्यवहारकिए जाने के मामले में अब तक कोई खेद नहीं प्रकट किया गया है बल्कि अपनी तरफ से यह सफाई दी गई है उन्होंने ऐसा नहीं किया जो शासन द्वारा स्थापित नैतिक सिद्धांत और विधिक मूल्य के प्रतिकूल है।हमें शासन से मांग करते हैं कि घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और उस समय की सीसीटीवी फुटेज निकलवा कर जिला अधिकारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का संज्ञान लिया जाए और उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

इस बैठक में इस बैठक में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ,मंत्री रामनयन यादव ,फूलपुर तहसील बार के अध्यक्ष श्रीराम यादव, मंत्री घनश्याम तिवारी ,सेल टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, मार्टिनगंज बार के अध्यक्ष राम प्रताप यादव, निजामाबाद तहसील बार के अध्यक्ष रामाश्रय चतुर्वेदी ,मंत्री रामचेत यादव, सगड़ी बार के अध्यक्ष पतिराम यादव मंत्री प्रदीप राय, सेंट्रल बार एसोसिएशन के मंत्री शेषमणि तिवारी पूर्व अध्यक्ष प्यारे मोहन श्रीवास्तव आदि बहुत से अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की हीट वेव से बचाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में हीट वेव से बचाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि विद्युत ट्रिपिंग से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उसका तत्काल निस्ताकरण करायें एवं जो ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं। उसे निर्धारित समय में ही ठीक करा लें। जो ट्रांसफार्मर चल रहे हैं। उसके बचाव की व्यवस्था करें एवं तेल व एमसीवी को भी चेक करते रहें। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका आजमगढ़, मुबारकपुर एवं बिलरियागंज को निर्देश दिये कि जो हैण्डपम्प खराब हैं। उसे यथाशीघ्र ठीक करा लें और जहां भी रैन बसेरे स्थापित किये गये हैं। उसमें कूलरध्पंखा आदि की व्यवस्था एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करें तथा सभी प्याऊ को सक्रिय रखें। इसी के साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की साफसफाई भी कराते रहें। उन्होने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो भी हैण्डपम्प खराब हैं। उसे तत्काल ठीक करा दें तथा अपने स्तर से समस्त बीडीओ को निर्देशित करें कि बड़े बाजारों में स्थान चिन्हित कर लोगों के बैठने के लिए सीटिंग ब्रेंचध्शेड की व्यवथा, शुद्ध पेजयल तथा कूड़े कन्टेनरों की व्यवस्था करायें। मुख्य मार्गों को चिन्हित कर साफ सफाई कराते रहें। उन्होने सीएमओ को निर्देश दिये कि कोल्ड रूम संचालित करने हेतु विद्युत आपूर्ति न होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जनरेटर, इन्वर्टर की व्यवस्था पहले से ही करा दें। समस्त सीएचसी/ पीएचसी व 100 शैय्या बेड अस्पतालों में शुद्ध पेयजल व शौचालय के साफसफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ रखें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 आजाद भगत सिंह, सीएमओ डॉ0 आईएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी श्रीजय कुमार सिंह, ईओ नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 20 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** हुनर सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान आजमगढ़ द्वारा चल रहे 20 दिवसीय हुनर समर कैंप का का भव्य समापन समारोह कैंप स्थल प्रतिभा निकेतन स्कूल के प्रांगण में देर रात्रि संपन्न हुआ।

समारोह का उद्घाटन आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ अंगिरा भारद्वाज, चिल्ड्रन कॉलेज व स्कूल के प्रबंधक डॉ कृष्ण मोहन त्रिपाठी, सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद यादव, दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट की सचिव पूजा सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष इंदिरा देवी जयसवाल, बबिता राय, विजयलक्ष्मी मिश्रा, सपना बनर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव हेमंत श्रीवास्तव, गौरव मौर्य,डॉक्टर शशी भूषण शर्मा, सुनीता मौर्य, ग्राम प्रधान सुनील कुमार मौर्य नें माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहें संस्थान सचिव सुनील दत्त विश्वकर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान गणेश स्तुति शास्त्रीय नृत्य के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। नारी शक्ति को प्रदर्शित करते हुए दुर्गा स्तुति के साथ बच्चो नें नारी के विभिन्न रूपों को मंच पर अवतरित किया। मानो ऐसा लग रहा था की नवदुर्गा मंच पर विराजमान है। लिटिल मास्टर ग्रुप द्वारा सावन आया की मनमोहक प्रस्तुति उपस्थित दर्शकों को तालियां बजाने को मजबूर कर रही थी। चलते चलते, परदेसिया जैसे रेट्रो सॉन्ग समूह नृत्य की प्रस्तुतीया कार्यक्रम को ऊंचाई पर ले गए। वेस्टर्न और शास्त्रीय नृत्य की जुगलबंदी अचंभित करने वाली थी।एक से एक बढ़कर वेस्टर्न नृत्य शास्त्रीय नृत्य और लोक नृत्य की पप्रस्तुतीया देखने के लिएदर्शक देर रात्रि तक जमे रहें । अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह द्वारा सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही समारोह में नृत्य के प्रशिक्षक श्रेया चित्रांशी लकी गुप्ता कमलेश सोनकर रवि सोनकर को मुख्य अतिथि डॉक्टर अंगिरा भारद्वाज द्वारा स्मृतिचिन्ह, अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रवेश कुमार सिंह, सीताराम पांडे नीरज अग्रवाल, , केडीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक बृजभूषण सिंह सिसोदि

## रिजर्व पुलिस लाईन आजमगढ़ में किया गया योग दिवस सप्ताह का शुभारम्भ

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में 15 से 21 जून तक प्रत्येक जनपद में योग सप्ताह के आयोजन कराने हेतु प्राप्त निर्देश के क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन, आजमगढ़ में 'शपुलिस महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ के निर्देशन में आज पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाईन आजमगढ़ में योगाभ्यास सप्ताह का शुभारम्भ कराया गया। योगाभ्यास का अभियान एक सप्ताह तक चलाया जायेगा जिसके क्रम में आज रिजर्व पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आजमगढ़ विवेक त्रिपाठी की उपस्थिति में कुल लगभग 150 पुलिस कर्मियों को योग प्रशिक्षक अरविन्द द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

# प्रेरणा सभागार में ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में विकास कार्यो,50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा व सीएम डैशबोर्ड के संबंध में समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, श्रमिक पंजीयन, पोषाहार वितरण , कौशल विकास मिशन, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, पशुधन योजना, सामूहिक विवाह, वृक्षारोपण, आईजीआरएस के लंबित प्रकरण आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 50 लाख से अधिक के कार्यो को लेकर एक जिला स्तरीय अधिकारियों की कमेटी बनाई गई है जिसका इनके द्वारा प्रति माह निरीक्षण किया जा रहा है, जो भी अधिकारी भ्रमण पर जाते हैं वह इसकी व्याख्या भरकर संबंधित को भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुधन योजना के तहत टीकाकरण का कार्य सा समय किया जाए। उन्होंने सेतु निगम के कार्य में धीमी गति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सेतु निगम का कार्य जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने नलकूप अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस विभाग द्वारा अभी तक परियोजना सीएम डैशबोर्ड पर फीड नहीं की गई है वह तत्काल फीड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यो को लेकर मुख्यमंत्री जी हर रोज सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा कर रहे हैं इस पर आप सभी समय से डाटा फीड करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम, पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शेख़ परिवार 60 वर्षों से ईदगाह पर बज़ू व पीने के लिए ठंडे पानी की करते है व्यवस्था



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** ऑल इण्डिया उलमा व माशाइख बोर्ड इटावा यूनिट के अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद अशरफी का परिवार 60 वर्षों से लगातार बलराम सिंह चौराहे पर ईदगाह के नजदीक ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए नमाजियों के लिए बजूखाना और ठंडे पानी का इंतजाम करते चले आ रहे है जिसकी भूरी-भूरी सराहना शहर में होती रहती है। श्री शकील ने बताया कि लगभग 60 वर्षों से अधिक हमारे बाबा मरहूम शेख रफीक अहमद ने इस नेक काम की शुरुआत की थी। उसके बाद हमारे वालिद साहब मरहूम शेख कफील पहलवान ने इस नेक काम को आगे बढ़ाया और उनके बाद मैं और उनका परिवार इस बजूखाना और ठंडे पानी का इंतजाम कराते चले आ रहे हैं। बजूखाना और ठंडे पानी की देखरेख शेख परिवार के लोग शेख मेंहदी हसन, शेख शाहनूर, शेख अकील अहमद, शेख जुबैर आदि शेख परिवार करता है।

# इटावा डीबीए चुनाव 15 जून 2024: अनिल गौर अध्यक्ष, देवेन्द्र पाल बने महामंत्री

- पूरे दिन रही डीबीए चुनाव की गहमा- गहमी
- जीत की ख़ुशी में अधिवक्ता साथियों ने विजयी हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री आदि सभी को फूलमाला पहनाकर दी बधाई

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अनिल कुमार गौर को अध्यक्ष चुना गया जबकि देवेन्द्र पाल सिंह महामंत्री चुने गए हैं। रात तक चली मतगणना के बाद यह चुनाव नतीजे घोषित किए गए है। अनिल गौर ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी राजेश त्रिपाठी को 135 वोटो के अंतर से पराजित कर चुनाव जीता। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल गौर को 434 वोट मिले जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी राजेश त्रिपाठी को 299 वोट मिले। महामंत्री के पद पर देवेंद्र पाल सिंह 49 वोटो के अंतर से चुनाव जीत गये। जबकि कोषाध्यक्ष के पद पर देवेंद्र कुमार मिश्रा चुने गए जिन्हें 329 वोट मिले, दूसरे नंबर पर रहे रामशरन यादव को 207 मत मिले। अनिल गौर व देवेन्द्र पाल एक बार पहले भी अध्यक्ष व महामंत्री रह चुके हैं। जीत की ख़ुशी में अधिवक्ता साथियों ने विजयी हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री आदि सभी को फूलमाला पहनाकर बधाई दी और मुंह मीठा किया। डीबीए चुनाव को लेकर शनिवार को कचहरी परिसर में सुबह से ही गहमा- गहमी रही। निर्धारित समय पर सुबह मतदान शुरू करा दिया गया और यह मतदान दोपहर बाद ढाई बजे तक चला। इस दौरान बड़ी संख्या में वकीलों ने मतदान किया। सुबह से ही मतदान के लिए वकील कचहरी पहुंचने लगे थे और डीबीए हाल में मतदान किया। सुबह दस बजे तक तो मतदान के लिए वकीलों की लम्बी लाइन लग चुकी थी। प्रत्याशी और उनके समर्थक लगातार सक्रिय दिखाई दिए। दोपहर ढाई बजे तक निर्धारित समय तक मतदान चलता रहा। डीबीए चुनाव को लेकर काफी दिनों से चुनाव प्रचार अभियान चलाया जा रहा था। प्रत्याशी लगातार वकीलों से सम्पर्क करते रहे। मतदान हो जाने के बाद शाम चार बजे के बाद मतगणना शुरु कराई गई। इस मतगणना में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल गौर ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी। लोगों में सबसे ज्यादा अध्यक्ष और महामंत्री पद को लेकर ही उत्सुकता रही। मतगणना के दौरान कचहरी में बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहे और मतगणना के रुझान जानते रहे। हालांकि अध्यक्ष पद पर अनिल गौर ने शुरुआत से ही बढ़त बना ली थी। इससे पूर्व सुबह से मतदान के लिए कचहरी में काफी भीड़ रही और वकीलों ने जमकर मतदान किया।

### गर्मी भी कम नहीं कर सकी उत्साह

**इटावा।** भीषण गर्मी भी वकीलों का उत्साह कम नही कर पाई। यही कारण रहा कि सुबह 10 बजे ही तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच जाने के बाद भी वकील पूरे उत्साह के साथ कचहरी में डटे रहे और अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के बाद भी वकील कचहरी परिसर में ही डटे रहे और चुनावी चर्चा होती रही।

### सीसीटीवी की निगरानी में चुनाव

इटावा। डीबीए के चुनाव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इसके साथ ही सीसीटीवी की निगरानी में चुनाव कराए गए। इसके साथ ही पुलिस बल भी तैनात किया गया था। चुनाव के कारण पूरे दिन कचहरी में भीड़ रही और चुनाव को लेकर चर्चा भी चलती रही।

# जोशो-खरोश के साथ मनाया राहुल गांधी का जन्मदिवस

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** बुधवार को कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, संविधान की रक्षा के लिए अडिग जननायक राहुल गांधी का जन्मदिवस पूरे उत्साह एवं जोशो-खरोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सेवादल के शहर अध्यक्ष सरवर अली एवं प्रभुदयाल शाक्य ने राहुल गांधी के चित्र पर तिलक कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके बाद कांग्रेसजनो ने नगर पालिका चौराहा पर मिष्ठान वितरण कर राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया एवं लोगों को बधाइयां दी। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि राहुल गांधी ने एक जननायक की तरह अपना कद बढ़ाया है उन्होंने यूपीए सरकार में भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, रोजगार का अधिकार एवं सूचना का अधिकार जैसी योजनाओं को लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वही आज के दौर में पूरे में भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से देश के हर नागरिक से जुड़ने एवं समस्याओं को जानने एवं उनके समाधान का कार्य किया है। श्री राहुल निडर एवं निर्भीक होकर जिस प्रकार आज की तानाशाह सरकार के सामने खड़े होकर जनहित के मुद्दे उठा रहे हैं उससे निश्चित तौर पर देश के लोग उनसे और अधिक प्रेम करते हुए उन्हें दुआएं दे रहे हैं हम सभी कांग्रेसजन उसके साथ खड़े हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आलोक यादव, संजय दोहरे, अनूप परमार, अवनीश वर्मा, आसिफ जादरान, आनंद दुबे, सचिन शंखवार, अमित अग्निहोत्री, हरेंद्र पाल सिंह दिवाकर, सूर्या शंकर दीक्षित, सतीश शाक्य, अंसार अहमद, सुबोध यादव, आशाराम कठेरिया, पुनीत पाठक, रिजवान अंसारी, सोहेल खान, मोहम्मद आदिल, आहद अब्बासी, प्रशांत चतुर्वेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कार और बाइक की भिड़ंत, पति-पत्नी सहित तीन मरे

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत मांट-पानीगांव मार्ग पर डांगोली के समीप बाइक व कार की आमने सामने भिड़त हो गयी। जिसमें बाइक पर सवार पति-पत्नी व देवर की मौत हो गई वहीं कार चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतकों के परिजनों को सूचना दी। जहाँ पर जानकारी होते ही गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बुधवार थाना माँट क्षेत्र के अंतर्गत मांट पानीगांव मार्ग पर डांगोली के समीप सामने से आ रही कार और बाइक में आमने सामने भीषण भिड़त हो गई। जिसमें बाइक पर सवार 20 वर्षीय राधिका पत्नी पंकज एवं भाई आकाश पुत्र नरेंद्र निवासी चाँदपुर थाना नौहझील की मौत हो गई। बताया गया है कि बाइक सवार राधिका को अस्पताल में दिखाने के लिए लेकर जा रहे थे तभी पानीगाँव की तरफ़ से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी।

# एसएसपी की तबादला एक्सप्रेस, 29 माह से जमी महिला थाना प्रभारी, अपराध शाखा में तैनात

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए कानून व्यवस्था में सुधार करने के लिए 19 थानेदारों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार निरीक्षक अश्वनी कुमार को जनसंपर्क अधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से थाना जैत का प्रभारी बनाया गया है। थाना प्रभारी जैत को अपराध शाखा में तैनात किया गया है निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा को अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक थाना माँट बनाया गया है निरीक्षक माँट भागवत गुर्जर को लाइन भेजा गया है। थाना बलदेव के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्यागी को थाना कोतवाली छाता का प्रभारी बनाया है। निरीक्षक त्रिलोक सिंह को प्रभारी निरीक्षक छाता से प्रभारी निरीक्षक बलदेव बनाया गया है। निरीक्षक रंजना सचान को अपराध शाखा से थाना महावन का प्रभारी बनाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार छोटेलाल को थाना जमुना पार का प्रभारी बनाया है प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे को प्रभारी निरीक्षक जमुना पार से प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार का प्रभार दिया गया है, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना जमुनापार अवधेश कुमार को प्रभारी निरीक्षक थाना मगोर्रा का चार्ज दिया गया है निरीक्षक अजय किशोर को अपराध शाखा से पी आर ओ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती अलका ठाकुर को अपराध शाखा में भेजा गया है उनके स्थान पर महिला थाना अध्यक्ष महावन थाना प्रभारी श्रीमती आशा चौधरी को बनाया गया है निरीक्षक बॉबी कुमार को महिला थाना से साइबर थाना भेजा गया है निरीक्षक प्रमोद कुमार को प्रभारी सिटीजन चार्टर से साइबर थाना भेजा गया है थाना अध्यक्ष शेरगढ़ सोनू सिंह को थाना अध्यक्ष रिफाइनरी बनाया गया है चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना सदर बाजार नीरज भाटी को शेरगढ़ थाने का प्रभारी बनाया है थाना अध्यक्ष जैत अजय वर्मा को अपराध शाखा भेजा गया है। थाना अध्यक्ष रिफाइनरी कुलबीर सिंह को अपराध शाखा थाना प्रभारी मगोर्रा पुष्पेंद्र कुमार को अपराध शाखा भेजा गया है।

# जय बजरंग बली स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच का टॉस करके किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** जनपद हरदोई 161 विधानसभा संडीला के ग्राम बेलई में हो रही JBCL क्लब नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुनील अर्कवंशी ने दोनों टीम के कप्तानो के समक्ष टॉस उछालकर प्रतियोगिता की सुरवात करते हुए मैच का आनंद लिया। JBCL नाइट क्लब मेंबर्स एवं आयोजक श्री मनोज सिंह अर्कवंशी एवं लखनऊ हॉस्पिटल के डारेक्टर डॉ सौरभ सिंह अर्कवंशी,द्वारा मुख्य अतिथि श्री सुनील अर्कवंशी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही मैच में एक ओवर खेलकर कई शाट लागये।सुनील अर्कवंशी ने कहा बचपन मे हर बच्चों का अगर सबसे कोई प्रिय और रुचि रखने वाला खेल होता है तो वह क्रिकेट ही होता है। क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिससे युवा अपना कैरियर भी बना सकता है आज प्रदेश व देश ही नहीं दुनिया में क्रिकेट खेल ने अपनी अलग पहचान बना रखी है नए-नए खिलाड़ी छोटे से शहर से लेकर बड़े-बड़े शहरों से निकलकर आ रहे हैं जो की क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना करियर बना रहे है। अपने माता पिता के साथ अपने शहर और प्रदेश देश का नाम रौशन कर रहे है। मेरा आप सभी युवा खिलाड़ियों से बस इतना कहना चाहता हु आप लग्न से खेलो और ईस्वर से कामना करता हु की।आप इतना अच्छा प्रदर्शन करे कि आने वाले समय मे गाँव की टीम से निकलकर प्रदेश व देश की टीम में शामिल होकर देश और प्रदेश शहर गांव का नाम रौशन करे। बेलई ग्रामसभा के प्रधान श्री उपेंद्र सिंह ने मैच के शुभारंभ की घोषणा की। संचालन कर रहे डॉ अर्कवंशी श्रीराम शास्त्री जी ने बीच बीच मे अपनी कविताओं से मुख्यातिथि एवं दर्शकों का मन प्रफुल्लित करते रहे इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सचिव मोहम्मद जुबैर,जिला अध्यक्ष श्री धर्मसिंह अर्कवंशी,जिला उपाध्यक्ष श्री राहुल अर्कवंशी,श्री अभिषेख सिंह,धर्मदत्त तिवारी,विपिन वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री मंजेश अर्कवंशी,मुकेश गौतम,संदीप अर्कवंशी, विशाल अर्कवंशी आयुष अर्कवंशी,गौरव बाथम,तौहीद, सैफ अली,सहित युवा खिलाड़ियों के साथ काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## बरसाना रोपवे का शुरूआती ट्रायल सफल

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में बरसाना रोपवे का काम तेज हो गया है। बरसाना में बहुप्रतीक्षित रोपवे का कार्य अंतिम चरण में है और मंगलवार को यहां दो ट्रालियां का ट्रायल भी किया गया। हालांकि ट्रायल की यह शुरुआती प्रक्रिया है इसके बाद लोड ट्रायल भी किया जाएगा जिसके3 बाद ही आम श्रद्धालु भी उड़न खटोले में बैठकर राधारानी मंदिर पहुंच सकेंगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश में चित्रकूट और विंध्याचल के बाद बरसाना तीसरा केंद्र होगा जहां श्रद्धालु उड़न खटोले की सुविधा का आनंद लेंगे। 2016 से बहुप्रतिक्षित रोपवे का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और मंगलवार को दो ट्रॉलियां का ट्रायल रन भी कराया गया। हालांकि, रोपवे ट्रायल की यह पहली प्रक्रिया है इसके बाद लोड टेस्टिंग भी कराई जाएगी, जिसके बाद ही रोपवे का संचालन श्रद्धालुओं के लिए किया जाएगा। पीपीपी मॉडल पर रोपवे का निर्माण करने वाली कंपनी श्रीराधारानी रोपवे प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अभय अवस्थी ने बताया कि रोपवे निर्माण का काम पहले तो 3-4 साल तक इनवायरमेंट से संबंधी एनओसी नहीं मिलने के कारण लेट हुआ।

# डब्लूवी रमन टीम इंडिया के कोच बनने की रेस में गौतम गंभीर को दे रहे टक्कर

भारतीय क्रिकेट टीम को जल्द ही नया हेड कोच मिलने वाला है। वहीं इस पद की रेस में पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई की क्रिकेट एडवाइजरी कमिटी ने मंगलवार को उनका इंटरव्यू लिया। इसके साथ खबर सामने आई कि डब्ल्यूवी रमन का भी इंटरव्यू लिया गया। जिसके बाद कहा जा रहा है कि, इस पद के लिए गौतम गंभीर को रमन कड़ी टक्कर दे रहे हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कि आखिर डब्ल्यूवी रमन कौन हैं? चेन्नई के रहने वाले रमन एक पूर्व भारतीय ओपनर बल्लेबाज हैं। उनका प्रथम श्रेणी करियर 1982 से 1999 तक चला, जहां उन्होंने तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व किया। वे तमिलनाडु के लिए एक बेहतरीन रन स्कोरर थे। उन्होंने 7939 प्रथम श्रेणी रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1988-89 के सत्र में आया जब उन्होंने 1018 रन बनाए, जो



उस समय का रिकॉर्ड था। इसे अबतक केवल 15 अन्य बल्लेबाजों ने पार किया है। उस पत्र में रमन ने दो दोहरे शतक और एक तिहरा शतक लगाया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रमन की शुरुआत बेहतरीन रही। उन्होंने चेन्नई में अपने घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले ही मैच में 83 रन बनाए और एक विकेट भी झटका। 1992 में वे दक्षिण अफ्रीका में वनडे शतक बनाने वाले पहले भारतीय बने। हालांकि, उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर केवल 28 मैचों का रहा। उन्होंने 11 टेस्ट में 24.89 के औसत से 448 रन बनाए। 96 उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। उन्होंने 4 अर्धशतक जड़े, 27 वनडे में 23.73 के औसत से 617 रन बनाए। टेस्ट और वनडे दोनों में 2-2 विकेट लिए। वहीं बता दें कि, रमन का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही छोटा रहा हो, लेकिन रमन लंबे समय से भारतीय कोचिंग सर्किट में हैं। तमिलनाडु (2005-2007), बंगाल (2001-02, 2010-13) के कोच बने रहने के अलावा इंडियन प्रीमियर लीग में किंग्स इलेवन पंजाब (2013) के सहायक कोच और केकेआर (2014) के बल्लेबाजी कंसल्टेंट के रूप में काम कर चुके हैं। 2015 से वह एनसीए में बल्लेबाजी कंसल्टेंट के तौर पर काम कर रहे हैं।

इसके अलावा रमन अलग-अलग इंडिया ए और दलीप ट्रॉफी और अंडर-19 टीमों के लिए कोच की भूमिका निभा चुके हैं। दिसंबर 2018 में रमन को रमेश पोवार की जगह भारतीय महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया था। मई 2021 तक इस पद पर रहे। हालांकि, इस दौरान वह काफी विवादों में भी रहे, जिसके कारण उन्हें पद से हटाया गया था। पद से हटाए जाने के बाद रमन ने तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को पत्र लिखकर कहा था कि राट्रीय टीम में प्राइमा डोना कल्चर यानी आत्मदंभी संस्कृति है जिसे बदलने की सख्त जरूरत है।

# केन विलियमसन ने सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी, राष्ट्रीय अनुबंध ठुकराया

टी20 विश्व कप से न्यूजीलैंड के अप्रत्याशित रूप से जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान केन विलियमसन ने 2024.25 के लिये राष्ट्रीय अनुबंध ठुकरा दिया है और अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर को विस्तार देने के लिये सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है। विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा सभी प्रारूपों में टीम को आगे ले जाना मेरा जुनून रहा है और मैं आगे भी योगदान देते रहना चाहता हूं। उन्होंने कहा लेकिन इस सत्र में विदेश में खेलने के मौकों के कारण मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध नहीं ले सकूंगा।

न्यूजीलैंड को जनवरी में बहुत कम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना है। दिसंबर 2022 में टेस्ट कप्तानी छोड़ने वाले विलियमसन इस दौरान तीनों प्रारूप खेलने के लिये उपलब्ध होंगे।



33 वर्ष के इस धुरंधर ने कहा न्यूजीलैंड के लिये खेलना मेरे लिये खास है और टीम के लिये योगदान देने की मेरी ख्वाहिश जस की तस है। क्रिकेट के बाहर मेरी जिंदगी हालांकि बदल गई है। परिवार के साथ अधिक समय बिताना, उनके साथ देश विदेश में अनुभव का लुत्फ उठाना मेरे लिये अधिक महत्वपूर्ण है।

न्यूजीलैंड टीम को क्रिसमस से पहले आठ टेस्ट खेलने हैं जिनमें भारत दौरा और इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला शामिल है। जनवरी में यूएई आईएलटी20, दक्षिण अफ्रीका की एसए20, आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग, बांग्लादेश की बीपीएल होने वाली है। इसके बाद फरवरी मार्च में पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध लेने वाले खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिये उपलब्ध रहना होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने कहा कि विलियमसन को परिवार समेत दूसरी चीजों के लिये समय निकालने का अधिकार है।

उन्होंने कहा हमें जनवरी में अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलना है और उसके अलावा वह न्यूजीलैंड के लिये खेलने के लिये उपलब्ध रहेगा। आम तौर पर हम अपने केंद्रीय अनुबंध को लेकर काफी सख्त रहते हैं लेकिन हमें अपने महानतम बल्लेबाज के लिये यह अपवाद सहर्ष स्वीकार कर सकते हैं। विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिये 100 टेस्ट, 165 वनडे और 93 टी20 मैच खेले हैं। वह 2015 और 2019 वनडे विश्व कप और 2021 टी20 विश्व कप फाइनल तक पहुंचने वाली टीम में थे और पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेता टीम के कप्तान रहे। तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने भी संकेत दिया है कि वह राष्ट्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे।

# पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद डॉक्टर की सलाह लेंगे नीरज चोपड़ा, एडक्टर से हैं परेशान

ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भारतीय भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद 'एडक्टर' (जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों) में होने वाली तकलीफ के इलाज के लिये डॉक्टरों से सलाह लेंगे। एक महीने के ब्रेक के बाद ट्रैक और फील्ड पर लौटे चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। नीरज चोपड़ा ने पिछले महीने एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापिस ले लिया था चूंकि वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहज महसूस कर रहे थे। उन्होंने जीत के बाद कहा आज मौसम अच्छा था और थोड़ी ठंडक थी। अब मैं बेहतर महसूस कर रहा हूं क्योंकि सभी छह थ्रो फेंक सका। उन्होंने कहा हर साल



मुझे एडक्टर में दिक्कत होती है। ओलंपिक के बाद मैं डॉक्टरों से राय लूंगा।''पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण के दावेदार चोपड़ा ने दो साल पहले इस टूर्नामेंट में 89.30 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। उन्होंने सत्र की शुरूआत मई में दोहा डाइमंड लीग में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहकर की। उन्होंने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी भाग लेकर 82.27 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। अब वह 7 जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे। पंचकूला में 27 जून से होने वाली राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स में वह नहीं खेलेंगे। वह यूरोप में कोच क्लाउस बर्तोनीज और फिजियो ईशान मारवाहा के साथ तीन अलग अलग स्थानों पर अभ्यास करेंगे। उन्होंने फिनलैंड के कुओर्तानि में तैयारियों का आगाज किया और अब जर्मनी के सारब्रकेन जायेंगे। इसके बाद वह तुर्किये में अभ्यास करेंगे और 28 जुलाई तक वहीं रहेंगे।

## स्पिनरों की मददगार पिच पर उपयोगी हो सकते हैं कुलदीप, क्या टीम इंडिया बदलेगी संयोजन ?

वेस्टइंडीज में स्पिनरों की मददगार पिचों पर कुलदीप यादव अफगानिस्तान के खिलाफ बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में भारत के लिये उपयोगी साबित हो सकते हैं। भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को लीग चरण में उतारा नहीं गया। भारत ने तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को उतारा था ताकि बल्लेबाजी में गहराई रहे। कप्तान रोहित शर्मा चार हरफनमौलाओं (दो तेज गेंदबाज और दो स्पिनर) के इस्तेमाल पर जोर दे चुके हैं। ऐसे में अंतिम एकादश में कुलदीप की जगह तभी बनती है जब तीसरे तेज गेंदबाज को बाहर रखा जाये। कुलदीप ने पहले अभ्यास सत्र की तरह यहां भी काफी अभ्यास किया। उन्होंने रोहित और विराट कोहली को गेंदबाजी की जबकि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी देख रहे थे।

# नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, पावो नूरमी गेस में जीता गोल्ड मेडल

नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी गेम्स 2024 में खेलते हुए मंगलवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 2022 में पावो नूरमी गेम्स में नीरज 89 मीटर भाला फेंकते हुए दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार उन्होंने 85.97 मीटर दूर भाला फेंका। उनके इस रिकॉर्ड को प्रतिस्पर्धा में मौजूद अन्य कोई एथलीट नहीं तोड़ पाया।

भारतीय जेवलिन थ्रोओर नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी गेम्स 2024 में खेलते हुए मंगलवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 2022 में पावो नूरमी गेम्स में नीरज 89 मीटर भाला फेंकते हुए दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार उन्होंने 85.97 मीटर दूर भाला




फेंका। उनके इस रिकॉर्ड को प्रतिस्पर्धा में मौजूद अन्य कोई एथलीट नहीं तोड़ पाया। इस तरह उन्होंने फिनलैंड में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दौरान नंबर-1 पर रहते हुए गोल्ड पर कब्जा किया। नीरज चोपड़ा चोट के चलते साल 2023 में इसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाए थे।

नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक के दौरान गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। 26 जुलाई से पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने जा रही है। ऐसे में नीरज का पावो नूरमी गेम्स 2024 में गोल्ड जीतना भारतीय फैंस के लिए अच्छी खबर है। आज के मैच की बात की जाए तो नीरज के बाद फिनलैंड के टोनी केरामेन ने 84.19 मीटर का थ्रो फेंका और वो दूसरे स्थान पर रहते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम करने में सफल रहे। वहीं, ओलिवियर हेलांडर ने 83.96 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के सात ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया।

वहीं नीरज चोपड़ा की शुरुआत में मैच के दौरान कुछ पिछड़ते हुए नजर आए, दूसरे प्रयास तक वो पीछे ही थे लेकिन तीसरे प्रयास में उन्होंने खुद को मजबूत किया और शानदार वापसी की। इस बार उन्होंने 85.97 मीटर दूर भाला फेंका। जिसे अन्य प्रयासों के दौरान भी कोई बीट नहीं कर पाया।

# जहीर इकबाल से शादी के बाद सोनाक्षी सिन्हा कबूल करेंगी इस्लाम? निकाह से सबसे ज्यादा खुश है स्वरा भास्कर, आखिर क्या है वजह?

स्वरा भास्कर ने 16 फरवरी 2023 को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता फहद अहमद से शादी की। उसी साल 23 सितंबर को, उन्होंने अपनी बेटी राबिया को जन्म दिया। मुस्लिम समुदाय के लड़के से शादी करने को लेकर लोगों ने स्वारा का ज्यादा विरोध नहीं किया क्योंकि वह पहले से ही। अपनी एक विचारधारा को फॉलो करती थी लेकिन वहीं दूसरी तरफ बात करें सोनाक्षी सिन्हा और ज़हीर इकबाल की शादी की तो मुस्लिम समुदाय के लोग तो इस शादी के खिलाफ नहीं है लेकिन शत्रुघ्न सिन्हा एक बड़े राजनेता है और उनकी अपनी एक जनता है ऐसे में उनकी बेटी का मुस्लिम लड़के से शादी करना लोगों को कम पसंद आ रहा हैं। खास कर हिंदू समुदाय के लोगों को।

स्वरा भास्कर ने ज़हीर इकबाल के साथ सोनाक्षी सिन्हा की शादी को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर अपनी राय दी। जहाँ प्रशंसक सोनाक्षी के लिए खुश हैं, वहीं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का एक वर्ग इस बात पर अड़ा हुआ है कि वह एक



मुस्लिम व्यक्ति से विवाह कर रही हैं। स्वरा, जिन्होंने भी अंतरधार्मिक विवाह किया है, ने सोनाक्षी को मिल रही आलोचनाओं के बारे में खुलकर बात की और कहा कि सोनाक्षी जिससे चाहे विवाह करना चाहती हैं, यह उनकी पसंद है और कोई भी इस बारे में कुछ नहीं कह सकता।

स्वरा ने हाल ही में कनेक्ट सिने को दिए एक इंटरव्यू में कहा मेरी शादी के दौरान भी कई विशेषज्ञों ने अपनी राय दी थी। लेकिन हम यहाँ दो वयस्कों की सहमति के बारे में बात कर रहे हैं। वे अपने निजी जीवन में क्या करते हैं, चाहे वे विवाह करें या न करें, यह उन पर निर्भर करता है। इससे किसी का कोई लेना-देना नहीं है कि वे साथ रह रहे हैं, कोर्ट में विवाह कर रहे हैं, या निकाह कर रहे हैं, या आर्य समाज विवाह कर रहे हैं। यह पुरुष और महिला और उनके परिवारों के बीच की बात है। यह सोनाक्षी की ज़िंदगी है; उसने अपना साथी चुना है। उनके पार्टनर ने उन्हें चुन लिया है। अब यह उनके और उनके परिवारों के बीच है। मुझे यह बहुत समय बर्बाद करने वाली बहस लगती है।

उन्होंने कहा कि अगर सोनाक्षी का बच्चा होगा तो आलोचना और तेज हो जाएगी। इंतजार करें और देखें, जब उनका बच्चा होगा, तो बच्चे के नाम को लेकर एक अलग बहस होगी। हमने करीना और सैफ के बच्चों और मेरे बच्चे के साथ ऐसा होते देखा है। यह पूरी तरह से बेवकूफी है, लेकिन यह जल्द ही खत्म नहीं होने वाला है, उन्होंने कहा।

सोनाक्षी और जहीर 23 जून को शादी कर रहे हैं। इस बीच, स्वरा ने समाजवादी पार्टी के फहद अहमद से शादी कर ली। उन्होंने पिछले साल फरवरी में कोर्ट में शादी की थी। इसके बाद उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के लिए शादी के जश्न का एक मजेदार सप्ताह आयोजित किया। जून में, स्वरा ने घोषणा की कि वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं और पिछले साल 23 सितंबर को उनकी बेटी का जन्म हुआ। उन्होंने हाल ही में अपनी बेटी की पहली बकरीद मनाई।

# श्रद्धा कपूर ने राहुल मोदी के साथ अपने रिश्ते को किया कंफर्म, शेयर की क्यूट तस्वीर और इमोशनल पोस्ट



**श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया पर सबसे ज़्यादा सक्रिय बॉलीवुड अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपनी पेशेवर ज़िंदगी के अलावा, अपनी निजी ज़िंदगी के बारे में भी वह असर सोशल मीडिया पर चर्चा करती रहती हैं।**

श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया पर सबसे ज़्यादा सक्रिय बॉलीवुड अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपनी पेशेवर ज़िंदगी के अलावा, अपनी निजी ज़िंदगी के बारे में भी वह अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा करती रहती हैं। आशिकी 2 की अभिनेत्री को कई मौकों पर राहुल मोदी के साथ देखा गया है, जिससे उनके और राहुल मोदी के बीच रोमांस की अफ़वाहें उड़ी थीं। अब अभिनेत्री ने राहुल के साथ अपनी एक प्यारी सी तस्वीर पोस्ट करके इस पर प्रतिक्रिया दी है, जिससे उनके रिश्ते की पुष्टि होती है। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर एक तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, दिल रख ले, नींद तो वापस दे दे यार। उन्होंने राहुल मोदी को टैग भी किया। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि यह अफ़वाह कई महीनों से उड़ रही है कि श्रद्धा राहुल को डेट कर रही हैं। हालाँकि, इस जोड़े ने कभी भी इन अटकलों को स्वीकार नहीं किया। जबकि दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है। बता दें कि राहुल को पर लव रंजन की फिल्म प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी और यहां तक कि श्रद्धा कपूर, रणबीर कपूर स्टारर तू झूठी मैं मक्का के लेखक के रूप में श्रेय दिया गया है। दोनों की पहली मुलाकात फिल्म के सेट पर हुई थी और कथित तौर पर उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई।


ऐसी खबरें हैं कि 2022 में जब श्रद्धा का फोटोग्राफर रोहन श्रेष्ठ के साथ कथित तौर पर ब्रेकअप हुआ था। मुंबई में जन्मे और पले-बढ़े राहुल ने व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट से पढ़ाई की। उन्होंने 2011 की फिल्म प्यार का पंचनामा के सेट पर इंटर्नशिप की और आकाश वाणी जैसे अन्य प्रोजेक्ट्स में एसोसिएट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। उनके पिता आमोद एक बिजनेसमैन हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि श्रद्धा उनके साथ रिलेशनशिप में थीं, लेकिन फिर दोनों ने रिश्ता खत्म कर दिया। इस बीच, वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को आखिरी बार लव रंजन की फिल्म तू झूठी मैं मक्का में देखा गया था।

फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में थे। वह अगली बार राजकुमार राव के साथ स्त्री 2 में नजर आएंगी। यह फिल्म 2018 की सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। निर्माताओं ने हाल ही में स्त्री 2 का टीज़र रिलीज़ किया था, जिसे सिनेमाघरों में रिलीज़ किया गया था, जो फिल्म मुंज्या से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, अभिनेता एक पौराणिक रूपांतरण और एक टाइम-ट्रैवल फिल्म में भी नज़र आएंगे।

# बदलाव के बाद रिलीज होगी हमारे बारह बॉम्बे हाईकोर्ट ने अन्नू कपूर अभिनीत फिल्म को दी राहत

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को अन्नू कपूर अभिनीत फिल्म हमारे बारह को रिलीज करने की अनुमति दे दी है, क्योंकि फिल्म के निर्माता फिल्म में कुछ बदलाव करने पर सहमत हो गए हैं। हमारे बारह, जो पहले 7 जून को सिनेमाघरों में आने वाली थी, अब 21 जून, 2024 को रिलीज होगी। न्यायमूर्ति बीपी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने एक रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें इस आधार पर फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी कि यह इस्लाम और मुसलमानों के लिए अपमानजनक है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, फिल्म में केवल 3 बदलाव हैं, जिसमें तीन संवाद शामिल हैं जिन्हें म्यूट कर दिया गया है, बाकी फिल्म वैसी ही रहेगी। निर्माताओं द्वारा फिल्म में कुछ बदलावों पर सहमति जताने के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट ने फिल्म हमारे बारह की रिलीज को मंजूरी दे दी। बदलाव किए जाने के बाद याचिकाकर्ता रिलीज पर आपत्ति नहीं करने पर सहमत हुए।

खंडपीठ ने कहा कि फिल्म का पहला ट्रेलर आपत्तिजनक था, लेकिन उसे हटा दिया गया है और फिल्म से ऐसे सभी आपत्तिजनक दृश्य



हटा दिए गए हैं। न्यायालय ने कहा कि यह वास्तव में एक सोचने वाली फिल्म थी और ऐसी नहीं थी जिसमें दर्शकों से अपना दिमाग घर पर रखने और केवल इसका आनंद लेने की अपेक्षा की जाती है। यह फिल्म वास्तव में महिलाओं के उत्थान के लिए है। फिल्म में मौलाना कुरान की गलत व्याख्या करते हैं और वास्तव में एक मुस्लिम व्यक्ति दृश्य में उसी पर आपत्ति करता है। इसलिए यह दर्शाता है कि लोगों को अपने दिमाग का इस्तेमाल करना चाहिए और ऐसे मौलानाओं का आँख मूंदकर अनुसरण नहीं करना चाहिए। निर्माताओं ने फिल्म में 12 सेकंड के दो डिस्क्लेमर लगाने पर भी सहमति जताई है। लाइव लॉ के अनुसार, निर्माताओं ने याचिकाकर्ता की पसंद के चैरिटी को 5 लाख रुपये की लागत का भुगतान करने पर भी सहमति जताई है।

इस महीने की शुरुआत में उच्च न्यायालय में कई याचिकाएँ दायर की गई थीं, जिसमें दावा किया गया था कि यह मुस्लिम समुदाय के प्रति अपमानजनक है और कुरान में कही गई बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। हालांकि शुरुआत में हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज को स्थगित कर दिया था, लेकिन बाद में निर्माताओं द्वारा यह कहे जाने के बाद कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के निर्देशानुसार आपत्तिजनक अंशों को हटा दिया जाएगा, उसने रिलीज की अनुमति दे दी। इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसने पिछले सप्ताह फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी और हाईकोर्ट को सुनवाई कर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया। मंगलवार को जस्टिस कोलाबावाला की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि उसने सभी आपत्तिजनक अंशों को हटाने के बाद फिल्म देखी है और इसमें ऐसा कुछ भी नहीं मिला जिससे हिंसा भड़के।

# भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान रीढ़ की हड्डी के बराबर: उपराष्ट्रपति

**डिंडौरी(हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान शरीर की रीढ़ की हड्डी के बराबर है। जनजाति ही भारतीय संस्कृति और प्रजातंत्र को बल देती है। देश के इतिहास में पहली बार एक जनजातीय समाज की महिला राष्ट्रपति बनती है, यह गौरव का पल है। उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को डिंडौरी प्रवास के दौरान यहां शासकीय चंद्र विजय कॉलेज परिसर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय परामर्श शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस परामर्श शिविर में जिलेभर से 1970 मरीज पहुंचे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल की तारीफ की। उन्होंने



कहा कि राज्यपाल का दिल जनजाति के लिए धड़कता है। उन्होंने कहा कि 1989 में जब मैं सांसद बना, केंद्र में मंत्री बना तो हमारी अर्थव्यवस्था लंदन शहर और पेरिस से भी छोटी थी। हमारा सोना हमने स्विटजरलैंड को गिरवी रखा था और अब देखिए हम कहां से कहां आ गए। हमने बहुत सारे देशों को पीछे छोड़ दिया। इसमें जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान है। भारत की पहचान जनजाति कल्चर है। इसी वजह से भारत के प्रधानमंत्री ने दो बड़े संकल्प लिए हैं। भारत जहां दुनिया का छठवां हिस्सा रहता है, जब वह 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो भारत विकसित राष्ट्र होगा और विकसित राष्ट्र की पहचान होगी सिकल सेल बीमारी का पूर्ण अनुमूलन। आयुष्मान योजना के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से खत्म करेंगे। नोडल अधिकारी डॉ. मनोज उरैती ने बताया कि यदि माता-पिता दोनों में सिकल सेल के जीन हैं तो बच्चों में इस बीमारी का होना स्वाभाविक है। इस बीमारी में रोगी की लाल रक्त कोशिका हंसिये के आकार में परिवर्तित हो जाती है। सिकल सेल एनीमिया के अगर लक्षण यह नजर आएं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। इन पीड़ितों में खून की कमी, हल्की पीलिया होने से बच्चे का शरीर पीला दिखाई देना, तिल्ली का बढ़ जाना, पेट एवं छाती में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों एवं जोड़ों में विकृतियां होना, पैरों में अल्सर घाव होना, हड्डियों और जोड़ों में सूजन के साथ अत्यधिक दर्द, मौसम बदलने पर बीमार पढ़ना, अधिक थकान होना यह लक्षण बताए गए हैं। सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए 15 नवम्बर 2021 को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मिशन में अलीराजपुर एवं झाबुआ जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गई। द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री द्वारा एक जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल उन्मूलन मिशन%- 2047 का शुभारंभ शहडोल जि़लि से किया गया।

## भीषण गर्मी में स्पाइसजेट फ्लाइट का एसी हुआ खराब, कई यात्रियों की बिगड़ी तबीयत

**नई दिल्ली(हि.स.)।** स्पाइसजेट एयरलाइन की फ्लाइट में बदइंतजामी का मामला सामने आया है। नई दिल्ली से दरभंगा जा रहे स्पाइसजेट की उड़ान संख्या एसजी 486 के यात्रियों को भीषण गर्मी के बीच एक घंटे से अधिक समय तक बिना एयर कंडीशनिंग (एसी) वाले विमान के अंदर बैठना पड़ा, जिससे कई यात्रियों की तबीयत खराब हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है इस एयरलाइन से सफर करने वाले एक यात्री ने बताया कि मैं स्पाइसजेट से नई दिल्ली से दरभंगा जा रहा था। दिल्ली एयरपोर्ट पर चेक-इन करने के बाद उन्होंने एक घंटे तक एयर कंडीशनिंग चालू नहीं किया। इसकी वजह से फ्लाइट के अंदर का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही थी। यात्री ने बताया कि जब फ्लाइट ने उड़ान भरी, तब एयर कंडीशनिंग चालू किया गया...।

# ब्रेन स्ट्रोक के बाद गुजरात सरकार के मंत्री भीखूसिंह परमार आईसीयू में भर्ती

## गांधीनगर में चाय-नाश्ता करते समय ब्लड प्रेशर बढ़ा



**अहमदाबाद (हि.स.)।** गुजरात सरकार के नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री भीखूसिंह परमार की तबियत बिगड़ने के बाद बुधवार को उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गांधीनगर स्थित निवास स्थान पर सुबह चाय-नाश्ता के दौरान उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया। भीखूसिंह को ब्रेन स्ट्रोक आने की प्राथमिक जानकारी मिली है। राजनीतिक जीवन में 70 वर्षीय परमार ने सरपंच से लेकर राज्य सरकार में मंत्री तक के लंबे और संघर्षमय जीवन का सफर तय किया है। भीखूसिंह परमार ने विधायक बनने के लिए 1995 से लेकर वर्ष 2022 तक 5 बार चुनाव लड़ा। इसमें वे 4 बार पराजित हुए और अंत में वर्ष 2022 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर भूपेन्द्र पटेल सरकार में राज्य मंत्री बने हैं। पहली बार वे वर्ष 1995 में विधानसभा का चुनाव लड़े थे। बाद में उन्होंने वर्ष 2002 में निर्दलीय चुनाव लड़ा। इस चुनाव में भी वे हार गए। इसके बाद वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े, किन्तु इस बार भी वे चुनाव हार गए। वर्ष 2017 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े, परंतु इस बार भी उन्हें 1640 वोट से हार का सामना करना पड़ा।

## देवरिया ताल ट्रैक पर फंसे बरेली के चार युवक, एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

**देहरादून/रुद्रप्रयाग (हि. स.)।** उत्तराखंड में चोपता से देवरिया ताल ट्रैक पर निकले बरेली (उप्र) के चार युवक मंगलवार रात्रि मूसलधार बारिश होने के चलते फंस गए। बारिश के चलते युवक का गूगल मैप्स काम नहीं कर रहा था। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने चारों युवकों को सकुशल रेस्क्यू किया। एसडीआरएफ टीम चारों युवकों को बुधवार सुबह सुरक्षित लेकर सारी गांव पहुंची। एसडीआरएफ कमांडेंट के मुताबिक 18 जून को बरेली निवासी अभय गौड़ (22), अतीव आहूजा (23), आर्यन पटानी (23) और मोनीष गौतम (23) ने पर्यटक स्थल चोपता से देवरिया ताल तक ट्रैकिंग करने के लिए निकले थे। वे गूगल मैप की सहायता से पहाड़ियों और जंगलों के बीच पगडंडियों पर चल पड़े।

## मानवाधिकार आयोग ने मानेसर में अमेजन कंपनी में श्रम विरोधी प्रथाओं का लिया संज्ञान



**नई दिल्ली।(हि.स.)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग(एनएचआरसी) ने हरियाणा के मानेसर में अमेजन कंपनी के गोदाम में श्रम-विरोधी प्रथाओं का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने सरकार के श्रमिक-समर्थक कानूनों और नीतियों के बावजूद कथित उल्लंघन के आरोपों पर चिंता व्यक्त की है और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हरियाणा के मानेसर में अमेजन के गोदाम में 24 वर्षीय कर्मचारी को यह शपथ दिलायी गई कि अपनी टीम के 30 मिनट के चाय ब्रेक के बाद, जब तक वे 24 फीट लंबे छह ट्रकों से सारे पैकेज नहीं उतार लेते, तब तक प्रसाधन या पानी के लिए ब्रेक नहीं लेंगे। कथित तौर पर मानेसर गोदाम में एक महिला कर्मचारी ने कहा कि कार्य स्थलों पर प्रसाधन की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। समाचार रिपोर्ट के अनुसार, सप्ताह में पांच दिन दस घंटे प्रतिदिन काम करने वाले और 10,088 रुपये प्रति माह कमाने वाले एक कर्मचारी ने कहा कि अगर वे 30 मिनट के लंच और चाय ब्रेक सहित बिना ब्रेक के लगातार काम करते हैं, तो भी वे प्रतिदिन चार से अधिक ट्रकों से सामान नहीं उतार सकते।

# गैंगस्टर अमन साहू के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई, रांची-हजारीबाग में छापेमारी

**रांची(हि.स.)।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की।

पलामू जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के बूढ़मू स्थित घर और रांची तथा हजारीबाग में बुधवार सुबह करीब पांच बजे एनआईए ने कार्रवाई की। जांच एजेंसी रांची स्थित बुढ़मू सहित दो ठिकानों के अलावा हजारीबाग के गिद्दी में भी रेड कर रही है। बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव में एनआईए की टीम ने उसके घर में कागजात खंगाले। जेल से गैंग को ऑपरेट करने वाले गैंगस्टर अमन साहू पर कई गंभीर आरोप हैं। रांची, रामगढ़, हजारीबाग में रंगदारी के पैसे से कई जगह




जमीन खरीदी है। एनआईए सम्पत्ति की जानकारी लेगी और उसकी जब्ती के लिए आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी। मतवे आपराधिक गिरोह चलाने वाले अमन साहू का पैतृक गांव है। अमन साहू वर्तमान में पलामू जेल में बंद है। उस पर कई गंभीर आरोप हैं। आरोप है कि वह जेल से ही अपने गैंग को ऑपरेट करता है। साथ ही व्यापारियों को धमकी देता और दिलवाता है।

फरवरी में एनआईए ने भागलपुर, पूर्णिया व मधेपुरा के एक-एक ठिकानों पर छापेमारी में कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे शंकर यादव को भागलपुर से गिरफ्तार किया था। एनआईए ने छानबीन में पाया है कि भागलपुर का शंकर यादव अपराधी अमन साहू का खास गुर्गा है। वह अमन साहू के लेवी-रंगदारी के रुपयों को रियल इस्टेट के व्यवसाय में निवेश करता था। उसकी गिरफ्तारी के साथ-साथ उसके पास से 1.30 करोड़ रुपये भी बरामद किए गए थे।

अमन साहू गिरोह के कनेक्शन गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई गिरोह से भी जुड़े हैं। अमन साहू के गुर्गे झारखंड के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में भी सक्रिय हैं। हाल ही में छत्तीसगढ़ और झारखंड की पुलिस ने मिलकर उसके गुर्गे को राजस्थान से गिरफ्तार किया था।

## भूस्खलन से एक ही परिवार की महिला व चार बच्चों सहित पांच की मौत



**करीमगंज (हि.स.)।** करीमगंज जिले के बदरपुर थाना अंतर्गत एंगलरबाजार बेंडरगुल गांव में मंगलवार की मध्य रात भूस्खलन से एक ही परिवार की महिला और चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के वक्त अब्दुल करीम दूसरे कमरे में सो रहा था। तेज आवाज सुनकर उसकी नींद खुली और गांव के लोग एकत्र हो गए। इस बीच मस्जिद के इमाम ने माइक पर घटना की घोषणा की और सभी को मदद के लिए बुलाया। घटना की खबर मिलते ही बुधवार सुबह करीब दो बजे बदरपुर थाने की पुलिस आपदाग्रस्त गांव में पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। मलबे से अब्दुल करीम की पत्नी, तीन बेटियां और पुत्र के शवों को मिट्टी के ढेर से निकाला गया। इस घटना में अब्दुल करीम तो बच गया, लेकिन उसकी पत्नी रायमुन नेसा (55), बच्चियां साहिदा खानम (18), जाहिदा खानम (16), हमीदा खानम (11) और पुत्र मेहंदी हसन (3) की मौत हो गई। अब्दुल की एक बेटी की जान बच गई है। मेहंदी अब्दुल का एकमात्र पुत्र था। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी है।

## नेपाल में संसद भवन की सुरक्षा में तैनात एसटीएफ जवान ने गोली मारकर आत्महत्या की

**काठमांडू,(हि.स.)।** नेपाल में संसद भवन की सुरक्षा में तैनात पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के जवान अजीत गोले (21) ने अपनी सर्विस पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।संघीय संसद सचिवालय के प्रवक्ता एकराज गिरी ने घटना की पुष्टि की है। संघीय संसद सचिवालय के प्रवक्ता के अनुसार, अजीत गोले संसद भवन के गेट नम्बर तीन पर तैनात था। उसने सुबह लगभग 6 बजे शौचालय में जाकर खुद को गोली मार ली है। गोली लगते ही उसकी मौत हो गई थी। उसके शव को फिलहाल महाराजगंज स्थित टिचिंग अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। काठमांडू पुलिस क्राइम ब्रांच की टीम घटना की जांच कर रही है। काठमांडू पुलिस प्रवक्ता नवराज अधिकारी का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# श्रीलंका में चार भारतीय मछुआरे गिरफ्तार



**कोलंबो (हि.स.)।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में मंगलवार तड़के मछली पकड़ने गए चार भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर उनकी नौका जब्त कर ली। इसके साथ ही इस साल अबतक 180 से अधिक भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी की गई है।

श्रीलंकाई नौसेना ने जारी एक बयान में कहा, ''भारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की इस हालिया घटना में मंगलवार तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली गयी तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार स्स्कर लिया गया।

नौसेना ने कहा कि मंगलवार की गिरफ्तारियों समेत, श्रीलंका के जल क्षेत्र में अवैध तरीके से कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर इस साल अब तक कुल 182 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनकी 25 नौकाएं जब्त की गयी हैं। पिछले साल, इस तरह की करीब 240-245 गिरफ्तारियां की गई थीं।इस तरह की ज्यादातर घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती है जो दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछलियां पकड़ने का एक पसंदीदा स्थान है। यह जलडमरूमध्य तमिलनाडु को श्रीलंका के उत्तरी हिस्से से अलग करता है। श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्रालय ने कहा कि भारतीयों द्वारा कथित रूप से अवैध तरीके से मछली पकड़ने के मुद्दे पर, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के 20 जून को यहां पहुंचने पर उनके साथ चर्चा की जाएगी।

# भारत में निर्मित एंटीबायोटिक इंजेक्शन मानकों पर खरा नहीं उतरा, नेपाल ने लगाया बैन

**काठमांडू(हि.स.)।** नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय अन्तर्गत औषधि प्रशासन विभाग ने गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का हवाला देते हुए एक भारतीय कंपनी में निर्मित एंटीबायोटिक इंजेक्शन की बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। ड्रग्स अथॉरिटी के अनुसार भारतीय फार्मा कंपनी ज़ाइडस हेल्थकेयर लिमिटेड एंटीबायोटिक इंजेक्शन बायोटैक्स 1 ग्राम निर्मित करती है। इसके बैच एफ 300460 के प्रयोगशाला परीक्षण से पता चला है कि दवा का उत्पादन विश्व स्वास्थ्य संगठन के मापदंडों के अनुरूप नहीं किया गया था। विभाग ने परीक्षण करने के बाद इस एंटीबायोटिक इंजेक्शन से मरीजों की जान को खतरा होने की संभावना जताई है। विभाग के प्रवक्ता प्रमोद केसी ने बताया कि इस एंटीबायोटिक में कुछ गंभीर समस्याएं पाई गई हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लिया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि जांच पूरी होने तक इस एंटीबायोटिक को बनाने वाली कंपनी, आयातकों और वितरकों को दवा की बिक्री, आयात और वितरण को तुरंत रोकने का निर्देश दिया गया है। केसी ने कहा कि इंजेक्शन की बिक्री को रोकने का निर्णय मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया गया है और इससे उपचार प्रभावित नहीं होगा, क्योंकि इसी कम्पोजिशन वाली अन्य दवाएं बाजार में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि बायोटैक्स 1 ग्राम इंजेक्शन एक एंटीबायोटिक दवा है, जिसका उपयोग मस्तिष्क, फेफड़े, कान, मूत्र पथ, त्वचा, कोमल ऊतकों, हड्डियों और जोड़ों, रक्त और हृदय सहित जीवाणु संक्रमण के इलाज के लिए किया जाता है। इसका उपयोग



सर्जरी के दौरान संक्रमण को रोकने के लिए भी किया जाता है।

## बिहार में कुख्यात बाबा गैंग का मोस्ट वांटेड शूटर मोनू जायसवाल नेपाल में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट डेवलपमेन्ट सेक्टर की जानी मानी कंपनी केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने सीआरजेई (इस्ट अफ्रीका) लिमिटेड की ओर से 20 मिलियन यूएस डॉलर का महत्वपूर्ण सबकॉन्ट्रैक्ट प्राप्त किया है सीआरजेई पूरे अफ्रीका में रेलवे और फाइव-स्टार होटेल्स बनाने वाली आधुनिक कंपनी है यह महत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के सिविल इंजिनियरिंग सेगमेंट पर ध्यान देता है और केबीसी ग्लोबल के लिए बडी उपलब्धि दिखाता है यह कॉन्ट्रैक्ट केबीसी ग्लोबल की पूर्ण स्वामित्व वाली केन्याई सहायक कंपनी कार्डा इंटरनेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के माध्यम से सुरक्षित किया गया था, जो अफ्रीकी बाजार में कंपनी के विस्तार को रेखांकित करता है। यह कॉन्ट्रैक्ट अंतरराष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में केबीसी ग्लोबल की बढ़ती क्षमताओं और प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालता है। यह परियोजना अफ्रीका के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में योगदान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, जो अफ्रीका महाद्वीप के विकास में एक प्रमुख कंपनी बनने की दिशा में उसका पहला बड़ा कदम है। इस उपलब्धि के साथ, केबीसी ग्लोबल क्षेत्र के महत्वाकांक्षी विकास और विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित करते हुए, पूर्वी अफ्रीका के इंफ्रास्ट्रक्चर के परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। चीन के रेल मंत्रालय के तहत जियानचांग इंजीनियरिंग ब्यूरो की ताजारा कंस्ट्रक्शन की सहायक टीम से बनी सीआरजेई प्रतिष्ठित चाइना रेलवे कंस्ट्रक्शन ग्रुप कंपनी का भी हिस्सा है, जिसे पूर्वी अफ्रीका में व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है।

2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो भारत के नासिक में रेसिडेन्शियल और रेसिडेन्शियल-कम ऑफिस प्रोजेक्ट्स के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी मुख्य रूप से दो सेगमेन्ट्स में काम करती है रेसिडेन्शियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स का निर्माण और विकास, और कोन्ट्रेक्च्युअल प्रोजेक्टस। कंपनी के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र-2 इस्टेक्स्ट टाउनशिप, हरि संस्कृति 2, हरि सिद्धि और हरि समर्थ आदि शामिल हैं। कंपनी ने स्थानिक और अंतरराष्ट्रीय बाजारों दोनों में विस्तरण के लिए रणनीतिक योजनाए की भी घोषणा की है। अप्रैल, 2024 के महिने में बॉर्ड ऑफ डिरेक्टर्स ने एफसीसीबी के इश्यू के नियमों और शर्तों के अनुसार कुल 60 बांडों को इक्विटी शेयरों में बदलने पर विचार किया और मंजूरी दे दी। 4 जून, 2024 को कंपनी ने घोषणा की है कि उसने अप्रैल और मई 2024 के दौरान अपनी रेसिडेन्शियल कम कमर्शियल प्रोजेक्ट हरि कुंज मेफ्लावर से 12 यूनिट्स का कब्जा सफलतापूर्वक सौंप दिया है।

# सुमही खुर्द में 3.50 करोड़ की लागत से बनेगा विद्युत उपकेंद्र

अवधनामा संवाददाता



सुमही खुर्द में भूमि का निरीक्षण करते बिजली विभाग के अधिकारी

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** विकास खंड के सुमही खुर्द में लगभग तीन करोड़ पच्चास लाख के लागत से निर्मित होने वाले विद्युत उपकेन्द्र के बिजली विभाग के गोरखपुर की टीम ने स्थली निरीक्षण किया। इसके बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मिलकर उक्त भूमि की पैमाईश कराने की मांग किया जिससे निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। फाजिलनगर उपकेंद्र से सात फिडरों द्वारा लगभग दो सौ गांवो को बिजली की आपूर्ति होती है।

अधिक दूरी तथा अधिक लोड होने के चलते आए दिन फाल्ट तथा लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान होते रहते है। इसके निजात के लिए पूर्व विधायक ने शासन स्तर पर प्रायस करने के बाद विकास खण्ड के उक्त गांव में बिजली उपकेन्द्र स्वीकृत कराया था लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी जमीन उपलब्ध नहीं होने के चलते इसका निमार्ण कार्य शुरु नही हो सका। लगभग छः माह पूर्व ग्रामीणों व ग्राम प्रधान के प्रयास से 44 डिसमिल जमीन को बिजली को हस्तांतरित हो गया लेकिन उसके बाद भी निर्माण कार्य नहीं शुरू होने पर क्षेत्रीय लोगों ने विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा से मिलकर इस कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया था जिसके बाद मंगलवार को उप खण्ड अधिकारी बिजली (सिविल) गोरखपुर राहुल शुक्ला, एसडीओ फाजिलनगर बंसरोपण तथा बिजली विभाग के टीम के साथ स्थली निरीक्षण किया ग्रामीणों को तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराने का भरोसा दिलाया। इस सम्बंध में श्री शुक्ला ने बताया कि सारी प्रक्रिया पुरी हो गई है। अभी अधिशाषी अभियन्ता के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया से मिलकर इसके भूमि पैमाईश कर सीमांकन के लिए बात किया जायेगा। सीमांकन होने के दो सप्ताह बाद निर्माण कार्य शुरु हो जायेगा इसके निर्माण के लिए पहले से ही धन विभाग को आवंटित हो चुका है।

# किसानों की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर हो निस्तारण : जिलाधिकारी



अवधनामा ब्यूरो

**डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस की बैठक**

**कुशीनगर।** किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उप कृषि निदेशक, कुशीनगर द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही को पढ़ कर सुनाया गया। पिछले किसान दिवस में प्राप्त 07 प्रकरण में से 05 प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ उन्ही किसानों को दिया जायेगा जिनका ई-केवाईसी, भूलेख अंकन और बैंक में एनपीसीआई पूर्ण होगा, जिन्होने अभी तक ई-केवाईसी, भूलेख अंकन और बैक में एनपीसीआई नही कराया है वह अतिशीघ्र करा लें जिससे कि अगली किस्त प्राप्त करने में कोई कठिनाई न आए। साथ ही सभी कृषकों को अवगत कराया गया कि जो नए पंजीकरण पीएम किसान पोर्टल पर सहज जन सेवा केन्द्र के माध्यम से योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। जिलाधिकारी ने किसान दिवस के मौके पर समी कृषक बन्धुओं से आग्रह किया कि परम्परागत खेती छोड़ औधोगिक खेती की तरफ रूचि ले जिससे किसान भाईयों की आमदनी बढे और जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग के माध्यम से अग्रणी कृषकों को प्रदेश स्तर पर ट्रेनिंग के लिए भेजा जाए, जिससे हमारे कृषक दक्ष हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उसका शीघ्र निस्तारण किया जाए।

## डीएम के समक्ष किसानों ने उठाई विभिन्न समस्याएं

बैठक में किसान भाइयों ने विद्युत कनेक्शन के चार्जेज, नहरों/रजवाहों में सिंचाई हेतु पानी समय से न छोड़ने की समस्या, फसल लगाने के लिए उपर्युक्त उत्तम गुणवत्ता वाली बीज, ट्यूबवेल कनेक्शन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जारी किस्त के किसानों के खातों में अंतरण न होने की समस्या, केसीसी खाता से बिना सूचना के अकाउंट बंद करने, केले के फसल की क्षति हुए किसानों के बीमा पॉलिसी के संबंध में तथा आपसी सहमति के आधार पर दर्ज बंटवारों से संबंधित विभिन्न वादों के संदर्भ में जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत रखी, जिस पर बारी-बारी से गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शिकायत मिलने पर उप कृषि निदेशक से स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश भी दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कहा कि इस किसान दिवस का मुख्य उद्देश्य किसानों को समस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ कृषि तकनीकियों का उपयोग कर कृषि को उद्योग के रूप में विकसित करना है तथा कुशीनगर में उत्पादन किए जाने वाले विभिन्न औषधि कृषि फसलों, ड्रैगन फ्रूट, हल्दी, आलू फसलों में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर उत्पादन को बढ़ावा देना है जिससे कि यहां के किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके, उनकी आय में वृद्धि हो सके तथा बाहर भी अपने उत्पादों का विक्रय कर सके।

## केक काटकर कांग्रेसियों ने मनाया राहुल का जन्मदिन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेसियों ने बुधवार को गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल अध्यक्षता में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। जिलाध्यक्ष ने नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर व मिठाई बांटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई। कांग्रेस जनों में राहुल गांधी के जन्मदिन को लेकर काफी उत्साह दिखाई पड़ा। लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पहला कार्यक्रम अपने प्रिय नेता के जन्मदिन मनाने का अवसर मिला। कांग्रेसी चिलचिलाती धूप में कई घंटे तक शर्बत वितरण करते रहे। राहगीर दुपहिया वाहनों व गुजरने वाले लोगों को कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी तन्मयता के साथ शरबत पिलाने में डटे रहे। आशीष शुक्ल अनिल सिंह अर्जुन पासी मो मतीन रामलखन शुक्ल शत्रुहन सिंह सर्वेश सिंह अशोक दुबे रामप्रताप पांडेय अरविंद चतुर्वेदी इन्द्रपाल माली माता प्रसाद वैश्य रविन्द्र प्रताप सिंह पवन शुक्ल बीरेंद्र सिंह अजीत यादव देवमणि तिवारी बब्बन द्विवेदी धर्मेंद्रसिंह अवनीश मिश्र आदि उपस्थित रहे।



## डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसान दिवस में किसान बन्धुओं द्वारा नहरों में पानी ना आने निराश्रित गोवंश की समस्या पेयजल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन डालने के दौरान सड़कों को खोदने के उपरांत उन्हें पुनः गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत न किए जाने सहित अन्य बिंदुओं पर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई। किसान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

## युवाओं को कराया गया योगाभ्यास



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जगह-जगह तैयारी चल रही है। इसी क्रम में नेहरू युवा केंद्र की ओर से योगाभ्यास कार्यक्रम जगह जगह कराया जा रहा है। उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी युवाओं की ओर से व्यापक पैमाने पर की गई है। महात्मा शिव कुमार पाठक इंटर कॉलेज धरईमाफी में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें 150 युवा और युवतियां योगाभ्यास करेंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न ब्लाकों में 50-50 की संख्या में युवा योग करेंगे। जिनका पंजीकरण में माई भारत पोर्टल पर कराया गया है। इसके अतिरिक्त इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में विचार गोष्ठी और शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बताया कि जिले में लगभग 300 युवा मंडल सक्रिय हैं जिनसे जुड़े युवक और युवतियां योगाभ्यास कर योग कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं।

## 25 जून तक करें आवदेनः शालिनी श्रीवास्तव

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया है कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से संपादित किये जाने एवं प्रबन्धन कार्यों के समुचित अनुश्रवण के उद्देश्य से संविदा पर (आउटसोर्सिंग के माध्यम से) 1 जिला समन्वयक (सिविल), 1 ईएमआईएस इंचार्ज, 02 ब्लाक एमआईएस को-आर्डिनेटर तथा 3 कम्प्यूटर ऑपरेटर (कुल 07 पद) भरे जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन से संबंधित पूर्ण जानकारी सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है। वांछित योग्यताधारी अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से 25 जून, 2024 तक आवेदन कर सकते है।

## युवक की मौत, परिजनो ने हत्या का लगाया आरोप

**कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के शाहपुर कुरमौटा निवासी एक 16 वर्षीय युवक की मंगलवार की शाम मौत हो गई। परिजन तहरीर देकर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक शाहपुर कुरमौटा गांव के समीप इसी मार्ग पर मंगलवार की शाम को 16 वर्षीय पवन शर्मा नामक युवक गंभीर रुप से घायल हालत में मिला। उसे कसया के निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए उसे गोरखपुर रेफर कर दिया युवक को ले जाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गई। तहरीर के अनुसार मृत युवक की मां ने बताया की कुछ युवक ई रिक्शा से मेरे घर आए और मेरे पुत्र पवन को घर से बुलाकर एयरपोर्ट की ओर ले गए। वहां सबने मिलकर लोहे के रॉड से मारा पीटा। मेरी बेटी शिल्पा और बेटा रतन टहलने गए थे। उन्होंने घटना को देखा तो शोर मचाया, तो वह भाग गए। सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगी और युवक की मौत हो गई। परिजनों ने उक्त युवकों पर पूर्व में भी जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मृतक की मां संगीता देवी ने तीन नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। वही कुछ लोगो का कहना है की इस मार्ग पर स्टंटबाजो का जमावड़ा लगा रहता है। कुछ युवक ई-रिक्शा से स्टंटबाजी कर रहे थे। यह युवक सड़क के किनारे खड़ा था। स्टंटबाजी के दौरान ठोकर लगने से ही युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, बाद में उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने कहा कि तहरीर मिला है, जांच की जा रही है।

# कौशल विकास से खुलेगी उद्यमिता की राहः डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं को शासन की मंशा के अनुरूप धरातल पर उतरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कौशल विकास से ही उद्यमिता की राह खुलेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष जनपद के 300 कृषक उद्यमियों को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ वेजिटेबल रिसर्च, वाराणसी में सब्जी उत्पादन की उन्नत तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भेजा जाएगा। उक्त प्रशिक्षण पूर्णतया निःशुल्क होगा। प्रशिक्षार्थियों को मात्र आने-जाने का खर्च वहन करना होगा। उद्यान विभाग प्रगतिशील कृषकों को चिन्हित कर सूची तैयार करेगा। इसी प्रकार वाराणसी स्थित आईआरआरआई के रिजनल सेंटर में चावल उत्पादन की उन्नत तकनीक का प्रशिक्षण देने के लिए 30 प्रतिभागियों को जनपद से भेजा जाएगा। इन किसानों को 5 से 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कृषि विभाग इसकी सूची तैयार करेगा। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एनएफसी पोर्टल पर जनपद में स्थापित छोटे-बड़े सभी औद्योगिक इकाइयों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराया जाए। पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों में अधिक से अधिक पदों का सृजन किया जाए और सृजित पदों के सापेक्ष जनपद की युवाओं को अप्रेंटिसशिप योजना का लाभ दिलाया जाएगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा सीधे प्रशिक्षण प्रदाताओं को लक्ष्य का आवंटन किया जा रहा है। जनपद के समस्त राजकीय व निजी आईटीआई, पॉलिटेक्निक, फार्मेसी कॉलेज, महाविद्यालय, आदि के लक्ष्य आवंटन के लिए ससमय आवेदन कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत वर्तमान में 18 विधाओं के पारंपरिक शिल्पकारों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सके। बैठक में सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, उपयुक्त उद्योग खुशबू सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई शोभनाथ, ईओ अंकिता शुक्ला सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# छात्र संख्या नहीं बढ़ाने पर प्रधानाध्यापकों से बीएसए ने मांगा स्पष्टीकरण

अवधनामा ब्यूरो

**जिले में कुल 2464 परिषदीय विद्यालय होते हैं संचालित**

**कुशीनगर।** स्कूल चलो अभियान समेत विभिन्न योजनाएं चलाने के बाद भी विद्यालयों में छात्र संख्या नहीं बढ़ने से विभाग परेशान है। इसको गंभीरता से लेते हुए 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से बीएसए ने स्पष्टीकरण मांगा है। उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से स्पष्टीकरण देना होगा।

बीएसए डॉ. रामजियावन मौर्या ने बताया कि जिले में कुल 2464 परिषदीय विद्यालय संचालित होते हैं। इसमें 116 प्राथमिक और 64 जूनियर समेत कुल 180 विद्यालयों में 50 से कम छात्र संख्या है। इसमें पडरौना ब्लॉक क्षेत्र के 11 प्राथमिक व 11 जूनियर में 50 से कम छात्र संख्या है। इसी तरह विशुनपुर में जूनियर के एक, तमकुहीराज में प्राथमिक के 11 व जूनियर के सात, सुकरौली में प्राथमिक के एक, रामकोला में प्राथमिक के पांच व जूनियर के पांच, नौरंगिया में प्राथमिक के दस व जूनियर के पांच, मोतीचक में प्राथमिक के 13 व जूनियर के पांच, खड्डा में प्राथमिक व जूनियर के एक-एक, कसया में प्राथमिक के 22 व जूनियर के छह, हाटा में प्राथमिक के दस व जूनियर के छह, फाजिलनगर में प्राथमिक के 17 व जूनियर के 11, दुदही में प्राथमिक के एक व जूनियर के दो और कप्तानगंज ब्लॉक में प्राथमिक के 11 व जूनियर के तीन समेत कुल 180 विद्यालयों में छात्र संख्या 50 से कम है। बीएसए ने बताया कि 50 से कम छात्र संख्या वाले इन सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस देकर बीईओ के माध्यम से जवाब तलब किया गया है। निर्धारित अवधि के भीतर यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## विकास कार्य न होने से सभासदों ने ईओ पर जताई नाराजगी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के विभिन्न वार्डो में विकास कार्य नहीं होने से जिम्मेदारों के प्रति सभासदों में नाराजगी है। नतीजतन नाराज सभासदों ने नगर पालिका कार्यालय में धरना देकर ईओ के कक्ष के सामने जमकर हंगामा किया। सभासदों का आरोप लगाया कि नगर पालिका के जिम्मेदार पुरी तरह से बेलगाम हो गए है। हंगामे की सूचना की जानकारी मिलने के करीब दो घंटे बाद पहुंचे ईओ ने सभासदों से वार्ता की और वार्डो में विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद सभासदों का गुस्सा शान्त हुआ और धरना समाप्त हुआ। सभासद प्रमोद श्रीवास्तव के नेतृत्व में अमतुल्लह, अरूण कुशवाहा, कयामुद्दीन अंसारी, छोटेलाल, विश्वनाथ प्रताप सिंह, सौरभ कुमार आदि सभासद, वार्ड की समस्या व वार्ड मे विकास कार्य ठप होने की शिकायत लेकर नगर पालिका परिषद कार्यालय में पहुंचे तो ईओ नहीं मिले। नाराज सभासदों ने कई बार ईओ और चेयरमैन को फोन किया। लेकिन किसी का फोन रिसीव नहीं हुआ। इससे नाराज सभासद ईओ कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। सभासदों ने आरोप लगाया कि नगरपालिका शहर के अधिकांश वार्डो में अभी तक सड़क, नाली और पथ प्रकाश व्यवस्था से लोग जूझ रहे है। इसके अलावा भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था लड़खड़ा गई है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। शिकायत के बाद भी मच्छरमार दवाओं का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान हैं। मोहल्ले के सार्वजनिक स्थानों पर जलभराव के कारण जलजनित बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है। सभासदों द्वारा धरना पर बैठने की जानकारी के करीब दो घंटे बाद ईओ नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और सभासदों की मांग पर एक-एक बिंदुओं पर वार्ता कर नाराज सभासदों को शान्त कराया। ईओ ने कहा कि जिन वार्डो में टेंडर हो गया था। वह काम चुनाव के चलते प्रभावित था।

# मामूली बात को लेकर अधिवक्ताओं एवं डीएम के बीच नोकझोंक हंगामा

अवधनामा संवाददाता





**देवरिया।** कलेक्ट्रेट परिसर में अपने चेंबर में बैठे जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सिंहासन गिरी के बीच नोकझोंक हुई। दोनों तरफ से हुई वाद विवाद के बाद अधिवक्ता लामबंद होकर जिलाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हंगामा देख कलेक्ट्रेट में पुलिस फोर्स बुला ली गई है। मौके पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा सहित पुलिस के जवान बुला लिए गए हैं।

घटना की मुख्य वजह अधिवक्ताओं के लिए बनाए गए अधिवक्ता चेंबर में कब्जे का मामला है। कलेक्ट्रेट परिसर में तीन मंजिला अधिवक्ता चैंबर बनाया गया है। जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर अधिवक्ताओं के लिए चैंबर देने के लिए प्रशासन की तरफ से सहमति बनी है। उधर अधिवक्ताओं का कहना है कि अधिवक्ता चेंबर की पूरी बिल्डिंग अधिवक्ताओं की है। प्रशासन का कहना है कि प्रथम एवं द्वितीय तल सरकारी विभागों के लिए कार्यालय खोले जाएंगे। इस बात पर अधिवक्ता नाराज हैं। इसी मुद्दे को लेकर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सिंहासन गिरी पदाधिकारी के साथ जिलाधिकारी से मिलने के लिए उनके चेंबर में पहुंचे। वहां बात बिगड़ गई। दोनों तरफ से तू-तू मैं-मैं हुआ। **जिलाधिकारी बोले आप निराधारः** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि सिंहासन गिरि का आरोप निराधार है वह अपने व्यक्तिगत भूमि के लिए भी आए थे। उनका आरोप है कि उनकी भूमि पर सड़क बना दी गई है। इसके अलावा अधिवक्ता चेंबर के लिए भी डिमांड कर रहे थे। शासन की मंशा के अनुरूप प्रथम तल अधिवक्ताओं के चेंबर के लिए एवं द्वितीय तथा प्रथम तल अधिवक्ताओं के चेंबर के लिए एवं प्रथम व द्वितीय सरकारी विभागों के कार्यालय के लिए आवंटित करने की बात चल रही है। इससे वह नाराज हो गए। चेंबर के बाहर जाकर दरवाजा पीटने लगे। **पुलिस बुलाई गईः** अधिवक्ताओं के आंदोलन को देखते हुए कलेक्ट परिसर में पुलिस बुला ली गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा तथा अपर पुलिस अधीक्षक दीपांकर चौधरी भी पहुंच गए हैं। कलेक्ट्रेट में तनाव की स्थिति बनी हुई है। अधिवक्ता नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर बिल्डिंग में प्रशासन के खिलाफ रणनीति बना रहे हैं।

## सरकार एवं विपक्ष से नाउम्मीद जनता में एक नई उम्मीद बनकर प्रदेश विधानसभा चुनाव लडेगी काली सेना

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी/देवरिया।** उत्तर प्रदेश के कुल चालीस जनपदों के 262 सीटों पर विधान सभा चुनाव लड़ने की तैयारी है बताते चलें कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार, धर्मातंरण रोकने, व लव × लैंड जिहाद को रोकने को लेकर बहुत पहले गठित एक पुरातन सामाजिक संगठन काली सेना के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी आनंद स्वरूप महाराज द्वारा अब इसे राजनीतिक क्षेत्र में भी उतारने का फैसला तब लिया गया है। जब उत्तर प्रदेश के विगत लोक सभा चुनाव 2024 में कई सारे दल, सत्ता पक्ष एवं विपक्ष द्वारा टिकट देने का वादा कर वादाखिलाफी की गई है।

वहीं अब आगामी 2027 के विधान सभा चुनाव की तैयारी के लिए पदाधिकारियों का चयन का काम जोर सोर से शुरू हो गया है। गौरतलब है कि अब यूपी की कुल 40 जिलों के 262 विधान सभा सीटों पर काली सेना ने अपने प्रत्याशी उतारने का फैसला लिया है। जिसके लिए अभी से प्रचार प्रसार शुरू कर दिया गया है। काली सेना के संस्थापक अध्यक्ष व शांभवी पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज कहना है। काली सेना का गठन हमने कर्नाटक में किया था। जब केरल में धर्म परिवर्तन हो रहे थे काली सेना ने उसे रोकने का काम किया। चूंकि हमारा जन्मस्थान यूपी के बलिया में है इस लिए हम चाहते हैं कि पूर्वांचल को केंद्र मानकर हम इस संगठन का और अधिक विस्तार करें। काली सेना का उद्देश्य राष्ट्र रक्षा, हिन्दू राष्ट्र की घोषणा कराना, सनानत वैदिक धर्म को प्रसारित करना, धर्मांतरण को रोकना, लव × जमीन जिहाद को रोकना है। काली सेना में बड़ी संख्या में शिक्षक, पत्रकार, वकील और बुद्धिजीवी जुड़ रहे हैं। लोगों का मानना है कि काली सेना का राजनीति में प्रभाव बढ़ने से तुष्टिकरण की नीति को धक्का लगेगा। काली सेना में युवाओं की बढ़ती भागीदारी से कई सारे राजनीतिक दलों में कार्यकर्ताओं की भारी कमी महसूस किए जाने की भी संभावना बढ़ी है। जानकार बताते हैं कि स्वामी आनंद स्वरूप महाराज पिछले तीन वर्ष से सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लडने की तैयारी कर रहे थे। इनके साथ एक राजनीतिक दल ने उनको टिकट देने का वादा कर धोखा कर दिया था। इस लिए ही अब वे हठयोग ठान लिए हैं कि खुद का राजनीतिक दल बनाएंगे और हम टिकट मांगने के बजाए टिकट बांटने एवं सरकार तथा विपक्ष से आहत अपने देश प्रदेश व समाज के लोगों को अब चुनाव लडाने का कार्य करेंगे।

# सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरीः विजय लक्ष्मी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता के लिए विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस पर बुधवार को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अनुसूचित जन जाति के सिकल सेल स्क्रीनिंग किए गए 35 लोगों को सिकल सेल जेनीटिक कार्ड वितरित किया गया। इसके साथ ही 19 जून से 3 जुलाई तक चलने वाले सिकल सेल एनीमिया पखवाड़े का शुभारम्भ किया गया। इस मोके पर राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा है कि सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए जन-जागरूकता जरूरी है। सिकल सेल एनीमिया की प्रभावी रोकथाम, प्रबंधन और उपचार के लिए प्रत्येक समुदाय और व्यक्ति को भागीदार बनकर मानवता की सेवा करनी होगी। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है।

सिकलसेल एनीमिया के उपचार के महान कार्य में सभी को यथासंभव सहयोग करना चाहिए। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि 2047 तक सिकलसेल एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसे पूरा करने के लिए हम सभी को आगे आकर सरकार का सहयोग करना होगा। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि सिकलसेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिए प्रत्येक परिवार की काउंसलिंग और जांच की जानी चाहिए। सिकल सेल रोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है, यह रक्त को प्रभावित करने वाली बीमारी है। इस रोग के कारण रक्त कोशिकाओं के भीतर हीमोग्लोबिन का स्तर प्रभावित होने लगता है। सिकल सेल रोग सबसे आम वंशानुगत रक्त विकार है। रक्त वाहिकाओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा महत्वपूर्ण है, इसी की मदद से आपके पूरे शरीर में ऑक्सीजन का संचार होता है। एससीडी के शिकार लोगों को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम हो सकता है। इस रोग के कारण रक्त कोशिका के आकार अर्धचंद्राकार में बदल जाता है और ये कोशिकाओं को कठोर बना देता है।

# कृषि भवन सभागार में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कृषि भवन सभागार बहराइच में उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही की अध्यक्षता में किसान दिवस एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा बैठक में जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड) बहराइच कैलाश जोशी ने उपस्थित कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशक सदस्यों/कृषकों को बताया कि नाबार्ड द्वारा वर्तमान में 02 योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसमें एग्री-मार्केटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड एवं एग्री क्लीनिक एण्ड एग्री बिज़नस सेंटर की योजना अंतर्गत कृषक संगठनों/किसानों को कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड स्टोरेज वैन, वेयरहाउस हेतु 25-35 तथा 25-45 प्रतिशत (20 लाख की लागत तक की परियोजना के लिए) अनुदान उपलब्ध है। चार्टर्ड अकाउंटेंट ब्रिजेश मिश्रा द्वारा उपस्थित एफपीओ को सुझाव दिया गया कि उत्पादित फसल उत्पाद का विवरण यूपी एफपीओ शक्ति पोर्टल पर अपडेट करें ऐसा न करने पर आपके उत्पाद प्रदेश अथवा नेशनल स्तर पर प्रदर्शित नहीं हो पा रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद के कम से कम 40 एफपीओ सदस्यों द्वारा खाद, बीज के लाइसेन्स लिए गए हैं परन्तु उसका संचालन नहीं कर रहें हैं जिसके कारण उनसे जुड़े किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि लाइसेन्स का सदुपयोग न करने की दशा में इन्हे निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है। लखनऊ से आये अरविन्द मिश्रा ने उपस्थित एफपीओ से कहा कि पोर्टल पर अपना-अपना प्रोडूस पोर्टल पर अपडेट कर दें जिससे ये जानकारी हो सके कि आपका एफपीओ क्या कार्य कर रहा है जिससे जिले की ग्रेडिंग/रैंकिंग में अपेक्षित सुधार हो सके। भूमि संरक्षण अधिकारी बहराइच डॉ. सौरभ वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024-25 में स्माल तालाब लागत 1.05 लाख पर रू. 52500 का अनुदान देय है। जनपद में 53 तालाब निर्माण का लक्ष्य उपलब्ध है। वर्तमान में पारदर्शी पोर्टल से टोकन जनरेट किये जाने की व्यवस्था दी गयी है इच्छुक किसान टोकन जनरेट कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। लाभार्थी किसानों को तालाब निर्माण के बाद उद्यान विभाग की योजनाओं से स्प्रिंकलर भी अनुदान पर मिलने की व्यवस्था है। प्रगतिशील कृषक मुन्नालाल वर्मा निदेशक सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. हटवा हरदास पयागपुर ने मशरूम उत्पादन तथा संजय श्रीवास्तव निदेशक गंगोत्री फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. महसी ने बांस के पौधे लगाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

# पूर्व विधायक की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई

**इस अवसर पर सुपुत्र इं रूपेश सिंह के द्वारा एक अनोखी पहल**

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** सरल स्वभाव के धनी, तीन बार के लोकप्रिय विधायक रहे स्व सूर्यभान सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि कार्यक्रम दूबेपुर ब्लॉक के भदहारा,बांसी स्थित हरिहर प्रसाद महाविद्यालय में हुआ तथा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें सुल्तानपुर जनपद के हजारों लोगो ने पहुंच करके पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि ज्ञापित किया। यह उनकी लोकप्रियता ही थी जो वहां पर इतनी भारी संख्या में युवा से लेकर बुजुर्ग तक उपस्थित रहे।इस श्रद्धांजलि सभा के दौरान पर्यावरण के असंतुलन को देखते हुए एक अनोखी पहल उनके दोनों पुत्र इं रूपेश कुमार सिंह,विशेष सचिव न्याय मुकेश कुमार सिंह के द्वारा की गई। जिसमे हज़ारों आम व नीम के पौधे आए हुए लोगों के मध्य वितरित किए गए और एक बैनर के माध्यम से पौधारोपण के फायदे और महत्व को समझाते हुए लोगों से इं रूपेश कुमार सिंह ने सभी से निवेदन किया की इन पौधों को लगाकर इनको विकसित वृक्ष जरूर बनाएं। जिससे आगे आने वाले समय में पर्यावरण असंतुलन को रोका जा सके। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व एमएलसी अशोक सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल,नगर पालिका अध्यक्ष कादीपुर आनंद जायसवाल, कोऑपरेटिव अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, गिरीश नारायण सिंह, भाजपा नेता रामचंद्र मिश्रा, डॉ एके सिंह, डॉ जेपी सिंह, पूर्व डीजीसी तारकेश्वर सिंह, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष काशी शुक्ला सहित क्षेत्र के अन्य गड़मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नव प्रज्ञा काव्य फाउंडेशन ने शिक्षिका अनुपम शुक्ला को बनाया अध्यक्ष



**लखनऊ/सुलतानपुर।** नव प्रज्ञा काव्य फॉउंडेशन के काव्य पटल के संस्थापक मिथिलेश कुमार सिंह ने काव्य पटल सम्पादन कार्यकारणी में नव निर्वाचित सदस्यों को कार्य भार सौंप दिया है। जिसमे सुलतानपुर से बेसिक शिक्षा परिषद की शिक्षिका अनुपम शुक्ला को नवप्रज्ञा काव्य फॉउंडेशन में यू पी का अध्यक्ष बनाया गया है। अनुपम शुक्ला को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपने के बाद नवप्रज्ञा के संस्थापक मिथिलेश कुमार सिंह ने फॉउंडेशन की तरफ से शिक्षिका अनुपम शुक्ला को शुभकामना व्यक्त किया। नई कार्यकारणी में मीना गंगवार पीलीभीति से उपाध्यक्ष डॉक्टर मोहनी स्नेह उपाध्यक्ष, रेणु कुमारी कोर कमेटी सदस्य, निशांत कौसर कोर कमेटी सदस्य, दिव्या अग्रवाल कोर कमेटी सदस्य, प्रतिमा यादव गोरखपुर ,सुनील कुमार सहारनपुर , गीता कुमारी कोर कमेटी सदस्य,रीता पांडेय चंदौली कोर कमेटी सदस्य, पूनमलता धनबाद झारखंड से डाक्टर अमलपुरे सूर्यकांत विश्वनाथ महाराष्ट्र से अनीता त्रिपाठी ओम कोर कमेटी सदस्य बनाया गया है।

## एलपीजी शवदाह मशीन का डीएम ने किया अनावरण



**ललितपुर।** अनंत सेवा ग्रुप के तत्वाधान में तुवन मन्दिर मैदान में उत्तर प्रदेश की प्रथम एल.पी.जी.गैस शवदाह मशीन का अनावरण जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने किया। वहीं पूजन तुवन मन्दिर के महंत रामलखनदास ने किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज प्रदूषण और पर्यावरण को लेकर पूरा देश चिंतित है जिसके लिए शाशन और प्रशाशन इसके ऊपर कार्य पूरी ततपरता से लोगो को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। कहा कि यह मशीन प्रदूषण मुक्त एवं पर्यावरण हित मे है। संस्था के संस्थापक सदस्यों ने बताया कि यह मशीन निःशुल्क रूप से वर्तमान में इलाइट मुक्तिधाम पर उपलब्ध कराई जाएगी। मशीन में दाह संस्कार पूर्व सभी सनातन संस्कार पूर्ण किये जा सकते है जिसमे दो कमर्शियल सिलेंडर एक दाहसंस्कार में लगते है एवं दो घण्टे में ही दाहसंस्कार पूर्ण हो जाता है। नगर पालिका द्वारा दी गयी जगह पर मशीन को रखकर अंतिम संस्कार किया जाएगा। इलाइट मुक्ति धाम पर अस्थियों को रखने के लिए संस्था द्वारा निःशुल्क लॉकर व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम नपाध्यक्ष सरला जैन, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, गणेश शंकर श्रीवास्तव, संजय डयोडिया, मनमोहन जड़िया, सरदार जगजीत सिंह, दीपक सोनी, डी.एस., पंकज अग्रवाल, कैलाश श्रीवास्तव, डा.प्रबल सक्सेना, प्रशांत श्रीवास्तव, रामेश्वर मालवीय, नीलेश जैन, सुलभ गुप्ता, संजीव खरे, ब्रजेश चतुर्वेदी, महेंद्र सविता, सत्यनारायण शुक्ला, डा. रामगोपाल साहू, दिलीप चौधरी, पटवाजी, राजीव चौबे, सुबोध गोस्वामी, हाकिम सिंह, भरत रिछारिया, संजय विश्वकर्मा, अमित तिवारी, दीपक पाण्डेय, धर्मेंद्र राठौर, दीपक राठौर, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, कन्हैया नामदेव, कैलाश अग्रवाल, सुबोध शर्मा विश्वास, हरविंदर सलूजा, चन्द्रशेखर राठौर, रमेश रावत, शुभम देवलिया, नवल सोनी, विकाश श्रीवास्तव, मनोज सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

## बुन्देलखण्ड मीडिया पत्रकार क्लब ने उठाये जनहित के मुद्दे



**ललितपुर।** बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब ने पुलिस अधीक्षक को जनता के प्रति सुरक्षा के साथ जुड़ी विशेष चर्चा के दौरान ललितपुर आजाद बाल कीड़ा स्थल पर आज सामाजिक तत्वों एवं कुछ चुनिंदा ढाबों पर अवैध शराब की बिक्री को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में आज ही के दिन जनता को जो मूलभूत सुविधाओं से जैसे कि जल विद्युत जैसी गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर जन समस्याओं का निस्तारण हेतु अगवत कराया। बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब जनता के तमाम मुद्दे को लेकर शासन प्रशासन समक्ष जनहितैषी कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। इस दौरान पार्षद मनमोहन चौबे ने भी बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब के बैनर तले आकर वार्ड नंबर 15 एवं शहर की समस्याओं को लेकर नमामि गंगे एवं उच्च अधिकारियों से वार्ता की। आगे के क्रम में फिर से जनता की मूलभूत सुविधाओं ललितपुर प्रशासन को समय-समय पर जनहितदेसी कार्यों में अपनी रुचि लाने के उद्देश्य से बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब के सभी वरिष्ठ कार्य करता एवं पदाधिकारी मैदान में डटे रहेगे। ज्ञापन के दौरान संरक्षक रवीन्द्र दिवाकर, जाकिरराज चौहान, सच्चानंद गोलवानी, राजाराम यादव, फहीम बख्श, अध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, महामंत्री सोनू ताम्रकार, शमीम खान, नाजिर बेग, इशराक खान नीटू, हसीब खां वकील, शिवप्रताप सिंह, वेदप्रकाश लिटौरिया, अनुज सिंह ठाकुर, शिव प्रताप सिंह राजपूत, मीडिया प्रभारी शमीम एवं लग्नशील वार्ड नं नंबर 15 के पार्षद मनमोहन चौबे एड., आसिफ खां, सजल दिवाकर, शिशुपाल अहिरवार, जयकुमार, पवन बंसल समेत दर्जनों अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

## सूखी नहर से पिछड़ रही खेती, किसान परेशान

**सुल्तानपुर।** सूखी नहरें किसानों को विचलित कर रही है। धान की नर्सरी डालने के लिए किसानों को पानी की आवश्यकता है। नहरें सूखी पड़ी हैं जबकि बिजली की आपूर्ति न होने से नलकूपों से भी पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या पानी की है। समय रहते अगर पानी नहीं मिला तो किसान बेरन नहीं डाल पाएंगे। आसमान से बरस रही आग से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सुल्तानपुर के सारदा सहायक खंड 49 नहर में पानी नहीं हैं, नहर सूखी पड़ी है। नहर पोखरे सूखे पड़े होने के कारण किसानों के सामने सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। धान की नर्सरी तैयार करने का काम भी पिछड़ रहा है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

| निविदा सं. | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाइट |
|---|---|---|---|---|
| 96245564 | 15.07.2024 | सप्लाई इनस्टालेशन एण्ड कमिशनिंग ऑफ इलेक्ट्रिक डाईवेन रोटरी स्क्रू टाईप एयर कम्प्रेशर | 02 नं. | www.ireps.gov.in |

पत्रांक: SR.DMM/NR/TENDER/AT/LKO/2023-24
DATE-19.06.2024
1844/24

सहा. मंडल सामग्री प्रबंधक
उत्तर रेलवे, लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## कार्यालय : ग्राम पंचायत- अवधपुर विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत अवधपुर द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 24.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 24-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**इन्दू देवी -ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-अवधपुर**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**बृहस्पति शुक्ला-सचिव**
**ग्राम पंचायत-अवधपुर**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- रामनगर विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत रामनगर द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 24.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 24-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**महेन्द्र निषाद -ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-रामनगर**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**उदय मल्ल-सचिव**
**ग्राम पंचायत-रामनगर**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- कालाबन विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत कालाबन द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 24.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 24-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**पूजा यादव -ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-कालाबन**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**उदय मल्ल-सचिव**
**ग्राम पंचायत-कालाबन**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- बीरवा विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत बीरवा द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 24.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 24-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**आशा राम निषाद -ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-बीरवा**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**उदय मल्ल-सचिव**
**ग्राम पंचायत-बीरवा**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- सेखुई विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत सेखुई द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 24.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 24-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**सुरेन्द्र यावद-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-सेखुई**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**उदय मल्ल-सचिव**
**ग्राम पंचायत-सेखुई**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- लुअठही विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत लुअठही द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 24.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 24-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**संजय राजभर-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-लुअठही**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**उदय मल्ल-सचिव**
**ग्राम पंचायत-लुअठही**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- सूरजपुर विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत सूरजपुर द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 24.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 24-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**रम्भा देवी-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-सूरजपुर**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**उदय मल्ल-सचिव**
**ग्राम पंचायत-सूरजपुर**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- लक्ष्मीपुर विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 24.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 24-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**संजू देवी-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-लुअठही**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**उदय मल्ल-सचिव**
**ग्राम पंचायत-लुअठही**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

# नए कानूनों के विरोध में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे

**राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा**

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हमीरपुर के बैनर तले सभी अधिवक्ता गण आज न्यायिक कार्य से विरत रहे। जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गो से जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। और महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। नए कानूनों को लागू किये जाने के विरोध में कहा गया कि जो कानून 01.07.2024 से भारत सरकार द्वारा लागू किये जा रहे हैं, यह जन विरोधी व अत्यन्त कठिन एवं जटिल हैं, जिसमें आम जनता को न्याय सुलभ नहीं हो सकेगा, जो कानून प्राविधानों के विपरीत भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम गलत व विधि विरुद्ध हैं तथा संविधान के तहत प्राप्त जनता के मौलिक अधिकारों का हनन होगा तथा जनता को न्याय मिलने में भारी दिक्कत होगी। ऐसे काले कानून का हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसियेशन हमीरपुर के समस्त अधिवक्तागण विरोध प्रकट करते हैं। तत्काल प्रभाव से काले कानून निरस्त किये जाएं, जिससे आम जनता को राहत मिल सके। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसियेशन हमीरपुर के समस्त अधिवक्तागण आज विरोध स्वरूप न्यायिक कार्य से विरत रहेगें। ज्ञापन में प्रार्थना की गई है कि उपरोक्त जन विरोधी कानून को लागू न किया जाये। हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान दास दीक्षित, महामंत्री शैलेन्द्र सचान व अन्य पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी हमीरपुर राहुल पांडेय को ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया गया है कि हमारा विरोध महामहिम राष्ट्रपति को अपने स्तर से पहुंचाने का कष्ट करें।

## असेस्मेंट की नकल निर्गत न करने की शिकायत लेकर डीएम से मिला व्यापार मंडल

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे की नगर पंचायत द्वारा असेस्मेंट रजिस्टर की नकल न बनाए जाने की शिकायत नगर उद्योग व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी से करते हुए अधिशासी अधिकारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी राहुल पांडेय को दिये शिकायती पत्र में नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, अनुज गुप्ता, आशीष कुमार, मृत्युंजय गुप्ता, श्यामलाल गुप्ता, विजय चौरसिया, रामजी मिश्रा, दिनेश सोनकर, चित्रांशु खरे, उपेन्द्र शिवहरे आदि ने कहा है कि अधिशासी अधिकारी की मनमानी के चलते कस्बा वासियों को अपने गृह कर से संबंधित एसेस्मेंट रजिस्टर की नकल नहीं दी जा रही है जिससे कस्बा वासियों को जमानत सहित अन्य आवश्यक कार्यों में परेशानी हो रही है। इस बावत अधिशासी अधिकारी कुलकमल सिंह ने बताया है कि सिर्फ लोन आदि मामलों के लिये असेस्मेंट की नकल बनायी जा रही है।

# 1598 यात्रियों से 8 लाख 38 हजार 960 रुपए वसूला जुर्माना

**अवधनामा संवाददाता**



**चोपन/ सोनभद्र।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 18.06.24 को धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, चन्द्रपुरा, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान दिन-रात चलाया गया । इस जांच अभियान में कुल 1598 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 08 लाख 38 हज़ार 960 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 160 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी । इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह जानकारी अमरेश कुमार वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी द्वारा दी गई।

# गरीबी के चलते कबाड़ बीन रहे गरीबों के बच्चे

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** देश का भविष्य कहे जाने वाले बुंदेली धरा के नौनिहाल जो गरीबी के साए में जी रहे हैं, वे माता पिता के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए कम उम्र में ही सही चार पैसा कमाने के लिए व्यापारिक प्रतिष्ठानों में नौकरी करने लगते हैं तो कुछ बच्चे कबाड़ एकत्र कर बेचने लगते हैं और अपनी शिक्षा, कपड़ा आदि का इंतजाम कर लेते हैं, इंसाफ की डगर पर बच्चो दिखाओ चलके यह देश है तुम्हारा नेता तुम्ही हो कल के यह गीत सुनकर तो बहुत अच्छा लगता है कि किंतु बुन्देलखण्ड में यह सब हकीकत से कोसों दूर है, क्यों कि गरीबी के चलते बच्चे न अच्छी शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं न ही अच्छा जीवन जी पा रहे हैं, बच्चे माता पिता की मजबूरियो को देखकर कुछ कह भी नही पाते और उनका हाथ बटाने के लिए जो उनसे बनता है वही करना शुरू कर देते हैं, कस्बा सुमेरपुर में यही स्थिति दिखाई देती है, छोटे छोटे बच्चे सुबह शाम झोला लेकर निकल जाते हैं और जहां गंदगी रहती है लोग घरों का कूड़ा करकट फेंकते हैं वहा जा जा कर कबाड़ में बिकने वाली वस्तुओं को एकत्र कर चार पैसे हासिल कर लेते हैं, कुछ नाबालिग बच्चे दुकानों में नौकरी करने लगते हैं, तो कुछ पान मसाला बेचने लगते हैं, कबाड़ ढूंढने वाले गरीब परिवारों के बच्चो से पूछा जाता है कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं तो कोई कहता है कि माता पिता भोजन की व्यवस्था कर देते हैं।

# अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका नीलम चौधरी ने की केन आरती

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि प्रत्येक मंगलवार की भांति इस बार भी केन जल महा आरती कार्यक्रम विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के तत्वाधान में बड़े ही हर्षोल्लास एवं भाव के साथ संपन्न किया गया। मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने आगे अवगत कराया कि इस बार की केन जल महा आरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बांदा नगरपालिका की नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी (ई0ओ0) नीलम चौधरी उपस्थित रहीं। अधिशाषी अधिकारी ने इस दौरान बताया कि आज पहली बार केन जल आरती में शामिल होने का सौभाग्य मिला है और यहां का नजारा देखकर और आरती कार्यक्रम देखकर बहुत प्रसन्नता हुई। उन्होंने घाट की साफ - सफाई को लेकर कहा कि यहां पर साफ - सफाई पाई गई है लेकिन इसमें और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के द्वारा हमे जानकारी दी गई है जिसके अंतर्गत यहां की साफ-सफाई के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा यहां के सुंदरीकरण के लिए भी प्रस्ताव किया गया है जिसके अंतर्गत नगरपालिका यहां पर अच्छे से अच्छा कार्य करेगी। मौके पर मौजूद समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने बताया कि आज केन जल महा आरती कार्यक्रम में नगरपालिका की नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी नीलम चौधरी जी को आमंत्रित किया गया था जिसपर उन्होंने यहां आकर आरती कार्यक्रम में सहभागिता दिखाई तथा केन घाट के कायाकल्प के लिए नगरपालिका द्वारा बेहतर कार्य का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में इस दौरान सभासद कृष्ण चंद्र प्रजापति सभासद मूलचंद जिला अध्यक्ष खाटू श्याम सेवा मंडल मोंटू गुप्ता खाटू श्याम सेवा मंडल की महिला जिला अध्यक्ष जिला विमल यादव संतोष यादव वीरू वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार प्रजापति नगर उपाध्यक्ष रामकरण पाल सहित तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल महिला अध्यक्ष विमला यादव संतोष यादव।

# चक्रवाती आंधी से उखड़े सैकड़ों पेड़ हाईवे हुआ बाधित

**विद्युत पोल टूटने से मुख्यालय सहित पौथिया व चन्दौखी सबस्टेशन ठप**

**अवधनामा संवाददाता**



**भरुआ सुमेरपुर।** दोपहर बाद अचानक मौसम ने पलटी मारी और चक्रवात आंधी के चलते सैकड़ो पेड़ टूट कर गिर गए। हाईवे पर भी पेड़ों के गिरने से लंबा जाम लग गया है और आवागमन बाधित है। इसके साथ ही विद्युत पोल टूट जाने से मुख्यालय सहित अन्य सब स्टेशनों की सप्लाई बाधित है। जिससे आधा सैकड़ा से अधिक गांव की आपूर्ति बाधित हो गई है। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई है। वही चक्रवाती आंधी से भारी नुकसान होने की संभावना है। बुधवार को शाम को करीब चार बजे अचानक मौसम ने पलटी मारी और तेज धूप की जगह बादलों के साथ तेज आंधी आने से कुछेछा से लेकर कस्बे तक चक्रवाती तेज आंधी चलने से सैकड़ो पेड़ उखड़ गए। जिससे हाईवे सहित अन्य मार्ग बाधित हो गए। इसके साथ ही कई फीडरों के विद्युत पोल व तार टूट जाने से मुख्यालय सहित पौथिया, चन्दौखी,पंप केनाल सहित अन्य फीडरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। इसके साथ ही कस्बे में कई लोगों के टीन टप्पर उड़ गए। वहीं सभी फीडरों की आपूर्ति ठप हो गई हैं। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि कस्बे के सभी फीडर चालू करने के लिए पेट्रोलिंग की जा रही है। एसडीओ एसपी मिश्रा ने बताया कि आंधी से 132 केवी पावर हाउस से मुख्यालय सहित पौथिया,चन्दौखी सहित अन्य सब स्टेशनों की आपूर्ति ठप हो गई है। जिससे आधा सैकड़ा से ज्यादा गांव प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि करीब 10 खंबे टूटने की सूचना मिल रही है। उन्होंने बताया कि विद्युत कर्मियों को लाइनों को दुरुस्त करने के लिए भेजा जा रहा है।

## एक दर्जन से अधिक लोगों पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर।** सघन चेकिंग अभियान के तहत एक पखवाड़े में विद्युत विभाग ने एक दर्जन से अधिक लोगों को विद्युत चोरी करते रंगे हाथों पकडे जाने पर मुकदमा दर्ज कराया है।

अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि सघन चेकिंग अभियान में विजयपाल, बाबूराम, कामिनी सिंह, रामदुलारी, देवनारायण मिश्रा, रघुवर दयाल, अतुल कुमार, कल्लू तिवारी, कुबेर प्रसाद, राम गणेश शर्मा, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, रामबाबू गुप्ता सहित एक दर्जन से अधिक लोगों पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान 20 लाख रुपये के विद्युत बिल की वसूली की गई है। विद्युत विभाग के इस अभियान से बिजली चोरी करने वालों में हडकंप मचा हुआ है।

# मरौली में अवैध खनन का खेल शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**मरौली पांच के संचालक खोद रहै है चार नं. खदान**

**बाँदा।** अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन को लेकर सुर्खियों मे रहने वाली मरौली पांच नं. खदान के संचालको को किसी का भी भय नही है तभी तो अपनी सीमा मे खुदायी करते करते पडोसी खंड चार मे भी खुदायी करना प्रारम्भ कर दिया है वो भी थोडा बहुत नही चालीस मीटर अंदर घुस कर अवैध खनन प्रारम्भ कर दिया है , जबकि मरौली की चार नं. खदान इस छमाही चली ही नही है। डंप के लिये वैध अवैध सब जारी है - इन दिनो पूरे जनपद के खंड संचालक अपने अपने डंपो को भरने मे लगे है इसके लिये अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन के साथ साथ दिन रात खनन और परिवहन किया जा रहा है , इसी क्रम मे मरौली पांच के संचालको द्वारा मरौली खंड चार जो अभी बंद चल रही थी उसमे चालीस मीटर तक अंदर घुस कर अवैध रूप से बिनि अनुमति के खनन किया जा रहा है , भविष्य मे जब खंड चार की जांच होगी तो उसके हिस्से मे अवैध खनन का जर्माना सामने आयेगा , जबकि उस मौरंग से पैसा मरौली पांच के संचालक कमायेगे। दबंग छवि है मरौली पांच के संचालको की- मरौली पांच के संचालको मे शामिल बरियारी खदान संचालक की छवि के बारे मे स्थानीय मीडिया और ग्रामीणो मे आमराय यही है कि इसके संचालक दबंग और नेतानगरी से जुडे हुये लोग है जिनकी पहुंच सत्ता के गलियारो से होकर बडे नौकरशाहों तक है इसीलिये स्थानीय खनिज विभाग इन पर कार्यवाही करने से घबराता है जबकि इसके संचालकों पर पत्रकारों से मारपीट , ग्रामीणो से मारपीट के साथ साथ खदान मे हुयी मौतों मे भी आरोपित है, इसके दबंग संचालकों की बात करें तो उनके प्रभाव से ही मरौली चार की बंद खदान के क्षेत्र से मौरंग खनन की जानकारी खनिज अधिकारी को भी है परंतु वो भी कार्यवाही करने मे डर रहे है।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर डीएम को सौंपा पत्र



**अवधनामा ब्यूरो**

**विकास कार्यों के गांव है वंचित उठाई आवाज किया प्रदर्शन**

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए डीएम को मूलभूत सुविधा गांव में न होने को लेकर सौपा पत्र ।

वही ग्रामीणों ने बताया कि प्रार्थी के गांव रजधन दलित बस्ती में सरकार के मंशा अनुरूप विकास कार्य से ग्राम प्रधान द्वारा समुचित विकास की सुविधा उपलब्ध न होने पर ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अमरनाथ पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद ग्राम पंचायत सदस्य व अन्य समस्त सदस्यगण व ग्रामवासी निवासीगण रजधन, पोस्ट-अदलगंज, विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज, के ग्रामीणों ने बताया कि प्रार्थी मौजा रजधन, पोस्ट-अदलगंज, में दलित बस्ती का ग्राम पंचायत सदस्य है, हम प्रार्थी के अलांवा अन्य सदस्यगण व ग्रामवासी सरकार के समस्त सुख-सुविधाओं से वंचित है। ग्राम प्रधान आजाद कुशवाहा से पुछने पर कि कोई भी कार्य आप लोगों के बस्ती में नहीं किया जायेगा। सत्र 2021-25 तक कार्यकाल में न तो कोई आवास, शौचालय, रोड, स्ट्रीट लाईट व नदी, नाली जिसमें गांव के लोगों के घर में बरसात का पानी घुस जाता है। जिससे तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है व नया राशन कार्ड नहीं बनवाए हैं और न ही बी0पी0एल0 सूची में किसी भी व्यक्ति का नाम बढ़ाया गया है। जिससे गरीब लोग काफी परेशान है। ऐसी दशा में उक्त योजनाओं का लाभ समस्त ग्रामवासी को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। वही ग्रामीणों ने बताया कि प्रार्थना पत्र में वर्णित समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए सरकार के समस्त योजनाओं का लाभ समस्त ग्रामवासी लोगों को उपलब्ध कराने की कृपा करें। अमरनाथ, किशोर कुमर अनिता देवी , मंजू देवी, जिलाजित, पवन, दिनेश, महेंद्र, हिरामन, अनिल, राजकुमार, राकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शहर कांग्रेस कमेटी ने जननायक राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** बुधवार को शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र की शहर अध्यक्ष राजीव के पाठ की अगुवाई में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रायबरेली के सांसद जननायक राहुल गांधी का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया बुधवार को शहर की वार्ड नंबर 10 में स्थित अंबेडकर पार्क के पास के दलित बस्ती के लोगों में फल वितरण करके राहुल गांधी जी का जन्म दिन मनाया गया उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी जी ने संविधान की रक्षा के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली लोगों के बीच नफरत को मिटाने के लिए और लोगों में मोहब्बत पैदा करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हाल ही में संपन्न लोकसभा के चुनाव में राहुल गांधी जी ने एक हाथ में संविधान लेकर उसके रक्षा की शपथ ली और लोगों को आश्वस्त किया के हम गरीब आदिवासियों दलितों अल्पसंख्यको ससामान्य गरीब परिवारो को संविधान के तहत मिलने वाले अधिकारों की रक्षा करेंगे और इसी संदेश को देश भर में चुनाव प्रचार में बातों को रखा और जनता ने भी उसका सुखद परिणाम दिया आज जननायक राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर हम सब उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हैं और उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि आपके अधिकारों की लड़ाई राहुल गांधी जी संवैधानिक ढंग से न्याय की लड़ाई लड़ते रहेंगे और आपके संविधान की रक्षा करेंगे शहर उपाध्यक्ष इंजीनियर शिव प्रसाद यादव ने कहा कि राहुल गांधी जी की देश के प्रति संविधान के प्रति जो भावना है वह गरीबों के हित और उनके अधिकारों की लड़ाई के लिए है जिसके लिए राहुल जी का संघर्ष जारी है । शहर उपाध्यक्ष विशिष्ट कुमार चौबे ने कहा कि राहुल गांधी जी का जन्म ही भारतवर्ष में गरीब आदिवासियों की सेवा के लिए हुआ है जो उनके कर्तव्यों से दिखाई भी पड़ रहा हैं।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी उपाध्यक्ष इंजीनियर्स व शादी यादव विशिष्ट कुमार चौबे प्रदीप कुमार चौबे, महासचिव प्रांजल श्रीवास्तव अजीत बियार ,राजेश यादव, नरेश भारती कन्हैया पासवान मिठाई भारती सतीश कुमार मुन्नी देवी राधिका गुड़िया देवी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की योजना बनाते दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**चोपन/सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल मार्ग दर्शन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा बुधवार दिनांक 19.06.2024 को मुखबीर की सूचना पर समय रात्रि 01.15 बजे वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग पर ग्राम पटवध में स्थित आजाद ढाबा के पास सूनसान स्थान पर चोरी की योजना बनाते समय अभियुक्त गण 1. अभिषेक उर्फ शनी सिंह पुत्र प्रमोद सिंह निवासी बहेरा थाना करमा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 25 वर्ष 2. दिनेश सिंह पुत्र जयराम सिंह निवासी जोरवट थाना करमा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष को एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा चोरी के उपकरण एक अदद पेचकश, एक अदद पिलास, एक अदद कटर, एक अदद चाभी का गुच्छा व एक अदद टार्च के साथ गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त गण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 121/2024 धारा 401 भादवि व 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत कर, विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त गण को माननीय न्यायालय भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने बताया कि उपरोक्त दोनों अभियुक्तों पर पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में विजय कुमार चौरसिया प्रभारी निरीक्षक, उ0नि0 सेवानन्द कुशवाहा ,उ0नि0 राकेश प्रसाद ,का0 सुभाष चन्द्र भारती थाना चोपन जनपद सोनभद्र का0 राहुल यादव थाना चोपन , का0 सुनील यादव थाना चोपन सामिल रहे।

## दरोगा ने धोखाधड़ी करके ट्रक ले जाने पर एक व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**राठ(हमीरपुर)/ अवधनामा संवाददाता।** मुस्करा थाने में तैनात दरोगा संजय यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 2023 में राठ कोतवाली में तैनात था। 2023 को चौकी प्रभारी मंडी समिति उप निरीक्षक के पद पर नियुक्त था। 28 नवंबर 23 को समी अहमद कन्नौज अपने साथी के साथ कोतवाली में आए और कहां की एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज का फाइनेंसर हूं। एक ट्रक वाहन स्वामी मुस्तकीम खान ने किस्त अदा नहीं की और ट्रक जब्त करने के लिए भेजा गया है। संजय यादव ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक के मौखिक आदेश अनुसार अपने हमराही अनुज कुमार के साथ सनी अहमद साथ में एक व्यक्ति के साथ मौके पर पहुंचा। समी अहमद ट्रक को जब्त करके अपने साथ ले गया। बताया कि उक्त वाहन स्वामी मुस्तकीम खान द्वारा बताया गया कि ट्रक का लोन भर दिया है। उसका ट्रक एचडीबी फाइनेंशियल सर्विस में जमा नहीं है और शमी अहमद नाम का कोई भी व्यक्ति सीजर के पद पर नहीं है। उपनिरीक्षक ने धोखाधड़ी से ट्रक ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## किशोरी ने लगाया छेड़खानी व कर धर्मपरिवर्तन कराने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** पुत्री के साथ छेड़खानी कर धर्मपरिवर्तन कर घर से भगाने की कोशिश व मारपीट करने का पिता ने एक युवक पर आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को विद्यालय जाते समय मुगलपुरा का युवक रिहान परेशान करता था। जिस पर उसने 14 जनवरी को छेड़छाड़ आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि 18 जून को रिहान कुछ अपरिचित लोगों के साथ घर में घुस गया और पुत्री का धर्मपरिवर्तन कराने व भागने का दबवा बनाने लगा। जब उसकी पत्नी ने उन लोगों को भगाया तो युवक पुत्री के साथ धर्म परिवर्तन कर ले जाने की धमकी दी। बुधवार को दोपहर युवक 5 लोगों के साथ घर आया और स्वजनों पर धारदार हथियार से हमला किया। घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के लोग पीड़ित के साथ कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## महिला ने युवक के विरुद्ध छप्पर में आग लगा देने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**राठ(हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी शिवकली पत्नी महिपाल ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे उसकी जेठानी रामफल पत्नी मदन पशुबाड़े में जानवरों को चारा पानी देने गई थी। तभी प्रमोद उर्फ कल्लू निवासी बड़ी जुलहेटी आया और पेट्रोल डालकर पशुबाड़े के छप्पर में आग लगा दी। जिससे पशुबाड़े में बंधी चार गाय, एक बकरा, एक बकरी, एक बछिया की जल कर मौत हो गई। साथ छप्पर में रखा भूसा जलकर राख हो गया था। बताया कि जब उसने छप्पर में देखा तो उसकी जेठानी भी गंभीर रूप से झुलस गई थी। मोहल्लेवासियों ने किसी तरह जेठानी को बाहर निकाला और पानी डाल आग पर काबू पाया। तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था। बताया कि उसकी जेठानी का इलाज चल रहा है। बताया कि प्रमोद गाली गलौज करते हुए भाग गया। महिला ने प्रमोद के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मृतक के भाई ने ई रिक्शा चालक के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**राठ(हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** मप्र छतरपुर के थाना लवकुश नगर अंर्तगत रनमउ निवासी चंद्र किशोर कुशवाहा ने बताया कि 27 मई की रात साढ़े आठ बजे उसका भाई धर्मदास के साथ चचेरा भाई कालीचरन पुत्र मथुरा प्रसाद बाइक से राठ के बड़ा गांव जा रहे थे। जैसे ही चरखारी रोड जगतराज स्कूल के पास पहुंचे तो राठ की ओर से आ रहे ई रिक्शा चालक पुष्पेन्द्र पुत्र बाबूसिंह निवासी पड़रा लापरवाही से रिक्शा चलाते हुए भाई की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक से गिरकर भाई व चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गए थे। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। उरई से झांसी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसके भाई धर्मदास की मौत हो गई। जबकि चचेरा भाई का झांसी में इलाज चल रहा है। मृतक के भाई ने ई रिक्शा चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में देखे गए एक सैकड़ा मरीज



**भरुआ सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र में हो रही उमस से बढ़ते मरीजों के निःशुल्क उपचार के लिए सागर पॉलीक्लिनिक द्वारा बांकी गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाया गया। जिसमें करीब एक सैकड़ा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। कैंप में डा. सुनीता सागर ने महिला रोगियों को वातावरण में बढ़ रही गर्मी को देखते हुए हल्के सूती कपड़े पहनने व तली तथा बाहरी खान-पान से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिला मरीजों को अधिक पानी तथा तरल पदार्थ पीने की आवश्यकता है। डा. जितेंद्र कुमार ने कहा कि बढ़ती उमस से बढ़ रहे मरीजों में कमी लाने के लिए बचाव के तरीके अपनाने बेहद जरूरी हैं। शिविर में एक सैकड़ा रोगियों का पंजीकरण किया गया। जिनका निःशुल्क उपचार एवं दवाइयां देकर गर्मी से बचाव के तौर तरीके बताए गए। डा. गणेश सिंह विद्यार्थी ने कहा कि ऐसे हालातों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर से ग्रामीणों की सही मदद की जा सकती है।

## व्यापारियों ने 6 सूत्रीय सौंपा ज्ञापन

**बाँदा।** व्यापारी एवं उपजिलाधिकारी बबेरू ने बबेरू को सुंदर बनाने के लिए बैठक हुई। जिसमे राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला प्रभारी श्रीराम गुप्ता के नेतृत्व में 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। वही उपजिलाधिकारी ने 6 विंदुओ पर गहन चर्चा कर समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। पेयजल समस्या, जलनिकासी, नाली नाला की सफाई के लिए नगर पंचायत को आदेशित किया गया। वही नगर पंचायत सीमा के बाहर बबेरू ग्रामीण के नालियों की कई अरसे से साफ सफाई नही कराई गई है, नालिया बजबजा रही है, बरसात से पहले नाला नालियों की शीघ्र सफाई कराने की मांग रखी गई। इसके अलावा बबेरू चौराहा का सुंदरीकरण पर चर्चा की गई। बिजली के पोल हटाकर चौराहा का सुंदरी करण कराने का भरोसा दिया गया है। वही बस स्टाप, टैंपो स्टैंड को सभी मार्गो से आगे बढ़ाने की बात रखी गई है। वही उपजिलाधिकारी ने व्यापारियों को प्लास्टिक झोला का उपयोग न करने एवं स्वच्छता तथा बबेरू को सुंदर बनाने की शपथ दिलाई है। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी अरविंद कसौधन, प्रकाश गुप्ता, सुमित गुप्ता, भालेंद्र गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, सुधीर तिवारी, विकास,मुकेश,पवन, मुन्नी लाल समेत भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कूलर में उतरा करेंट महिला की मौत



**भरूआ सुमेरपुर।** घर की साफ सफाई करते समय कूलर से लगे करेंट की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक निवासी सम्पत 60 वर्ष पत्नी राधेचरण धुरिया अपने घर में साफ सफाई कर रही थी। इसी दौरान कूलर छू जाने से उसे करेंट लग गया और वह जमीन पर गिर पड़ी। जिस पर परिजनों ने उसे पीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला की मौत से उसके दोनों पुत्रों व पुत्री का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# पीएम मित्र टैक्सटाइल्स पार्क से उद्योग को मिलेगा बढ़ावा: सचान

अवधनामा ब्यूरो

- प्रदेश को टेक्सटाइल्स उद्योग का हब बनाने के लिए भविष्य में गोरखपुर और वाराणसी में भी पीएम मित्र पार्क किया जाएगा स्थापित
- उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग की बहुत संभावनाएँ, इससे प्रदेश में काफी संख्या में रोज़गार भी सृजित होगा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एमएसएमई, रेशम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रउद्योग मंत्री राकेश सचान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीएम मित्र योजनांतर्गत जनपद लखनऊ-हरदोई के मध्य टेक्सटाइल्स पार्क की स्थापना हेतु भूमि से संबंधित समस्त कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाए, जल्द ही इस पार्क का शिलान्यास होना है। पीएम मित्र टैक्सटाइल्स पार्क से प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग को बहुत अधिक बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की इच्छानुसार उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल्स उद्योग का हब बनाने की दिशा में तेज़ी से ज़रूरी कदम उठाए जाएँ। प्रदेश को टेक्सटाइल्स उद्योग का हब बनाने के लिए भविष्य में गोरखपुर और वाराणसी में भी पीएम मित्र पार्क को स्थापित किए जाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जाए। उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग की बहुत संभावनाएँ हैं। इससे प्रदेश में काफी संख्या में रोज़गार भी सृजित होगा। उत्तर प्रदेश के एमएसएमई, रेशम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रउद्योग मंत्री राकेश सचान ने यह निर्देश आज यहाँ खादी भवन सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रउद्योग विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा के अवसर पर दिया। उन्होंने इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभागीय योजनाओं के लिए आवंटित बजट के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि लक्ष्य निर्धारित कर विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का धरातल स्तर पर क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाए। योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें किसी प्रकार की अल्पावधि नहीं मिलनी चाहिए। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश के मंडलों /जनपदों में आयोजित होने विभागीय प्रदर्शनियों का आयोजन शहर के प्रमुख स्थलों पर कराने के साथ ही प्रदर्शनी के उद्घाटन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जनपद के जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाय। प्रदर्शनी का व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जाए जिससे दूर दराज से आए उद्यमियों के उत्पादों की अच्छी बिक्री हो सके। राकेश सचान में वस्त्र उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के तहत लोगो को प्रोत्साहित करते हुए लाभान्वित करायें। जो उद्यमी वस्त्र नीति 2022 के तहत अपना उत्पादन प्रारम्भ कर चुके हैं उनको विभागीय पोर्टल पर आवेदन कराकर अणुमन्य सुविधाओं का लाभ प्रदान कराया जाए। झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना तथा मुख्यमंत्री हैण्डलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना के तहत समस्त प्रस्तावों को यथाशीघ्र निदेशालय प्रेषित किया जाए तथा द्वितीय किस्त की धनराशि की भी माँग यथाशीघ्र कर ली जाए। उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि खड़ी के उत्पादों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से स्थापित होने वाली इकाइयों/ लाभार्थियों को बैंको से समन्वय स्थापित करते हुए ऋष्ण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि प्रदेश में अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। खादी के उत्पादों वृद्धि लाए जाने की दिशा में और अधिक प्रयास किए जाने की करियर है। उन्होंने इस संबंध में कंपनियों अधिकारियों से भी सुझाव लिया। राकेश सचान ने उ0प्र0 माटीकला बोर्ड की योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक जनपद में कम से कम एक में कॉमन फैसेलिटी सेण्टर की स्थापना अवश्य करायी जाये ताकि माटीकला के परम्परागत कारीगरों को अधिक से अधिक योजना का लाभ मिल सके।

# जियाउर्रहमान बर्क ने विधायक पद से दिया इस्तीफा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद अब यूपी में विधानसभा उप-चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आदेश होगा तो उप चुनाव लड़ने में कोई हर्ज नहीं है। वह आदेश का पालन करते हुए उप-चुनाव लड़ेंगे, मना नहीं करेंगे।

पूर्व सपा सांसद ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनसे रामपुर लोकसभा लड़ने के लिए कहा था। उस समय पूर्व मंत्री आजम खां के लिहाज के चलते रामपुर से लड़ने से मना कर दिया था, जब कि आजम खां ने ही उनके टिकट को कटवाया था। वह लोकसभा चुनाव समाप्त होने पर दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देने के लिए गए थे लेकिन



- कुंदरकी विधानसभा सीट से उप-चुनाव लड़ेंगे डॉ. एसटी हसन

उपचुनाव के मुद्दे पर अभी चर्चा नहीं हुई है। मुरादाबाद जिले में कुंदरकी विधानसभा खाली होने वाली है। क्योंकि यहां के विधायक जियाउर्रहमान संभल लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हो गए हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार में एक भी मंत्री मुस्लिम समाज से नहीं है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर हुए चुनाव के दौरान सपा ने पूर्व सांसद एसटी हसन का टिकट काटकर उसे रुचि वीरा को दे दिया था। इस सीट पर रुचि वीरा ने भाजपा के सर्वेश सिंह को हराया था। उधर, कुंदरकी विधायक जियाउर्रहमान बर्क को सपा ने संभल से चुनाव लड़वाया था। इसमें वह विजयी रहे थे। बर्क के सांसद चुने जाने के बाद कुंदरकी विधानसभा से उपचुनाव होगा। ऐसे में हसन ने कहा कि वह उप-चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। इसके लिए पार्टी की सहमति होनी चाहिए। संभल लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए जियाउर्रहमान बर्क ने कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है।

यह जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी शेयर की है। अब वह एक पद से मुक्त हो गए। मतगणना के बाद जारी हुई अधिसूचना के आधार पर 14 दिन के अंदर एक पद से इस्तीफा दिया जाना था।

## मजलिसे चेहलुम आज

**लखनऊ।** पत्रकार हमीदुल हसन के स्वर्गीय पिता अबुल हसन जैदी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम गुरुवार को होगी। गुरुवार रात 8 बजे हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े में तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को बनारस से आए मौलाना मोहम्मद अकील हुसैनी खिताब करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के मुफ्तीगंज के बेल वाला टीला स्थित इमामबाड़ा स्वर्गीय मजाहिर हसनैन में रात 8 बजे होगी। महिलाओं की मजलिस को जाकिरा डॉ. नसीम सुब्ही खिताब करेंगी।

## प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का आयोजन 20 जून को

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार जन सामान्य की समस्याओं की सुनवाई व निराकरण के लिए कल दिनांक-20.06.2024 को गोमती नगर के विपिन खण्ड स्थित प्राधिकरण भवन में प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का आयोजन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री, श्रीमती बेबी रानी मौर्य एवं महिला एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति में योजना भवन सभागार लखनऊ में प्रारम्भ किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओ एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यवहार में सुधार लाना एवं उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना ताकि गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान व बच्चे के प्रसव के पश्चात पर्याप्त स्वास्थ्य लाभ मिल सके। योजना अंतर्गत लाभार्थी को पहले जीवित बच्चे (बालक या बालिका) के जन्म पर रूपये 5000 दो किस्तों में (प्रथम किस्त रूपये 3000, द्वितीय किस्त रूपये 2000)



- योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र महिलाओं का पंजीकरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सहायता से पोर्टल पर किया जायेगा

तथा दूसरे जीवित बच्चे (केवल बालिका) के जन्म पर रूपये 6000 एक किस्त में प्रदान किया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र महिलाओं का पंजीकरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सहायता से पोर्टल पर किया जायेगा। आवेदन प्रक्रिया केवल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जायेगी। लाभ प्राप्त करने हेतु लाभार्थी का बैंक/डाकघर खाता आधार से जुड़ा होना अनिवार्य है। योजना के लाभार्थियों को लाभ की किस्त डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरित की जायेगी। आज आयोजित प्रशिक्षण में प्रदेश के समस्त जिला कार्यकम अधिकारी, यूनिसेफ तथा यू.पी.टी.एस.यू. के प्रतिनिधियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं एन.आई.सी. भारत सरकार से आये कटेंट राइटर/साइंटिफिक इंजीनियर द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम निपसिड के सहयोग से कराया गया तथा अभी 20, 24, 25 एवं 26 जून 2024 को प्रदेश के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों का प्रशिक्षण कराया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश, अपर निदेशक, वित्त एवं विभाग के समस्त उपनिदेशक आदि उपस्थित हुये।

## राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया गया

**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जननायक राहुल गांधी की का जन्म दिवस स्थानीय ट्रांसपोर्ट चौराहे पर हथ्थू ठेला वालो एवं मजदूरों के साथ मनाया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शिशिर वाजपेई ने कहा कि अपने महबूब नेता राहुल गांधी जी का जन्मदिन आज हम श्रमिकों मजदूर हाथों ठेले वालों के साथ सड़कों पर मना रहे हैं श्री वाजपेई ने कहा कि जहां एक तरफ कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा के अंतर्गत सभी जातियों सभी धर्म सभी मझाओं को एक धागे में पिरोने का काम किया वही देश में नफरत के माहौल को खत्म करने एवं मोहब्बत के पैगाम को फैलाने का श्रेय आदरणीय राहुल गांधी को जाता है प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चोक्ष विभू अवस्थी ने कहा कि संघर्ष का दूसरा नाम राहुल गांधी है और सीतापुर के हम सब कांग्रेस जन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके संघर्ष के साथी बनेंगे पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश निषाद ने कहा कि राहुल गांधी जी ने इस देश के संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने का जो बीड़ा उठाया है।

# प्रदेश में नवाचारों को दिया जा रहा है बढ़ावा: स्वतंत्र देव

- 8 प्रेशर सिंचाई प्रणाली से गोरखपुर, महराजगंज एवं सिद्धार्थनगर के किसानों की फसलों की होगी सिंचाई
- 8 सिंचाई विभाग में बाढ़ से संबंधित निर्माण कार्यों में भी नवाचार को दिया जा रहा है बढ़ावा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि लगातार नवीन तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद-सिद्धार्थनगर, महराजगंज एवं गोरखपुर में प्रेशर सिंचाई प्रणाली विकसित किया जा रहा है, यह नई सिंचाई पद्धति है। प्रदेश में प्रथम बार प्रेशर सिंचाई प्रणाली का कार्य कराया जा रहा है। स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रेशर सिंचाई प्रणाली में सेडिमेंटेशन टैंक, पम्प हाउस तथा पीसीसी पाइप एवं डीआई पाइप का उपयोग किया जा रहा है। प्रेशर सिंचाई प्रणाली में पाइप (800 मिमी तथा 200 मिमी ) लाइन जमीन से लगभग 1.5 मीटर नीचे विछाया जा रहा है, जिससे कृषकों की जमीन पर खेती पूर्व की भांति होती रहेगी। इस सिंचाई प्रणाली में लगभग प्रत्येक 200 मीटर पर आउटलेट का प्राविधान है। पाइप में पानी का बहाव दबाव के होने के कारण ग्रेविटी फ्लो तथा पाइप लगाकर कृषक अपने खेत की सिंचाई कर सकता है। यदि कृषक अपने खेत में स्प्रींकलर प्रणाली विकसित कर रखा है तो उसे सिर्फ़ आउटलेट से अपने स्प्रींकलर प्रणाली को जोड़ कर सिंचाई कर सकता है।

# सालगिरह मुबारक

**लोग जानेंगे तुझे मेरा हवाला देकर**
**कल तेरा होना मेरे होने की निशानी देगा**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मोहम्मद शोएब शोएब सिददीकी एडवोकेट संस्थापकः मोहम्मद- फ़ातिमा लीगल एसोसिएट्स,वक्ता-सोशल मीडिया के साहबज़ादे मोहम्मद अहमद की यौम-ए-पैदाईश 20 जून को है। बेटा हम दुआगो हैं के अल्लाह पाक़ आपको सेहत,खुशी और कामयाबियों से नवाज़े आपकी तमाम ख्वाहिशात पूरी हो और आप हमेशा कामयाबियों की बुलन्दियों को छूते रहें हमारी दुआएं और मोहब्बत हमेंशा आपके साथ है आपकी कामयाबियां हमारी फक्र का बाईस हैं हम आपकी ज़िन्दगी में खुशियां और कामयाबियां देखना चाहते हैं अल्लाह पाक़ आपको खुश रखे और हर मैदान में कामयाब करें आमीन सुम्मा आमीन। और इस मुबारक मौक़े पर वाल्दैन के अलावा



एहलेखाना,दोस्तों व दीगर शहर की नामवर शख्सियतों ने भी मोहम्मद अहमद को उनकी अच्छी तालीम व अच्छी सेहत के साथ साथ अपने वाल्दैन का नाम दुनिया में रौशन करने की दुआ की।

## हाजियों का पहला काफिला 22 जून को वतन पहुंचेगा

**लखनऊ।** मुकद्दस हज यात्रा कर हाजियों का पहला काफिला शनिवार 22 जून को वतन पहुंचेगा। शनिवार को शाम 4 बजे प्रदेश के 298 हाजियों को लेकर मदीना से उड़ान लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचेगी। हाजियों की वापसी का सिलसिला 22 जून से शुरू होकर 9 जुलाई तक जारी रहेगा। इस मौके पर हाजियों को लेने उनके परिजन एयरपोर्ट पहुंचेंगे और फूल-माला पहना कर उनका स्वागत करेंगे। प्रदेश के हाजियों की वापसी के पहले दिन एक उड़ान से ही हाजियों की वापसी होगी। वहीं अगले दिन रविवार को तीन उड़ानों से राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के हाजी वतन वापस लौटेंगे। प्रदेश से इस वर्ष 18,200 से अधिक यात्री मुकद्दस हज यात्रा के लिए सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना रवाना हुए थे। प्रदेश से मुकद्दस हज यात्रा के लिए 9 मई को पहली उड़ान मदीना के लिए रवाना हुई थी।

# पीओके भारत का अभिन्न अंग: शहाबुद्दीन रजवी

- अपनी नाकामियां छिपा रही पाकिस्तानी सरकार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आजकल रोजाना धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। बीते दिनों एक अंतरराष्ट्रीय शायर को आतंकवादी घोषित किए जाने के बाद इस्लामाबाद की हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। पाकिस्तानी सरकार को कोर्ट ने फौरी गिरफ्तारी का आर्डर दिया।

कोर्ट में पाकिस्तान के अटार्नी जनरल ने हलफनामा दाखिल किया, जिसमें कहा गया है कि पीओके विदेशी टेरिटरी है। हम उस व्यक्ति को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश नहीं कर सकते हैं। इस हलफनामे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज



शरीफ और विपक्षी नेता खामोश हैं। इससे स्पष्ट होता है कि पाकिस्तानी नेताओं ने खामोशी के साथ इस सच्चाई को मान लिया है कि पीओके भारत का हिस्सा है। अब पीओके की जनता इस बात की गुहार लगा रही है कि भारत का रास्ता खोल दिया जाए और अब हम भारत के साथ उसका अंग बनकर रहेंगे। मौलाना ने कहा कि पीओके में रोजाना हो रहे धरना प्रदर्शन के पीछे पाकिस्तानी फौज के जनरल असीम मुनीर और सांसद मौलाना फजलुर रहमान जैसे कट्टरपंथी विचारधारा वाले लोग भारत का हाथ बता रहे हैं।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने की कार्य की प्रगति समीक्षा

- रेलपथों पर संरक्षा, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर बल
- समयपालनबद्धता में सुधार पर बल
- रेलवे परिसंपत्तियों के अनुरक्षण पर बल

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ आज उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की । बैठक में रेलपथों पर संरक्षा, रेलगाड़ियों की सुरक्षित संचालन, समयपालनबद्धता और रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने पर बल दिया गया।

उन्होंने बताया कि संरक्षा उत्तर रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपटरियों के किनारे पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किए गए कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने मण्डलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए रेलपथों पर संरक्षा बढ़ाने हेतु अभियान तेज करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए और इसमें कोई त्रुटि नहीं छोड़नी चाहिए। बैठक के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों में आपातकालीन सहायता प्रोटोकॉल, कर्मचारी प्रशिक्षण पहल, अनुरक्षण शिड्यूल और नई संरक्षा प्रौद्योगिकियों का कार्यान्वयन शामिल थे। उन्होंने विभागों को कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और रिफ्रेशर पाठ्यक्रम आयोजित करने की सलाह दी ताकि उन्हें प्रेरित किया जा सके और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए प्रणाली के कामकाज के बारे में जानकारी दी जा सके। उन्होंने विभाग प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता बनाए रखते और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए माल लदान की गति बनाए रखने का भी निर्देश दिया। उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नागरिक के लिए स्मृतिका युद्ध स्मारक का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मध्य कमान युद्ध स्मारक, जिसे स्मृतिका कहा जाता है, 19 जून से नागरिक आगंतुकों के लिए खोला गया।

इस अवसर पर, 19 जून को, विशेष रूप से आयोजित एक पुष्पांजलि समारोह रखा गया। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ मध्य कमान के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा और कैप्टन मनोज कुमार पांडे, पीवीसी के भाई मनमोहन पांडे ने शहीद वीरों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय मध्य कमान, मेजर जनरल सलिल सेठ, जीओसी, एमयूपीएसए के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण नागरिक और सैन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस



कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। उनकी भागीदारी ने भावी पीढ़ियों को दी जा रही देशभक्ति और सेवा की निरंतर विरासत पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में सेना के वेटरन और बड़ी संख्या में लखनऊ छावनी के सेवारत सैन्यकर्मियों ने भी भाग लिया।

अब तक, स्मृतिका युद्ध स्मारक का उपयोग केवल औपचारिक कार्यक्रमों के दौरान पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए किया जाता था। अब, दैनिक आधार पर निर्धारित समय पर इसके खुलने से नागरिक आगंतुकों को राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सशस्त्र बलों के योगदान के बारे में जागरूक होने का अवसर मिलेगा। यह सभी के लिए स्मृति और प्रेरणा का प्रतीक भी बनेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे सैनिकों की वीरता को कभी नहीं भुलाया जाएगा।

## जन्मदिन: अविनाश पाण्डेय ने दी राहुल गांधी को शुभकामनाएं

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने श्री गांधी को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, खुशहाल और दीर्घायु जीवन की कामना की। श्री पाण्डेय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि जननायक राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में हमें सदैव प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला है। आपने हमेशा सही को सही और गलत को गलत कहने का साहस दिखाया। आपका धैर्य और संकल्प हमारे लिए एक मिसाल है। देश को प्रगति और विकास के पथ पर ले जाने के लिए आपकी प्रतिबद्धता और मेहनत सराहनीय है। वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने भी ट्वीट कर श्री गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है।

# हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने का लिया गया संकल्प

**बिना संकोच हिन्दी में कार्य करने की शुरूआत करें: राजिंदर कुमार, अपर महानिदेशक व विभागाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, नराकास**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, अलीगंज, लखनऊ में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), की वर्ष 2024 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक में हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने का सकल्प लिया गया। सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने हिंदी में कार्य करने के लिए एकजुटता दिखाई। बैठक में 44 सदस्य कार्योलयों के लगभग एक सौ पदाधिकारी ने हिस्सा लिया जिसमें बड़ी संख्या में विभागअध्यक्ष और कार्यालय प्रमुख और हिंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजिंदर कुमार, अपर महानिदेशक व विभागाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, नराकास (कार्यालय-2), लखनऊ ने हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने का आवाहन करते हुए कहा कि हिंदी बहुत ही सरल और लचीली भाषा है जिसमें काम करना बेहद आसान होता है, सिर्फ हमें संकोच छोड़कर हिंदी में कार्य करने की पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की हमें संकोच छोड़कर हिंदी में कार्य की शुरुआत करनी चाहिए।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, गाजियाबाद से अजय चौधरी, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग ने इस समीक्षा बैठक में बताया की बहुतसे कार्यालय हिंदी में कार्य तो करते हैं लेकिन रीपोर्ट में आंकड़े सही और उचित तरीके से नहीं भरते जिसके कारण उनका प्रदर्शन काफी नीचे रह जाता है, इसलिए हिंदी में कार्य करने के साथ साथ उसका सही प्रदर्शन भी आवश्यक है।

बैठक में ओम प्रकाश, निदेशक व राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, नराकास (कार्यालय-2), लखनऊ द्वारा सभी सदस्य कार्यालयों की राजभाषा से संबंधित छमाही प्रगति रिपोर्टो के आंकड़ों की समीक्षा को पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात हिंदी गृह पत्रिका प्रकाशित करने वाले कार्यालयों को प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया और राजभाषा के कार्यान्वयन में धारा 3(3), राजभाषा नियम-5 का पूर्णतः अनुपालन और हिंदी कार्यशालाओं तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों आदि के वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को पूर्ण करने वाले कार्यालयों को स्मृति चिन्ह (शील्ड) से पुरस्कृत किया गया। अजय चौधरी, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग ने अधिकारयों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर लोगों के जिज्ञासा को शांत किया । अध्यक्ष महोदय द्वारा इन कार्यालयों की सराहना की गई और जो कार्यालय लक्ष्य प्राप्ति से थोड़ा दूर हैं उन सभी कार्यालयों से वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्य के अनुरूप कार्यालय में राजभाषा हिंदी की उत्तरोत्तर वृद्धि और प्रयोग करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने हेतु आग्रह किया गया। उन्होंने नराकास (का. 2) के सदस्यों कार्यालयों की सामूहिक पत्रिका प्रकाशित करने का प्रस्ताव भी रखा जिसका सभी सदस्य कार्यालयों ने स्वागत किया। उन्होंने अवगत कराया कि केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा क्रियान्वयन के लिए नराकास (कार्यालय-2) अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। तत्पश्चात धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक का समापन हुआ।